राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

11 मेकर्स ने पुष्पा 3 के लिए बना लिया ...

दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...

प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं... 12

गाजियाबाद, बुधवार 29 जनवरी 2025 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 328, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

न्यूज डायरी

आईएसआईएस भर्ती मामले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, 16 स्थानों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी

चेन्नई (आरएनएस)। इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने कार्रवाई की है। तमिलनाडु में ढ्ढस्ढ्ढस् से जुड़े 16 ठिकानों पर

छापेमारी की गई। सीरकाजी और थिरुमुलैवासल में तलाशी ली जा रही थी।

यह जांच आईएसआईएस के उस मॉडल के खिलाफ हो रही है, जिसके जरिए युवाओं को कट्टरपंथ बनाया जा रहा है। केरल, तमिलनाडु के युवाओं को आईएसआईएस में भर्ती कराने की कोशिश हो रही है।

महाकुंभ जा रही ट्रेन में भारी भीड़, गुस्साए यात्रियों ने पत्थर मारकर तोड़े शीशे, स्टेशन पर गेट नहीं खुलने से थे नाराज

छतरपुर (आरएनएस)। प्रयागराज महाकुंभ के लिए जाने वाली ट्रेनों में इस समय काफी ज्यादा भीड़ देखी जा रही है। वहीं महाकुंभ जाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर भी लोगों की भीड़ है। इस बीच छतरपुर रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों ने हंगामा किया है। महाकुंभ के लिए जाने वाले यात्रियों ने ट्रेन पर पथराव किया और ट्रेन के शीशे तोड़ने की कोशिश की है। अंबेडकर नगर से चलने वाली ट्रेन के सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद होने से प्लेटफार्म पर खड़े यात्रियों में नाराजगी देखी गई, जिसके बाद उन्होंने पथराव किया। इस दौरान छतरपुर स्टेशन पर करीब एक घंटे तक ट्रेन

खड़ी रही। इसके बाद स्टाफ ने ट्रेन के गेट खुलवाए। बताया जा रहा है कि भारी भीड़ के कारण पहले से अंदर बैठे सवारियों ने ट्रेन के दरवाजे बंद कर दिए थे। पूरा मामला छतरपुर रेलवे स्टेशन पर देर रात करीब 2 बजे का है। ये ट्रेन महू से चलकर प्रयागराज होते हुए अम्बेडकर नगर तक जाती है। स्टेशन पर भारी भीड़ के कारण एसी कोच के यात्रियों ने अपने कोच के गेट अंदर से लॉक कर लिए थे। इससे आक्रोशित भीड़ ने गेट खुलवाने के लिए दरवाजों के कांच तोड़ दिए। वहीं भारी हंगामे को देखते हुए जीआरपी ने अंदर बैठे यात्रियों को काफी देर तक समझाया। इसके बाद किसी तरह से ट्रेन के दरवाजे खुलवाए। इस दौरान कुंभ जाने वालों में बहुत से यात्रियों के पास टिकट भी नहीं था। बता दें कि महाकुंभ में इस समय देशभर से श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। यहां महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 15 करोड़ के पार हो गया है।

दिल्ली चुनाव से ठीक पहले जेल से बाहर आया राम रहीम, अब 30 दिनों की मिली पैरोल

सिरसा (आरएनएस)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को दिल्ली चुनावों से पहले एक बार फिर पैरोल मिली है। राम रहीम को 30 दिन की पैरोल मिली है। जानकारी के मुताबिक गुरमीत सिंह पैरोल मिलने के बाद राम रहीम सिरसा के डेरा में पहुंचा है। राम रहीम मंगलवार को रोहतक की सुनारिया जेल से सात वाहनों के काफिले से निकला ओर सिरसा डेरे में 8.40 मिनिट पर पहुंचा। डेरे में आकर सीधा वह अपनी गुफा में चला गया। राम रहीम साध्वी यौन शोषण मामले से सजा मिलने के बाद पहली बार सिरसा डेरे में आया है। इससे पहले राम रहीम को पिछले साल अक्टूबर में पैरोल मिली थी।

अक्टूबर में पैरोल मिलने के बाद राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम गया था। इस दौरान उसको 20 दिन की सशर्त जमानत मिली थी। हरियाणा चुनाव आयोग को इमरजेंसी पैरोल के लिए अर्जी दी थी, जिसे मंजूर कर लिया गया था।

साल 2017 में सजा होने के बाद से अब तक राम रहीम सिरसा डेरे में नहीं जा सका है। सूत्रों के मुताबिक, लेकिन अब वह सिरसा स्थित डेरा मुख्यालय जाएगा। राम रहीम को साल 2017 से अब तक 12 बार पैरोल और फरलो मिल चुकी है, इसे लेकर कई बार राज्य सरकारों पर भी सवाल उठ चुके हैं। अब एक बार फिर से वह जेल से बाहर आ गया है।

पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है : पीएम मोदी

भुवनेश्वर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्कर्ष ओडिशा कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में आए लोगों को भारत की उपलब्धियों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा,मुझे बताया गया है कि यह ओडिशा के इतिहास में सबसे बड़ा निवेशक शिखर सम्मेलन है झ 5 से 6 गुना अधिक निवेशक इसमें भाग ले रहे हैं। मैं इसके लिए ओडिशा सरकार को बधाई देता हूं। मेरा मानना है कि पूर्वी भारत देश का विकास इंजन है और ओडिशा इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब भारत का वैश्विक विकास में बहुत बड़ा योगदान था, तो भारत के पूर्वी हिस्से दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार का मुख्य केंद्र हुआ करते थे। पीएम मोदी ने कहा,2025 की शुरूआत में जनवरी में ओडिशा की यह मेरी दूसरी यात्रा है। कुछ दिन पहले, मैं प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम का हिस्सा था, और आज

मैं यहां उत्कर्ष ओडिशा कॉन्क्लेव में हूं। मैं ओडिशा के लोगों को बधाई देता हूं।प्रधानमंत्री ने कहा,जब इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर थे, तो उन्होंने कहा कि ओडिशा उनके डीएनए में है।

भगवान आदिनाथ के निर्वाण महोत्सव पर बड़ा हादसा

बागपत (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तम्भ परिसर में बना लकड़ी से बना मचान ढह गया। इस हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 75 लोग घायल हो गए। यह हादसा बड़ौत शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधी रोड

मंच ढहने से अब तक 7 श्रद्धालुओं की मौत, 70 से अधिक घायल

पर मंगलवार सुबह हुआ। मानस्तम्भ परिसर में बल्ली से बना मचान अचानक ढह गया, इस दौरान कई लोग उसके नीचे दब गए। इतना ही नहीं, घटना के बाद मौके पर भगदड़ भी मच गई। वहीं, सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में करीब 6-7 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। घायलों की संख्या बढ़ सकती है, सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही डीएम अस्मिता लाल और एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना है। बागपत के एसपी

अर्पित विजयवर्गीय ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया,बड़ौत थाना क्षेत्र में एक धार्मिक कार्यक्रम चल रहा था। जैन समुदाय द्वारा मंदिर में लड्डू चढ़ाने का कार्यक्रम था। कुछ लोग बल्ली से बने मचान पर चढ़े हुए थे, तभी वह टूटकर गिर गया और 25 लोग घायल हुए थे, जिनमें से कुछ लोगों को सामान्य चोटें आई हैं। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत में हुए हादसे का संज्ञान लिया। सीएम योगी ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश हैं। साथ ही उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, चीन के साथ बातचीत में लगी मुहर, ले सकेंगे डायरेक्ट फ्लाइट

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और चीन कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर राजी हो गए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से यह जानकारी साझा की गई है। भारत और चीन में बढ़ते तनाव को देखते हुए कैलाश मानसरोवर यात्रा रोक दी गई थी।

साल 2020 के बाद से ही यात्रा के दोनों आधिकारिक रूट भारतीयों के लिए बंद हैं। हिंदुओं की मान्यता है कि कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का निवास स्थान है। इसलिए हर बड़े संख्या में लोग कैलाश मानसरोवर की यात्रा करते हैं। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी बीजिंग दौरे पर हैं। जहां, उन्होंने विदेश सचिव और उप विदेश मंत्री की बैठक में शामिल हुए। दो दिनों तक चलने वाली इस बैठक में अक्टूबर में कजान में अपनी बैठक में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सहमति के अनुसार, दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति की व्यापक समीक्षा की और संबंधों को स्थिर करने और पुनर्निर्माण के लिए कुछ जन-केंद्रित कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की। इस बैठक में ही दोनों पक्षों ने 2025 की गर्मियों में कैलाश

मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने का फैसला लिया।

100 जन्मों के बाद भी स्वर्ग नहीं जा पाएंगे, महाकुंभ पर बयान देकर घिरे मल्लिकार्जुन खडगे

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने महाकुंभ

को लेकर ऐसा बयान दे दिया कि जिसपर सियासी हंगामा मच गया है। उनके निशाने पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह थे, लेकिन भाजपा ने इसे आस्था पर हमला करार देते हुए कांग्रेस को सनातन विरोधी बता दिया। मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए विवाद खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के संगम में पवित्र स्नान करने के बाद भी अमित शाह 100 जन्मों के बाद भी स्वर्ग नहीं जा पाएंगे। इस टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी ने कांग्रेस कोहिंदू विरोधी करार दिया और पूछा कि क्या कांग्रेस अन्य धार्मिक भावनाओं का भी उसी तरह अपमान कर सकती है जैसे वह वर्षों से सनातन धर्म का अपमान करती आ रही है। अमित शाह सोमवार को चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने प्रयागराज पहुंचे। कई हिंदू संतों और साधुओं के साथ उन्होंने इस अवसर पर भगवान की पूजा-अर्चना की.।

कश्मीर में गैर स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में एनआईए सख्त, घाटी में कई स्थानों पर की रेड

20 अक्टूबर 2024 को दो आतंकवादी, एक विदेशी और एक स्थानीय, गांदरबल जिले के गगनगीर में एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के वर्कर कैंप में घुसे और अंधाधुंध फायरिंग की

श्रीनगर (आरएनएस)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार सुबह आतंकवादियों द्वारा गैर-स्थानीय लोगों की हत्या के मामले में मंगलवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए सूत्रों ने बताया कि ये छापे जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से मारे जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया,एनआईए के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संदीप चौधरी की निगरानी में श्रीनगर, बडगाम और सोपोर इलाकों में छह स्थानों पर छापेमारी हो रही है। एनआईए जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से संबंधित कई अपराधों की जांच कर रही है, जिसमें 9 जून 2024 को जम्मू संभाग के रियासी जिले में हिंदू तीर्थयात्रियों की हत्या और गांदरबल जिले के गगनगीर की हत्या शामिल है। आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों से भरी 53 सीटों वाली बस पर तब गोलीबारी की थी, जब बस शिवखोड़ी मंदिर से रियासी जिले के कटरा शहर जा रही थी। उस नृशंस हमले में नौ लोग मारे गए थे और 41 लोग

घायल हो गए थे। आतंकवादियों ने पहले बस के ड्राइवर पर गोली चलाई और फिर पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। 20 अक्टूबर 2024 को दो आतंकवादी, एक विदेशी और एक स्थानीय, गांदरबल जिले के गगनगीर में एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के वर्कर कैंप में घुसे और अंधाधुंध फायरिंग की। इस हमले में छह गैर-स्थानीय नागरिक कर्मचारी और एक स्थानीय डॉक्टर मारे गए। घाटी में गैर-स्थानीय राजमिस्त्री, बढ़ई, ईंट बनाने वाले, ड्राइवर और रेहड़ी-पटरी वाले जैसे अकुशल श्रमिक भी आतंकवादियों की गोलियों का शिकार हुए। पिछले 20 सालों में आतंकवादियों ने कई जगहों पर गैर-स्थानीय मजदूरों की हत्या की है। माना जाता है कि गैर-स्थानीय लोगों को मारना आतंकवादियों की एक रणनीति है, जिसका उद्देश्य स्थानीय आबादी को व्यापार, शिक्षा और व्यवसाय से दूर रखना है। इसका उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के बाहर उन जगहों पर स्थानीय लोगों के खिलाफ सांप्रदायिक प्रतिक्रिया भड़काने की कोशिश करना भी है, जहां ये लोग देश के अन्य राज्यों में रह रहे हैं और व्यापार कर रहे हैं और शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

खुलासा | शुभम लोनकर ने शूटर को बताया कि वह और उसका भाई बिश्नोई गिरोह के लिए काम करते हैं

बाबा सिद्दीकी की हत्या की वजह आई सामने, शूटर ने किया सनसनीखेज खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता रहे बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने पुलिस को दिए अपने इकबालिया बयान में बताया है कि कुख्यात गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई ने 'दाऊद इब्राहिम से संबंध और 1993 के मुंबई धमाकों में संलिप्तताइ के चलते सिद्दीकी की हत्या का आदेश दिया था। मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने पुलिस को बताया कि उसे बाबा सिद्दीकी या उनके बेटे जीशान सिद्दीकी को मारने के लिए कहा गया था और इसके लिए उसे 15 लाख रुपये देने का वादा किया गया था।

गौतम ने बताया कि उसे बताया गया था कि सिद्दीकी के दाऊद इब्राहिम से संबंध हैं और 1993 के मुंबई धमाकों में उनकी संलिप्तता है, जिसके कारण उनकी हत्या की जानी चाहिए।

पुलिस की जांच और गिरफ्तारियां

मुंबई पुलिस ने सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोपपत्र दायर कर दिया है, जिसमें अनमोल बिश्नोई के नेतृत्व वाले अपराध सिंडिकेट को हत्या का जिम्मेदार ठहराया गया है। पुलिस ने इस मामले में 25 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें शूटर, साजिशकर्ता और अन्य शामिल हैं। आरोपपत्र में कहा गया है कि अनमोल बिश्नोई ने अपने सहयोगी अनुज

थापन की मौत का बदला लेने के लिए इस हत्या की योजना बनाई थी।

हत्याकांड का घटनाक्रम

12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में बाबा सिद्दीकी (66) की उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। शूटर शिवकुमार गौतम पुणे में कबाड़ इक्का करता था। कबाड़ की दुकान चलाने वाले हरीश कुमार कश्यप ने उसके रहने की व्यवस्था की थी, जहाँ उसकी जान-पहचान प्रवीण लोनकर और उसके भाई शुभम लोनकर से हुई। शुभम लोनकर ने शूटर को बताया कि वह और उसका भाई बिश्नोई गिरोह के लिए काम करते हैं। जून 2024 में शुभम ने उसे और धर्मराज कश्यप को बताया कि अगर वे उसके कहने पर काम करेंगे तो उन्हें 10 से 15 लाख रुपये दिए जाएंगे।

दिल्ली के रण में उतरे राहुल गांधी, केजरीवाल पर जमकर साधा निशाना, बोले- वह शीश महल में रहते हैं

नई दिल्ली। कांग्रेस दिल्ली चुनाव में अपनी ताकत लगा रही है। आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी पार्टी के लिए प्रचार किया। वेस्ट विनोद नगर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता राहुल गांधी ने कहा कि केजरीवाल के मन में जो आए वो बोल देते हैं, जब वो आए थे तो उनके पास एक छोटी सी कार थी और उन्होंने कहा था कि वो नई तरह की राजनीति करेंगे।

उन्होंने कहा था कि वो दिल्ली को बदल देंगे लेकिन जब गरीबों को जरूरत थी तो वो वहां नहीं थे, जब दंगे हुए तो वो वहां नहीं थे। राहुल ने दावा किया कि केजरीवाल ने कहा था कि वो साफ-सुथरी राजनीति करेंगे, लेकिन दिल्ली में शराब का सबसे बड़ा घोटाला हुआ और आपने उनके घर की फोटो देखी होगी। केजरीवाल एक महल 'शीश महल' में रहते हैं। तो ये है सच्चाई। भाजपा पर वार करते हुए राहुल ने कहा कि देश

में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ इखढ-फ्रर के लोग हैं, जो देश में नफरत और हिंसा फैलाते है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और हमारी विचारधारा है। हम लोग 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' खोलते हैं। हमें नफरत, डर और हिंसा वाला हिंदुस्तान नहीं चाहिए। हमें मोहब्बत की दुकान चाहिए। राहुल ने मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि वे महंगाई, बेरोजगारी, प्रदूषण, टूटी सड़कों के बारे में नहीं दिखाते। वे नरेंद्र मोदी का चेहरा और अंबानी जी की शादी दिखाते हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार संदीप दीक्षित के समर्थन में मंगलवार को प्रचार किया और कई स्थानीय मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने पहले वाल्मीकि मंदिर में दर्शन किया और फिर गोल मार्केट इलाके में लोगों से बातचीत की।

प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने श्रेष्ठ कार्य के लिए जगदीश प्रसाद को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। गणतंत्र दिवस के मौके पर देवजीमल आसाराम पालीवाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुनील कुमार पालीवाल एडवोकेट व प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह ने लिपिक जगदीश प्रसाद को बीएलओ के रूप में श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान बुलंदशहर की जिला मासिक बैठक प्रेम गार्डन में संपन्न हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रदेश महामंत्री अनिल देशभक्त ने सभी कस्बे के नगर अध्यक्षों से कहा कि अपने अपने कस्बा में संगठन का विस्तार करें, संगठन में मजबूती लाने के लिए व्यापारियों से स्वतः जुड़े तथा उनको भ्रष्ट्र अधिकारी यो एवं गुंडे बदमाश मवालियों से उत्पीड़न और शोषण से बचाए । अगर कहीं कोई परेशानी आए तो जिले के पदाधिकारी से संपर्क करें । उन्होंने आगे कहा लोकतंत्र में सिर गिने जाते हैं इसलिए पूरे जनपद

में संगठन का विशाल रूप बनाएं इस कार्य में जिले के सभी पदाधिकारी जुट जाएं । वैसे उत्तर प्रदेश में बाबा के राज में गुंडे बदमाशों पर सख्त कार्यवाही हो रही है, व्यापारियों के लिए सामान्य चल रहा है । सरकारी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगना चाहिए जिलाध्यक्ष रविंद्र गोयल ने कहा कि बेईमान और भ्रष्ट अधिकारियों को सबक सिखाने के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है दिन प्रतिदिन सरकारी विभागों में बेईमानी बढ़ती जा रही है निर्माण विभागों की स्थिति तो ये है कि ठेकेदार मानकों का आधा माल भी नहीं लगा रहे हैं । जो सड़के बनीं हैं दो महीने बाद ही टूटनी शुरू हो जाती हैं । सड़कों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए जिला कार्यसमिति की बैठक में बुलंदशहर के नगर अध्यक्ष सिकंदराबाद, गुलावटी सियाना, औरंगाबाद, जहांगीराबाद, डिबाई, अहमदगढ़, शिकारपुर, खानपुर, बुगरासी ,ककोड आदि नगर अध्यक्षों एवं जिले के पदाधिकारीयों ने भी अपने विचार व्यक्त किये । कार्य समिति की बैठक के बाद संगठन के जिला महामंत्री अनुज अग्रवाल के जन्म दिवस पर के काटकर एवं भोजन करके सब ने खूब मस्ती की कार्यक्रम में सिकंदराबाद के विधायक लक्ष्मी राज सिंह तथा भाजपा के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि उपस्थित रहे।

मनोरंजन प्रदर्शनी मेला का शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। रामलीला मैदान में नगर शिकारपुर विधायक अनिल



शर्मा व पालिका चेयरपर्सन राजबाला सैनी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर नुमाइश मेला/ मनोरंजन प्रदर्शनी मेला का शुभारंभ किया गया। फूल मालाएं पगड़ी पहनाकर ढोल नगाड़ो के साथ अतिथियों का आदर सत्कार किया गया। इस अवसर पर रत्न प्रकाश पाण्डे भट्टे वाले, कृष्ण कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार सिंघल, प्रभात शर्मा, वीरेंद्र कुमार गर्ग, पुरुषोत्तम वार्ष्णेय, शेलेन्द्र शर्मा, टीटू सैनी, विकास गर्ग, नीतीश कुमार, सतीश सैनी, राजेन्द्र लौधी, प्रशांत विश्वास, जबर सिंह, जगदीश आर्य आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

त्रिवेणी इंजीनियरिंग एवं इंडस्ट्रीज लिमिटेड सावितगढ़ चीनी मिल का बच्चों को कराया गया भ्रमण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। मंगलवार विकासखंड शिकारपुर

के पीएम श्री विद्यालय रिवाड़ा में अध्यनरत कुल नामांकित छात्र के सापेक्ष सर्वश्रेष्ठ 22 बच्चों को शैक्षिक भ्रमण करने के उद्देश्य से साबितगढ़ चीनी मिल ले जाया गया जहां सभी बच्चों ने चीनी मिल की तकनीकी जानकारी के बारे में जाना और समझा उक्त शैक्षिक भ्रमण राज्य परियोजना कार्यालय उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार कराया गया है शैक्षिक भ्रमण को खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता व विद्यालय के प्रधानाध्यापक भीम प्रकाश के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जेपी विश्वविद्यालय में डिजिटल लर्निंग सेंटर का हुआ भव्य उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अनूपशहर। नगर स्थित जेपी विश्वविद्यालय अनूपशहर में विश्वविद्यालय की कुलाधिपति मनोज गौड जी द्वारा लगभग 100 से ज्यादा विद्यार्थियों की क्षमता वाले डिजिटल लर्निंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय मनोज गौड़ ने कहा की डीएलसी के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल अत्याधुनिक तकनीक के द्वारा पढ़ने सीखने और समझने को मिलेगा अपितु पूरी शैक्षणिक प्रक्रिया वैश्विक हो जाएगी जिसके द्वारा जेपी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में नवीनतम अवधारणाओं को आत्मसात करने का विश्व स्तरीय अनुभव प्राप्त हो सकेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रोफेसर राजीव सक्सेना ने संस्थापक कुलाधिपति जयप्रकाश गौड़ व कुलाधिपति मनोज गौड़ जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा की डीएलसी विश्वविद्यालय के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा, इसके माध्यम से हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश-विदेश के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों जैसी ही शिक्षा ले सकेंगे और शिक्षक विद्यार्थियों के साथ इंटरएक्टिव रूप में संवाद कर सकेंगे उनके बीच सीखने और समझने के एक नए स्तर को विकसित कर सकेंगे आगामी वर्षों में जिसके द्वारा यहां से पास आउट छात्र-छात्राओं को विश्व स्तरीय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में चयनित होकर कार्य अनुभव का लाभ भी

पश्चिम का विज्ञान और भारत के ज्ञान का उदाहरण बनेगा जेपी विश्वविद्यालयः मनोज गौड़

प्रदान हो सकेगा। नोएडा से पधारी जे आई एल आईटी सेल की डायरेक्टर सुनीता जोशी ने बताया कि इस डीएलसी को तैयार करने में लगभग 3 महीने का समय लगा जिसमें सभी स्तर के एक्सपर्ट को लगाया गया। नोएडा के जेआईआईटी कंप्यूटर विभाग के डायरेक्टर ने प्रोफेसर विकास सक्सेना ने बताया कि निश्चित रूप से डिजिटल शिक्षा शिक्षक और विद्यार्थियों को एक नई दिशा प्रदान करेगी डिजिटल शिक्षा के माध्यम से शिक्षार्थी अपनी रुचि और आवश्यकता अनुसार अध्ययन करने के लिए स्वतंत्र होंगे इस स्व निर्देशित शिक्षा के द्वारा ऑडियो,वीडियो कॉन्फ्रेंस, विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल, मोबाइल एप्लीकेशन, ई बुक्स, ऑनलाइन ट्यूटोरियल, स्वप्रेक्षण, वेबीनार तथा अपने विश्वविद्यालय के शिक्षकों के द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन लेक्चर आदि का उपयोग करके छात्र-छात्राएं जटिल से जटिल अवधारणाओं को समझने में सहायक हो सकेंगे। जेपी विश्वविद्यालय के एसोसिएट डीन डॉक्टर निशांत श्रीवास्तव ने जेआईआईटी नोएडा के प्रोफेसर के साथ जुड़कर छात्र-छात्राओं को एक डेमो क्लास भी संचालित करके दिखाया। कार्यक्रम के अंत में रजिस्ट्रार संजय अग्रवाल द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संचालन डॉक्टर चेतना ने किया। इस अवसर पर जे आई एल के हेड मनोज कुमार सभी विश्वविद्यालय प्राध्यापकगण , आईटी सेल व स्टाफ के सभी बंधु व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की 159वीं जयंती मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अनूपशहर। वाणिज्य विभाग और भारत स्काउट गाइड प्राचार्य प्रोफेसर जी के सिंह के निर्देशन में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें शपुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो० भुवनेश कुमार ने कहाकि लाला लाजपत राय की 159वीं जयंती के अवसर पर, हम भारत के सबसे सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ और लेखक में से एक के जीवन और योगदान को याद करते हैं। रोवर रेंजर अधिकारी प्रो० तरुण श्रीवास्तव ने कहा कि लाला लाजपत राय की 159वीं जयंती के अवसर पर, हम भारत के सबसे सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ और लेखक में से एक के जीवन और योगदान को याद करते हैं। प्रो विशाल शर्मा ने कहा कि लाला लाजपत राय ने हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी और उर्दू भाषाओं में कई महत्वपूर्ण समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में सक्रिय रूप से योगदान दिया। प्रो राजीव गोयल ने कहाकि लाला लाजपत राय ने हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी और उर्दू भाषाओं में कई महत्वपूर्ण समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में सक्रिय रूप से योगदान दिया।

इस अवसर पर प्रोभुबनेश कुमार, प्रोतरुण श्रीवास्तव, प्रो राजीब गोयल, प्रो विशाल शर्मा, सोनू कुमार, अजयवीर, जितेंद्र कुमार व समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

रजिस्टार कार्यालय में अज्ञात चोरों ने चोरी का किया प्रयास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर में चोर मस्त पुलिस पस्त नगर में एक और चोरी का मामला सामने आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात्रि में को शिकारपुर कस्बा के

कस्बा पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर स्थानीय लोगों ने सवालिया निशान लगाए हैं

सब रजिस्ट्रार कार्यालय में अज्ञात चोरों ने रात्रि में खिड़की की सरिया तोड़कर चोरी का किया प्रयास। लेकिन चोर अपने मंसूमो में कामयाब नहीं हो पाए।शिकारपुर उप निबंधक आशीष अभिजीत ने बताया है कि प्रतिदिन की तरह अपना

रजिस्ट्री कार्यालय बंद करके सभी कर्मचारी अपने-अपने घर चले गए सुबह को स्थानीय लोगों ने देखा कि खिड़की की सरिया तोड़कर कार्यालय में चोरी की गई है।लेकिन इस घटना की सूचना किसी व्यक्ति द्वारा दी गई। आनन फानन में रजिस्ट्री कार्यालय पर पहुंच कर देखा गया तो वहां पर अज्ञात चोरों ने जंगला की सलाखों को तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया है। सरकारी कार्यालय में चोरी की घटना कस्बा में आग की तरह फैल गई। घटना की जानकारी संबंधित पुलिस एवं संबंधित उच्चाधिकारियों को दी गई है। उधर एआईजी (स्टांप) संत कुमार रावत घटना की सूचना पर रजिस्ट्री कार्यालय मौके पर पहुंचे जहां बारीकी से जांच पड़ताल की तो पाया गया कि मेज की दराज एवं एक खिड़की का लॉक तोड़ा गया है। लेकिन चोरों ने अन्य सामान से छेड़छाड़ नहीं की है बाकी सभी दस्तावेज कार्यालय में सही सलामत हैं। कार्यालय में बैनामा कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उधर घटना से संबंधित जानकारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार दुबे से ली गई तो उन्होंने बताया है कि रजिस्ट्री कार्यालय के बड़े बाबू विशाल तायल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। उक्त मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है।

ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलन्दशहर। ऑपरेशन कन्विक्शन" अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 22,000/- हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी अभियुक्त प्रभात उर्फ गट्टा पुत्र ऐशवीर सिंह निवासी ग्राम बीघेपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2012 में अपने ही गांव के रामपाल सिंह की गोली मारकर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 02.01.2012 को थाना कोतवाली देहात पर मुअसं- 02/2012 धारा 302, 34, 506 भादवि पंजीकृत किया गया तथा आरोप पत्र दिनांक 25.04.2012 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 09 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणाम स्वरुप न्यायाधीश सुरेश कुमार शर्मा (न्यायालय एडीजी-02 जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त प्रभात उर्फ गटटा को आजीवन कारावास व 22,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति के नरौरा आगमन पर किया गया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नरौरा (केपीसिंह चौहान)। होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने पूर्व चेयरमैन नरौरा विवेक वशिष्ठ के साथ डिबाई क्षेत्र के अनेक तीर्थ स्थलों के दर्शन किये । राज्य मंत्री का क्षेत्रवासियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। राज्य मंत्री ने भाजपा सरकार की नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग को लेकर चलने वाली पार्टी है मुझे उम्मीद है कि भाजपा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सिद्धवरी मंदिर, वनखंडेश्वर महादेव रामघाट ,सर्वमंगला भवानी बेलोंन,कल्याणी देवी कर्णवास सहित नरवर संस्कृत विद्यालय नरौरा पहुंचकर

पूजन किया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन विवेक वशिष्ठ, मंडल अध्यक्ष परमानंद निषाद, सभासद गिरीश पंत,अनिल वार्ष्णेय, सुरेश गौतम, माधव पंडित,नील भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पहासू। ब्लॉक के गांव चौढेरा में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में मरीजों की भीड़ उमड़ गई। जांच के उपरांत मरीजों को ऑपरेशन के लिए भर्ती किया गया है। शिविर में जांच के बाद मरीजों को निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। जनपद के थाना छतारी के गांव चौढेरा में डा अनिल शर्मा के आवास पर गांधी आई हॉस्पिटल अलीगढ़ द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में मरीजों की आंखों की जांच की गई है। जांच के उपरांत मरीजों को दवाई का वितरण किया गया है। शिविर में 95 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच में 20

मरीजों को ऑपरेशन के लिए भर्ती किया गया है सभी मरीजों के ऑपरेशन गली करके गांधी आई हॉस्पिटल में होंगे। इस मौके पर डा नरेंद्र बंसल, डा प्रमोद, बॉबी, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

जन्मतिथि पर विद्यालय में वितरित किए स्वेटर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। शिकारपुर विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धतूरी में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि

दिनेश सोलंकी ने अपने बेटे की जन्मतिथि स्कूल के बच्चों की मनाने की नई पहल की शुरूआत की है। स्कूल के बच्चों के साथ केक काटकर जन्म तिथि मनाई ।

स्कूल के 80 से अधिक बच्चों को उपहार के रूप में स्वेटर का वितरण किया । जिसमें राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष फूल सिंह सोलंकी, बंटी सिंह लोधी, ठाकुर सुनील सिंह,ऋषि प्रताप सिंह, डॉ संदीप भाटी स्कूल की प्रधानाध्यापक सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आयोजन

प्रदर्शनी में पोटैटो बायर सेलर मीट का आयोजन 08 फरवरी को राजभवन के गांधी सभागार में होगा

राजभवन प्रांगण में 07 से 09 फरवरी को तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का होगा भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ (लेखराम मौर्य)। उत्तर प्रदेश के राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आगामी दिनांक 07, 08 एवं 09 फरवरी, को तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में इस बार गुणवत्तायुक्त आलू उत्पादन, निर्यात एवं प्रसंस्करण कार्यों में गतिशीलता एवं गुणात्मक सुधार लाये जाने के उद्देश्य से पोटैटो बायर सेलर मीट का आयोजन भी 08 फरवरी को राजभवन के गांधी सभागार में किया जायेगा। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य किसानों, बागवानों एवं आमजन को आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर उन्नति विधियों से तैयार देशी विदेशी पौधों की किस्मों की जानकारी उपलब्ध कराना है तथा स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के निदेशक डा0 विजय बहादुर द्विवेदी ने इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी प्रगतिशील फल, शाकभाजी, फूल, मशरूम, पान व शहद उत्पादकों, निर्यातकों, स्टेक होल्डर्स, खाद्य प्रसंस्करणकताओं एवं उपभोक्ताओं, आमजनों को सूचित किया जा रहा है कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी राजभवन प्रांगण में प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने इच्छुक प्रतिभागियों से अनुरोध किया है कि वे अपने द्वारा उत्पादित फल, शाकभाजी, फूल, मशरूम व शहद, पान आदि के उत्कृष्ट एवं आकर्षक उत्पादों को प्रदर्शनी के प्रतियोगी कार्यक्रम में सम्मिलित कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी स्थल पर लगाये जाने वाली समस्त प्रविष्टियों को 06 फरवरी को प्रातः 11 बजे तक निर्धारित स्थल पर लगाया जाना होगा, जिसकी जाँच निर्णायक टोली द्वारा अपरान्ह 12 बजे से की जायेगी। वहीं लखनऊ शहर में स्थित व्यक्तिगत बंगलों के उद्यानों, गृहवाटिकाओं, राजकीय कार्यालय/संस्थानों, शिक्षा संस्थाओं, प्राचीन ऐतिहासिक स्थल के उद्यानों, पार्का आदि का ऑनलाइन पंजीकरण ूनचसिवूमतेवूसावण्बवउ पर किया जा रहा है। पंजीकृत प्रतिभागियों के समस्त उद्यानों एवं गृहवाटिकाओं आदि की जॉच निर्णायक टोली द्वारा 01 व 02 फरवरी को की जायेगी। उद्यानों एवं गृहवाटिकाओं के पंजीकरण की अन्तिम तिथि, 30 जनवरी है।

अतएव इच्छुक उद्यान तथा गृहवाटिका प्रेमियो से अपेक्षा की जाती है कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रविष्टियो के लिए अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण करायें और प्रदर्शनी को सफल बनायें। विशेष जानकारी हेतु कार्यालय अधीक्षक राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ से (फोनः-0522-2975506 पर) सम्पर्क कर सकते है।

प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु 20 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का वर्चुअल लोकार्पण

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज पशुपालन निदेशालय में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश के 11 जनपदों के 20 वृहद गो संरक्षण केंद्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया। इनमें हरदोई में 05, आगरा में 03, और अन्य जनपदों जैसे बांदा, फरूर्खाबाद, कासगंज, हाथरस, सीतापुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, शाहजहांपुर और सुल्तानपुर में एक-एक से दो-दो केंद्र शामिल हैं। इन केंद्रों का निर्माण लागत 3202.04 लाख है, और प्रत्येक केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षण देने की क्षमता है।कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री श्री एस.पी. सिंह बघेल भी ऑनलाइन जुड़े रहे और प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। श्री धर्मपाल सिंह ने इस अवसर पर संबंधित जनपदों के क्षेत्रीय विधायकों, ग्राम प्रधानों, जिलाधिकारियों और केयरटेकरों से गोवंश के सही रखरखाव पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर गो संरक्षण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने की बात कही और गोशालाओं में चारे, भूसे और उचित प्रकाश व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया।प्रदेश में अब तक 7753 गो आश्रय स्थलों की स्थापना की जा चुकी है, जिनमें 12,43,107 निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा, 543 वृहद गो संरक्षण केंद्रों को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से 372 का निर्माण पूरा हो चुका है।

पति समेत ससुराल के चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर। थाना सलेमपुर क्षेत्र के अंतर्गत गांव सदरपुर निवासी महिला ने पति समेत ससुराल के चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए नामजद मुकदमा दर्ज कराया है, श्रीमती आरती पुत्री राजकुमार ने पुलिस को तहरीर दी है कि उसकी शादी गत 29 अप्रैल 2015 को ककोड़ थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी भूपेंद्र पुत्र सुलेद्र के साथ हुई थी। शादी में पिता द्वारा काफी दहेज दिया गया था लेकिन शादी के कुछ सालों बाद से ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज बतौर बुलेट मोटरसाइकिल और दो लाख रुपए की मांग करने लगे। मांग पूरी ने किए जाने पर उसका शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया गया। पीड़िता ने पति पर दुपट्टे से गला दबाकर हत्या करने के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति भूपेंद्र, ससुर सुलेद्र, सास गुड्डी, और देवर से कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

अठसैनी में एनएचएआई टीम द्वारा एनएच-9 किनारे स्थित ढाबों पर की गई कार्यवाही से मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर। अठसैनी में दिल्ली लखनऊ नवनिर्मित नेशनल हाईवे -9 के किनारे स्थित संचालित एवं प्राधिकरण से बगैर नक्शा स्वीकृत ढाबों के निर्माण को लेकर एनएचएआई एवं

बुलडोजर की कार्यवाही से ढाबा संचालकों में मचा हड़कंप

एचपीडीए सहित अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए बगैर अतिक्रमण करने के साथ निर्माण करने वाले ढाबों को चिन्हित कर एनएचएआई टीम ने कार्यवाही करने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है।जिसको लेकर ढाबा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। आपको बता दें कि दिल्ली

लखनऊ नेशनल हाई-वे-9 के किनारे स्थित बगैर नक्शा स्वीकृत के निर्माण करने वाले ढाबा संचालकों को एनएचएआई द्वारा 150 ढाबों को चिन्हित करते हुए नोटिस जारी किया गया था।जिसमें 32 ढाबे हापुड़ के चिन्हित किए गए हैं।जिन पर एनएचएआई टीम के द्वारा गांव अठसैनी में अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही की गई।टीम के द्वारा बुलडोजर चलाने की कार्यवाही शुरू करते ही ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया। वही बुलडोजर चलाने के दौरान मौके पर उपस्थित प्रोजेक्ट मैनेजर नितिन वशिष्ठ ने बताया कि किसी भी ढाबा संचालक के द्वारा केंद्र बिंदु से 35 मीटर तक कोई भी निर्माण एवं वाहन की पार्किंग नहीं करने दी जाएगी। वहीं किसी भी तरह से उक्त भूमि को अपने प्रयोग में नहीं लेने दी जाएगी। यदि कोई ढाबा संचालक नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर टीम में साइड इंचार्ज मनजीत सिंह चहल,पेट्रोलियम रूपेंद्र चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

दुकान दिलाने के नाम पर व्यक्ति से ठगे 11 लाख 70 हजार रुपये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)। शातिर ठगों नगर की जिला पंचायत मार्केट में दुकान दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से 11.70 लाख रुपए ठग लिए। रुपए वापस मांगने पर व्यक्ति को दे रहे हैं जान से मारने की धमकी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर की चौपाल वाली कॉलोनी में अजय कुमार परिवार सहित रहते है। उनका कहना है कि नवम्बर 2023 में दो व्यक्ति मिले, जिन्होने कहा कि मेन रोड स्थित जिला पंचायत मार्केट में एक दुकान है, जो बिक रही है। इसके बाद वह दुकान दिखाने के लिए ले गए। दुकान का 28 लाख रुपए में सौंदा हो गया। अजय कुमार ने 11.70 लाख रुपए एड़वांस दे दिए और बाकी रकम बैनामा के वक्त देने की बात तय हुई। तय हुआ था कि छह सितम्बर 2024 तक बैनामा कर दिया जाएगा। समय बीत जाने के बाद भी बैनामा नहीं किया है। अब पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीड़ित ने इस संबंध में डीसीपी ग्रामीण को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। डीसीपी ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज करने आदेश दिए है। तहरीर के आधार पर मुरादनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिंगनपुर गांव मे सचिवालय पर लटका ताला, गंदगी जैसी जनसमस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली) ।

सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव सिंगनपुर में मूलभूत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का टूटा सब्र का बांध और ग्राम प्रधान के कार्य शैली को लेकर ग्रामीणों ने एकत्रित होकर प्रदर्शन किया।

आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर की तहसील सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव सिंगनपुर बिलहरा और गोविंदपुरी में संयुक्त रूप से ग्राम प्रधान के द्वारा प्रतिदिन कराए जाने वाली साफ सफाई का अंदाजा वहां पर गंदगी से भरी पड़ी नालियों को देखकर ही लगाया जा सकता है। जोकि संक्रमित बीमारियों को खुलेआम न्योता दे रही हैं। और सामुदायिक शौचालयक व्यवस्था बिल्कुल खराब है।गांव में बिजली के खम्भों पर झूलते जर्जर तार जिनके टूटने पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।इन सभी मूलभूत समस्याओं को लेकर ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया और ग्राम प्रधान के विरुद्ध बिगुल बजाते हुए नारेबाजी के साथ प्रशासन के आला अधिकारियों से इन समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की गई है।

इस संबंध में एडीओ पंचायत शिवम

बिजली के जर्जर तारों से हो सकता है बड़ा हादसा गंदगी से संक्रमित बीमारी फैलने का खतरा

पांडे ने बताया की गांव में हो रही जनसमस्याओं जल्द ही निस्तारण कराया जाएगा। अवसर पर प्रदर्शन करने वालों में जाबिर, कमरुद्दीन, अलाउद्दीन, मोहम्मद शाहिद, निसार, शिवम, अशोक कुमार, खान मोहम्मद, राजवीर, खेमचंद, सुशील चौहान सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

उपकेंद्रों पर तैनात चिकित्सक शासन के आदेशों की कर रहे अवहेलना, मरीज परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लाख कोशिशों के बाद भी उपकेंद्रों पर तैनात चिकित्सकों की कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं हुआ है।ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले रजापुर, हरोड़ा और फरीदपुर सिंभावली मैं तैनात चिकित्सक यूपी सरकार और विभागीय अधिकारियों के आदेशों की जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं।मंगलवार को निर्धारित समय से पहले ही उपकेंद्रों पर ताला जड़कर अपने गंतव्य स्थान को प्रस्थान कर गए। उपकेंद्रों पर ओपीडी बंद रहने के कारण मैरिज कई किलोमीटर चलकर कस्बे से दवाई लेने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए स्थापित किए गए राजकीय औषधालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर अधिकतर ताले लटके हुए मिलते हैं। मरीज परेशान होकर प्राइवेट अस्पतालों में प्राइवेट डॉक्टर के पास जाकर दवाई लेने के लिए मजबूर हैं। जिसमें

चिकित्सकों के द्वारा ड्यूटी में बरती जा रही लापरवाही को रजापुर,हरौड़ा और फरीदपुर सिंभावली में उपकेंद्र पर लटके ताले खुद बयां कर रहे हैं।स्वास्थ्य कर्मी अपनी ड्यूटी का निर्वाह कितनी निष्ठा पूर्वक कर रहे हैं। अब देखना यह है कि अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कितनी निर्भीकता और निष्पक्षता के साथ कार्यवाही करते हैं।

कार्यदायी संस्थाएं निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में करें पूर्ण: डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गौतमबुद्धनगर। जनपद के राजस्व एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करने एवं सीएम डैशबोर्ड पर सभी विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट शत प्रतिशत फीड कराने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट के सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल पर विभागों की प्रगति को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग

शासन स्तर पर निरंतर होती है और डैशबोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है, इसलिए अधिकारीगण इसकी महत्ता को समझते हुए अपने-अपने विभागों में क्रियान्वन योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर शत प्रतिशत अपलोड करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद को शीर्ष स्थान प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से ले और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है।

शारदा विश्वविद्यालय ने अपने छात्र इनकम टैक्स अधिकारी का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और आईआरएस (इनकम टैक्स) अधिकारी बनने के बाद पहली बार विश्वविद्यालय पहुंचे मानव श्रेष्ठ का स्टाफ ने उनका स्वागत किया। आईआरएस अधिकारी बनने के बाद पहली बार विश्वविद्यालय पहुंचे थे। परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन के लिए उनको बधाई। हमें उनकी उपलब्धियों पर बेहद गर्व है। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ अजीत कुमार ने बताया कि मूलरूप से पटना बिहार के रहने वाले आईआरएस अधिकारी मानव श्रेष्ठ ने विश्वविद्यालय से मैकेनिकल से बीटेक किया था। तीन साल ई-कॉमर्स कंपनी के काम

किया,उसके बाद सिविल सर्विसेज की तैयारियों में जुट गए। यूपीएससी 2022 की परीक्षा में उनकी ऑल इंडिया रैंकिंग 611 रही। इस समय इनकम टैक्स विभाग कार्यरत है।

अधिकारी के रूप में उनकी सफलता जारी रहने और दूसरों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने की कामना करता हूं। इनकम टैक्स अधिकारी मानव श्रेष्ठ ने कहा कि शारदा विश्वविद्यालय उनके घर जैसा है। यहां के प्रोफेसर ने जितना मुझे गाइड किया शायद कोई ऐसा न कर पाता । शारदा विश्वविद्यालय के साथ हमारी कई सुनहरी यादें हैं । मानव श्रेष्ठ के साथ शारदा एलूमनी संघ के अध्यक्ष डॉ राहुल सिंह तथा उपाध्यक्ष डॉ प्रिंस सिंह का भी निदेशक डॉ राजीव गुप्ता के द्वारा स्वागत किया गया ।

ओलंपिक तिराहे पर पुलिस सहायता केंद्र होने के बावजूद पुलिस रहती है नदारद

ओलंपिक तिराहे पर दिन भर लगा रहता है भयंकर जाम, लोगों का आना जाना हुआ मुश्किल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर। (नासिर मंसूरी) नगर के ओलंपिक तिराहे पर दिन भर भीषण जाम लगा रहता है। भयंकर जाम लगने के कारण लोगों को आवा जावाही भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खास ओलंपिक तिराहे पर पुलिस सहायता केंद्र होने के बावजूद पुलिस नदारद रहती है, जब भयंकर जाम की स्थिति में भी पुलिस नदारद रहेगी तो फिर इस पुलिस सहायता केंद्र का व्यापारियों व आम जनता को क्या फायदा। हर समय लगने वाला यह जाम शहर वासियों के लिए मुसीबत का

सबब बनता जा रहा है प्रशासन सिर्फ लापरवाही के अलावा और कुछ नहीं कर पा रहा है। आए दिन यहां रिक्शा वाले जाम लगाकर गाली गलौज और बदतमीजी करते रहते हैं जिसके कारण यहां के व्यापारियों का व्यापार भी चौपट होता जा रहा है, वहीं रिक्शा वालों की गाली गलौज के कारण महिलाओं का आवागमन भी कम हो गया है। अगर समय रहते पुलिस प्रशासन अगर इस बात पर गौर नहीं करेगा तो एक दिन वह आएगा के लोग कस्बा मुरादनगर में आने से कतराने लगेंगे जिसका खामियाजा यहां के दुकानदार और व्यापारियों को भुगतना पड़ेगा।

विद्युत सप्लाई चोरी प्रकरण में तथाकथित पत्रकार सहित अधिकारियों के विरुद्ध भेजी रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लोनी (अकरम सैफी)। क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा निठौरा रोड स्थित अली गार्डन कॉलोनी में की जा रही विद्युत सप्लाई चोरी प्रकरण में हुई थी जांच,जिसमें रघुवीर शरण जेई और सन्नी देओल एसडीओ को सस्पेंड किया गया था।अब एक और बड़ा मामला सामने आया है। लोनी के रहने वाले

तथाकथित पत्रकार द्वारा अधिकारियों से सांठगांठ कर मोटी रकम प्रतिमा वसूल कर दर्जनों घरों में करवाता था विद्युत चोरी

एक व्यक्ति ने पुलिस महानिदेशक परिवर्तन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लखनऊ से ईमेल कर एक बड़ा आरोप लगाया था। शिकायतकर्ता ने बताया।कि लखनऊ से भेजी टीम ने जिस लोनी की अली गार्डन कॉलोनी मैं विद्युत चोरी की जांच टीम द्वारा दिनांक 19/11/2024,को की गई थी जिसमें रघुवीर शरण जेईई 33/11 केवी अशोक विहार लोनी गाजियाबाद और एसडीओ सनी देओल बलराम नगर लोनी गाजियाबाद को विद्युत चोरी करने के

मामले में सस्पेंड किया गया था। उसके बाद चोरी से चल रहे घरों में बिजली काटी गई थी। जी तथा कथित पत्रकार द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों की शिकायत की गई थी इस तथा कथित पत्रकार द्वारा अधीक्षण अभियंता लोनी से साठ गांठ करके प्रति माह एक निश्चित धनराशि की रिश्वत देने की डील करके उसे कॉलोनी में फिर से चोरी की विद्युत सप्लाई चलवा रहा है।जी हां पुलिस महानिदेशक परिवर्तन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लखनऊ को एक शिकायतकर्ता ने यह शिकायत कर अधिकारियों और तथाकथित पत्रकार के विरुद्ध शिकायत की है,शिकायतकर्ता ने तथाकथित पत्रकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया।कि अधिकारियों से मिली भगत कर मोटी रकम हर महा वसूल करके दर्जनों घरों में विद्युत सप्लाई चोरी करवा रहा है।और शिकायत कर्ता ने अपना नाम गुप्त रखने के लिए अपनी शिकायत में कहा है।इसके बाद अली गार्डन कॉलोनी में चल रही विद्युत चोरी सप्लाई चलवाई जा रही है।इस शिकायत के बाद पुलिस महानिदेशक परिवर्तन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा एक टीम गठित कर लोनी के अली गार्डन कॉलोनी में भेजा गया जहां पर बड़े पैमाने पर तथाकथित पत्रकार में एससी और चीफ इंजीनियर अधिकारी के सन लिप्त होने की जांच की गई है।इस कॉलोनी में दर्जनों घरों पर जमीन के नीचे खुदाई 100 मीटर से अधिक दूरी पर अपने घरों में सप्लाई पाई गई है।जिन घरों में विद्युत कनेक्शन मौके पर प्राप्त नहीं हो पाए हैं,इन घरों में सप्लाई चोरी करवाने वाले तथाकथित पत्रकार सहित कई अधिकारियों का नाम शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में दिया था।मौके पर पहुंची टीम ने चोरी को पकड़ते हुए कई अधिकारियों के नाम अपनी रिपोर्ट में दर्ज कर व फोन वार्ता पर बात करके इन अधिकारियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन पुलिस महानिदेशक परिवर्तन को भेजे है।अब देखना होगा कि तथाकथित पत्रकार सहित जिन अधिकारियों के नाम शिकायत में सामने आए हैं,इतनी बड़े स्तर पर विद्युत सप्लाई चोरी करने में अब उन पर क्या कार्यवाही होगी इस पूरी खबर पर हमारी नजर बनी रहेगी।

निर्देश आधुनिक तकनीक से जिले की प्रथम यूनिक सड़क बनेगी सिरोरा मार्ग,गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण के दिये निर्देश

सांसद और लोनी विधायक ने लोनी की जनता को दी 16 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लोनी (अकरम सैफी)। गाजियाबाद जनपद के सांसद अतुल गर्ग और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी की बहुप्रतीक्षित फरुख नगर-सिरौरा मार्ग के चौड़ीकरण विकास कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान रिस्तल चौराहे से शकल पुरा मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य व विधायक निधि के विकास कार्यों उद्घाटन-शुभारंभ किया गया।मार्ग के शुभारंभ से पहले स्थानीय लोगों ने खुशी में आतिश बाजी,ढोल नगाड़ों से सांसद और स्थानीय विधायक का स्वागत कर धन्यवाद किया।लोगों ने कहा लंबे समय से मार्ग की मांग थी सबने आश्वसान दिया लेकिन पहली बार स्थानीय सांसद और क्षेत्र के विधायक ने अपने भागीरथी प्रयास से आज इस सपने को पूरा किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सतपाल सिंह, लोनी ब्लॉक प्रमुख पति एवं भाजपा नेता कोमल गुर्जर, मिंटू प्रधान,महेश प्रधान,रवि प्रधान,धर्मेंद्र प्रधान,अरुण कसाना, लायक राम प्रधान,राजवीर

प्रधान,मंडल अध्यक्ष मनीष चौहान,धीरेंद्र बैसोया आदि उपस्थित रहें।मार्ग निर्माण में लोक निर्माण विभाग जनपद गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता रामराजा,सहायक अभियंता मनवीर सिंह,डीके शर्मा,अवर अभियंता नकुल कौशिक,गुलाब सिंह भाटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।सांसद अतुल गर्ग और विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा लोनी सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है भाजपा,15 करोड़ 32 लाख की आगणन लागत से बनने फरुख नगर-सिरौरा मार्ग,21 लाख 95 हजार से रिस्तल चौराहे से शकलपुरा मार्ग,20 लाख से अधिक की लागत से रिस्तल शिव मंदिर मार्ग व अन्य विकास कार्य से देहात के विकास को गति मिलेगी।सिरोरा मार्ग से सिरोरा, रिस्तल, भूप खेड़ी, मेवला फरुखनगर, महमूदपुर,कोतवाल पुर समेत दर्जनों गांवों को फायदा मिलेगा,कार्य्रकम संबोधन में सांसद अतुल गर्ग ने कहा लोनी के विकास के लिए लगातार हम कार्य कर रहे है।कुछ प्रमुख समस्याओं के निराकरण के लिए हम और विधायक जी लगातार लगे हुए है। लोनी के जनता से किये गए सभी वायदे पूरे होंगे।वहीं विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा यह बहुत ही खुशी और हर्ष का विषय है कि बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी होने जा रही है,हमारे देहात के क्षेत्र विकास की दौड़ में आगे बढ़ रहे है।आज करोड़ो की लागत से लोनी में विकास कार्य विधायक निधि,मुख्यमंत्री त्वरित योजनांतर्गत, राज्य वित्त,डूडा,पीडब्ल्यूडी आदि के माध्यम से हो रहे है लोगों की जिंदगी आसान हो रही है।जल निकासी हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या थी इस दिशा में भी लगातर नगर पालिका में हम सीवरेज सिस्टम का काम हम कर रहे है।जल्द बेहटा हाजीपुर मार्ग का भी हम शिलान्यास करेंगे। लोनी की तस्वीर और अच्छी होगी। इसके अतिरिक्त विधायक ने कहा लोनी में बिजली, सड़क, चिकित्सा,शिक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति में आज अभूतपूर्व सुधार हुआ है जिसकी साक्षी लोनी की जनता है जिसने मुझे पुनः अपनी सेवा करने का आशीर्वाद प्रदान किया।लोनी एक हाईटेक सिटी बने इसके लिए बृहद स्तर योजना तैयार की जा रही है।लोनी विकास के पथ पर अग्रसित है भाजपा की नीतियों और विकास के प्रति मेरी प्रतिबद्धता पर जनता का विश्वास है।

तनाव प्रबंधन और छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के तहत लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज विभाग ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का विषय तनाव प्रबंधन और भावनात्मक स्वास्थ्य द छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को समझना, समाधान और सुधार रहा। इस कार्यशाला का आयोजन स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय और मानसिक स्वास्थ्य मिशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार और डॉ इसराइल मिया, विभागाध्यक्ष (सेवानिवृत्त), मनोविज्ञान विभाग, मेरठ कॉलेज, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. नियति गर्ग, असिस्टेंट प्रोफेसर (मनोविज्ञान), लिबरल आर्ट्स और ह्यूमैनिटीज विभाग, कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय ने सत्र की शुरूआत की। उन्होंने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। और आवश्यकता पड़ने पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता डॉ. संजय कुमार ने छात्रों और शिक्षकों को तनाव और भावनात्मक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जागरूक किया। डॉ. संजय कुमार ने तनाव की अवधारणा को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि तनाव एक मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रतिक्रिया है, जो किसी व्यक्ति की मानसिक स्थिति और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। उन्होंने तनाव के विभिन्न प्रकारों और छात्रों में तनाव के सामान्य कारणों पर प्रकाश डाला। विशेष रूप से, उन्होंने

छात्र जीवन में तनाव के प्रमुख कारणों की चर्चा की, जिसमें अकादमिक दबाव, सामाजिक चुनौतियां और भविष्य की चिंताएं शामिल हैं।कार्यशाला में तनाव का स्वास्थ्य, प्रदर्शन और व्यक्तिगत विकास पर पड़ने वाले प्रभावों पर विशेष ध्यान दिया गया। डॉ. कुमार ने बताया कि तनाव का छात्रों के स्वास्थ्य, प्रदर्शन और आत्म-विकास पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। यह मानसिक बीमारियों, एकाग्रता की कमी, और आत्मविश्वास में गिरावट का कारण बन सकता है।

कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार त्यागी एवं विभाग के अन्य प्रतिष्ठित शिक्षक डॉ मोनिका मेहरोत्रा, डॉ. दुर्वेश कुमार, डॉ. अमृता चौधरी, डॉ. दिनेश कुमार और डॉ. लवली भी उपस्थित रहे। सभी ने अपने विचार और अनुभव साझा किए।

विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यशाला में एक इंटरैक्टिव सत्र भी रखा गया, जिसमें छात्रों ने अपनी समस्याएं साझा कीं और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किए। छात्रों ने तनाव प्रबंधन से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के व्यावहारिक सुझाव दिए।

युग परिवर्तन सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील त्यागी द्वारा सिलाई मशीन का वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। युग परिवर्तन सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील त्यागी द्वारा सिलाई मशीन का वितरण गली नंबर 1 बिहारीपुरा निकट साइन मंदिर मे किया गया संचालिका कुसुम लता को सिलाई मशीन दी गई कुसुम लता जी द्वारा बताया गया कि यहां पर गरीब बच्चों को सिलाई व ब्यूटी पार्लर का कोर्स निशुल्क पर कराया जाता है और मंदिर में पूजा अर्चना की गई इस मौके पर महामंत्री छोटे लाल कनोजिया सतीश त्यागी अनुज कुमार हर्षवर्धन मनोज कुमार गौतम कुमार गौतम त्यागी साक्षी आरती राधा प्रीति चंचल आदि मौजूद रहे ।

ऑल इंडिया रंगरेज विकास मंच ने जरूरतमंदो को बांटे कंबल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना (जावेद अब्बासी)। ठंड से गरीबों और असहायों को बचाव के लिए एक तरफ प्रशासन जहां कंबल और अलाव की औपचारिकताओं में उलझा है, वहीं दूसरी तरफ स्वयंसेवी संगठन जरूरतमंदों को गर्म कपड़े और कंबल इत्यादि बांटने में जुट गए हैं।स्वयंसेवी संगठन ह्यऑल इंडिया रंगरेज विकास मंच ह्यग्रुप ने रविवार को कस्बा नगर के मौहल्ला हरलालपुरा में सदर युनुस ठेकेदार के आवास पर बूढ़े-बच्चे, महिला-पुरुष आदि गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम के मुख्यतिथि हाजी रियासत रहें।जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर रईस अहमद व हाजी शकील अहमद रहे। वही कार्यक्रम का संचालन तस्लीम अहमद ने किया।कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद को सर्दी से राहत देने के लिए किए गए समिति के इस प्रयास की सभी ने सराहना की।गर्म कंबल पाकर लाभार्थियों के

चेहरों पर खुशी झलक उठी। आयोजक सदर युनुस ठेकेदार ने जरूरतमंदों के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य गरीब बेटियों की शादी, बच्चों की शिक्षा और जरूतमंदो की मदद करना हैं।इस दौरान उमेर मो० मुजाहिद,इरफान ,रियानुद्दीन नबन, जुलफिकार सोनी, अकलीम, खुशीद महारान, ग्यासुददीन, तनवीर अली, इमामुद दीन,पप्पू आदिमौजूद रहें।

सीडीओ ने डूडा विभाग द्वारा कराए गए विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। जनपद के मुख्य विकास अधिकारी ने डूडा विभाग द्वारा कराये गये विकास कार्यों सहित अन्य कार्यों का सत्यापन कर सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। मंगलवार को सीडीओ हिमांशु गौतम ने विकास खण्ड धौलाना के अन्तर्गत सिंचाई विभाग

सीडीओ ने निर्माण कार्य पूर्ण नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

बुलन्दशहर खण्ड के कार्यक्षेत्र में जनपद हापुड़ से सम्बन्धित चलित परियोजनओं का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के समय भूपेन्द्र कुमार सहायक अभियन्ता बुलन्दशहर खण्ड एवं अवर अभियन्ता उपस्थि रहें। सीडीओ ने रजवाहा नूरपुर के कि0मी0 1.160 पर निर्मित पुल एवं रजवाहों का पुर्ननिर्माण कार्य में फिनिसिंग के

निर्देश दिए गए। रजवाहा नूरपुर पर पक्की सड़क एवं इन्टरलोकिंग कार्य निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं मिलने पर पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर उपस्थित सहायक अभियन्ता को कार्य को ठीक कराने एवं भुगतान कार्य ठीक व पूर्ण होने के उपरान्त करने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने हापुड़ नगर के मोहल्ला तगा सराय में मुख्यमंत्री अल्प विकसित मलीन बस्ती डूडा द्वारा कराए गए कार्यो का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर उपस्थित सहायक अभियन्ता को आवश्यक निर्देश दिए गए।

के.के.पब्लिक स्कूल में 12वीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना (जावेद अब्बासी)। लश्कर गंज बाजार स्थित के. के. पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 के कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को अपनी आगामी सीबीएसई की परीक्षा की तैयारी के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें कक्षा 12 के सभी छात्र-छात्राएं स्कूल यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल आए।कक्षा 11 की छात्राओं ने उन्हें रोली का टीका लगाकर स्वागत किया तथा स्कूल की टीचर्स ने गीत, कविताओं व भाषण के माध्यम से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।साथ में स्कूल की ओर से उनके सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नोत्तरी रखी गई।जिसमें सही उत्तर देने वाले छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। छात्र छात्राओं ने भी स्कूल में हुए अपने अच्छे अनुभवों को सभी के सामने रखें। कार्यक्रम का

संचालन श्रीमती चंचल शर्मा व श्रीमती प्रियंका शर्मा ने किया। कार्यक्रम में पूरे सत्र के दौरान अच्छा अनुशासन पढ़ाई व अन्य गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में से आयुष पोगाठ (12ई कॉमर्स) को मिस्टर के के, दीपांशी (12ई साइंस) को मिस के के,क्षितिज जैन (12ई कॉमर्स) को फेयरवेल के के, कशिश जैन (12ई साइंस) मिस फेयरवेल, अनन्त गुप्ता (12ई साइंस) मिस्टर जीनियस व सलोनी जैन (12ई कॉमर्स) मिस जीनियस चुने गए। स्कूल मैनेजर सुशील कुमार, संजीव कुमार व प्रधानाचार्य डॉ उत्तम सिंह ने अपने-अपने संबोधन में सभी छात्र-छात्राओं को अपनी आने वाले परीक्षाओ में अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया तथा सभी को अपना शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल की ओर से गिफ्ट व जलपान का वितरण किया गया।

काशी टोल प्लाजा पर धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मेरठ (जावेद अब्बासी)। काशी टोल प्लाजा पर 76 वें गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यहां पर प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल शर्मा के नेतृत्व में एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविंद कुमार,आईई राजवर्धन चौहान ने ध्वजारोहण किया।

इस दौरान स्कूली बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।जिससे उत्सव में एक विशेष स्पर्श जुड़ गया।कार्यक्रम के अंत में एनएचएआई के परियोजना निदेशक अरविंद चौहान और हमारे प्रोजेक्ट हेड सर अनिल शर्मा और आईई राजवर्धन चौहान द्वारा स्कूली बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। वहीं सड़क सुरक्षा माह के तहत एनएचएआई के परियोजना

निदेशक अरविंद चौहान ने हमारे परियोजना प्रमुख अनिल शर्मा को प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है। यह सम्मान सड़क सुरक्षा और घटना प्रबंधन में उनके समर्पण और असाधारण प्रदर्शन की सराहना है।इसके लिए गौरव कवात्रा,रूपेश सिंह टोल मैनेजर और सभी डीएचएमईपीएल टोल स्टाफ टीम ने इस पुरस्कार मान्यता के लिए अनिल शर्मा को बधाई दी।प्लाजा प्रोजेक्ट मैनेजर अनिल शर्मा ने नागरिकों के नाम संदेश देते हुए कहा कि टोल प्लाजा के आस पड़ोस के लोग अपने प्राइवेट कार के लिए मासिक फास्ट ट्रैक टोल प्लाजा पर आकर बनवा सकते हैं या सुविधा चालू है, उन्होंने सभी प्रकार के वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में फास्ट टैग लगवाए जिससे कि उनके समय और ईंधन दोनों की बचत होगी और किसी प्रकार की उन्हें आसुविधा भी नहीं होगी। इस दौरान मैनेजर भूपेश त्यागी, मोनू, सुमित, चंद्रप्रकाश, सोनी कर्मचारीगण आदि मौजूद रहें।

नगर पंचायत हर्रा में धूमधाम से मनाया 76वॉ गणतंत्र दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरूरपुर (जावेद अब्बासी)। नगर पंचायत हर्रा कार्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर मोहम्मद अली व अधिशासी अधिकारी नीति गुप्ता ने सभी सभासदों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में झंडारोहण किया।झंडारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया।वहीं अध्यक्ष कुंवर मोहम्मद अली ने कहा, ह्लगणतंत्र दिवस हमें हमारे देश की स्वतंत्रता और संविधान की महत्ता की याद दिलाता है। यह दिन केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों और अधिकारों को समझने का भी है।ह्व उन्होंने सभी सभासदों से अपील की कि वे एकजुट होकर नगर

पंचायत के विकास में योगदान दें।इस अवसर परलिपिक गंगाराम पासवान, प्रदीप कुमार,अरशद,मौ0 इकरार,सन्नी आदि मौजूद रहें।

संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 76वा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गाजियाबाद में 26 जनवरी 76वा गणतंत्र दिवस पर झंडा रोहण किया ,जिसमें सभी स्टाफ और डॉक्टर्स मौजूद रहे, सभी ने देशभक्ति की भावना के साथ राष्ट्रगान गाया और झंडा फहराया ,इस अवसर पर मेडिकल डायरेक्टर डॉ.मनीष सबरवाल ने कहा कि हम लोगों को देश हित में कार्य करना चाहिए, चाहे हम किसी भी क्षेत्र से आते हो, उन्होंने इस अवसर पर स्वंतरता सेनानियों को याद किया व सबको सदभावना का संदेश दिया गणतंत्र दिवस पर मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ. अल्पना अग्रवाल ने कहा कि हम गणतंत्र दिवस के मौके पर यह शपथ लेते हैं, कि सभी लोगों को अच्छे से अच्छी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएंगे व बड़ी से बड़ी बीमारियों से लड़ने के लिए अच्छे डॉक्टर्स तैयार करेंगे, संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल 30 वर्षो से पूरे दिल्ली एन,सी,आर में अपनी चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहा है, और अपनी सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के साथ क्षेत्र में अपनी

सेवाएं प्रदान कर रहा है , संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद के विशेषज्ञों डॉक्टर्स के द्वारा बहुत ही न्यूनतम दरों पर इलाज किया जाता है, आई,एस,आर हेड श्वेता चौधरी ने बताया कि संतोष हॉस्पिटल शहर के साथ-साथ गांवो में भी अपनी सेवाएं दे रहा है व समय-समय पर मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप के द्वारा गांवो में व शहरों में बच्चों के स्कूलों में अपनी सेवाएं निःशुल्क प्रदान कर रहा है, इसके साथ ही उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी, और सभी लोगों को यह शपथ दिलाई कि वह अपने देश के प्रति ईमानदार रहेंगे और अपने देश के प्रति कोई भी ऐसा कार्य नही करेंगे जिस देश का अहित हो ,संतोष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल और संतोष यूनिवर्सिटी गाजियाबाद में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया ,सभी देशवासियों को व संतोष अस्पताल गाजियाबाद में कार्यरत डॉक्टर और स्टाफ को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर विष्णु दुराई ,सुषमा ,सोनम नागर, आदि का सहयोग रहा ।

शिकायत

गैर कानूनी रूप से मन्दिर का ट्रस्ट बनाने का आरोप

डीएम से की आरडब्लूए द्वारा अवैध कब्जे करवाने की शिकायत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। नेहरू नगर स्थित गुलमोहर एन्क्लेव आरडब्लूए के कारनामों की शिकायत स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी से की है। आरडब्लूए की मनमानी की का जिक्र करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा को सौंपे गए पत्र में अवैध निर्माण, अवैध कब्जे और गैर कानूनी रूप से मन्दिर का ट्रस्ट बनाने के बारे में शिकायत की गई है।

मंगलवार को जिलाधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में गौरव बंसल ने बताया है कि गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में आरडब्लूए अध्यक्ष मनवीर चौधरी पर उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट एक्ट के नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। मनवीर चौधरी पर सोसायटी में स्थित मंदिर पर गैर कानूनी ट्रस्ट बनाने और उसका बैंक खाता खुलवाने का आरोप लगाया है। मनवीर चौधरी पर बच्चों के खेलने वाले पार्क में अवैध रूप से रसोई के नाम पर पक्का निर्माण करवाकर पार्क को खत्म करने का आरोप लगाया गया है। सोसाइटी की जमीन पर सोसायटी के निवासियों के रुपयों से ही अवैध रूप से दो कमरों का निर्माण करवा दिया है और सोसायटी के लोगों को 11-11 सौ रुपए लेकर किराए पर देने का आरोप भी लगाया गया है। इस सम्बंध में जीडीए से भी शिकायत की गई है जिसके बाद जीडीए ने दो वर्ष पहले नोटिस देकर ध्वस्तीकरण किये जाने की चेतावनी दी थी। लेकिन दो वर्ष बाद भी जीडीए ने इस मामले में चुप्पी साध ली

है। आरडब्लूए अध्यक्ष मनवीर चौधरी के कारनामे यहीं नहीं रुके और उन्होंने सोसायटी के टावर सी-4 की छत पर अवैध निर्माण करवाकर एक अधिकारी के ड्राइवर को रहने के लिए जगह देने का आरोप भी लगाया है। जिसके कारण महिलाओं का छत पर जाना भी दूभर हो गया है। मनवीर चौधरी ने सोसायटी के अंदर अवैध रूप से ठेले लगवा दिए हैं जिनसे सोसायटी के लिए सुरक्षा का खतरा पैदा हो गया है। इस सम्बंध में जीडीए और नगर निगम से शिकायत करने के बाद भी नतीजा सिफर ही रहा है। कोई भी अधिकारी इस मामले में कार्यवाही करने को तैयार नहीं है। सभी सरकारी महकमों में चक्कर काटने के बाद भी किसी अधिकारी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है जिससे परेशान होकर जिलाधिकारी के पास शिकायत की गई है। जिलाधिकारी महोदय ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरूरपुर। थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

साथ ही युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।थाना प्रभारी अजय शुक्ला ने बताया कि पुलिस सोमवार की रात क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि सफात उर्फ. सपात नाम निवासी कस्बा खिवाई के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। साथ ही युवक को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

प्रशिक्षकों को समृति चिन्ह व प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित मार्ग दर्शक सिद्वान्त योजना के अन्तर्गत जनपद में डिस्लेक्सिया एवं अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिविटी

सिंड्रोम से प्रभावित बच्चों की पहचान हेतु विशेष शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा विकास भवन सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अस्पातल में कार्यरत डॉ0 स्वाति (मानोचिकित्सक) एवं मुग्धा उपाध्याय (क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट) द्वारा विशेष शिक्षकों एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के स्टॉफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन पर हिमांशु गौतम मुख्य विकास अधिकारी के विशेष आतिथ्य में सुनील कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं ऋचा गुप्ता जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी की उपस्थिति में प्रशिक्षकों को समृति चिन्ह तथा प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया।

यूपी बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षा-2025: मेरठ मंडल में द्वितीय चरण में एक फरवरी से होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। जिसके अनुसार मेरठ मंडल में प्रयोगात्मक परीक्षा आगामी एक फरवरी से बोर्ड द्वारा निर्धारित केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न

- बोर्ड द्वारा निर्धारित केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी परीक्षा
- प्रयोगात्मक परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राएं :उपकार
- पड़ोसी विद्यार्थी के परीक्षण की नकल नहीं करनी चाहिए:विजय

कराई जायेगी। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए परीक्षार्थी तैयारी करने में जुटे गये है। साथ ही विषय विशेषज्ञों से सलाह भी ले रहे है। आपको बता दें कि यूपी बोर्ड द्वारा वर्ष 2024 की प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए घोषित किये गये कार्यक्रम के तहत द्वितीय चरण में मेरठ मंडल में एक फरवरी से 8 फरवरी तक आयोजित होगी। जिसके लिए छात्र छात्राएं प्रयोगात्मक परीक्षा की तैयारी में जुट गये है। जनपद के गांव नली हुसैनपुर में संचालित आदर्श इंटर कालेज के प्रधानाचार्य व विज्ञान संचारक उपकार दत्त शर्मा को जिले में विज्ञान विषय विशेषज्ञ शिक्षक के रूप में जाना जाता है,उन्होंने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा की तैयारी हेतु परीक्षार्थियों को विषय विशेष से सम्बंधित सभी प्रयोगों को परीक्षा से पूर्व दोहरा लें। किसी भी संदेह होने पर अपने विषय अध्यापक की मद्द अवश्य लें। उन्होंने कहा कि प्रयोग से सम्बंधित सभी पहलुओं पर मौखिक प्रश्न

एसएसवी इंटर कालेज में प्रयोगात्मक परीक्षा की तैयारी करते स्टूडेंट्स

तैयार करें। प्रयोग करते समय सही रीडिंग ही भरें। कदापि अनुमान से रीडिंग न भरे। गणना करते समय सभी स्टेप लिखे,प्रयोग से सम्बंधित यूनिट अवश्य बनायें। प्रयोगात्मक पुस्तिका पर चित्र अवश्य बनायें,आवश्यक होने पर पैमाना जरूर लिखें। एसएसवी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग ने बताया कि प्रयोग करते समय यंत्रों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। परीक्षा द्वारा मौखिक परीक्षा लिये जाते समय आत्मविश्वास से उत्तर दें। गलत उत्तर देने के स्थान पर परीक्षक महोदय को बता दें,कि अमुक प्रश्न का उत्तर उन्हें नहीं आता हैं। कभी भी अपने पड़ोसी विद्यार्थी के परीक्षण की नकल नहीं करनी चाहिए। याद रखें परीक्षक अनुभवी व्यक्ति होते हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक डा.विनिता ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद से प्राप्त निदेर्शों के अनुसार प्रयोगात्मक परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में बोर्ड द्वारा निर्धारित केन्द्रों पर आयोजित होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा एक फरवरी से 8 फरवरी तक आयोजित होगी। जिसके लिए तैयारी कराई जा रही है। इसके अलावा एग्जामनर परीक्षा केन्द्र के बाहर से अपनी सेल्फी लेकर परिषद कार्यालय को भी भेजेंगे।

खत्ते की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर दबंग ने बना दिया तीन मंजिला मकान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ)। धौलाना तहसील में दबंग भूमाफियाओं की

- ग्रामीणों में आक्रोश आखिर किस की मिलीभगत से हुआ करोड़ों की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा
- धौलाना तहसील के गांव शेखूपुर खिचरा में दबंग भूमाफियाओ की खुली दबंगई
- पूर्व प्रधान ने शिकायत कर अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग की

दबंगई रुकने का नाम नहीं ले रही । अब गांव खिचरा में दबंग भूमाफिया ने सरकारी खत्ते (गांव का कूड़ा डालने का स्थान) के बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा कर तीन तोले कोठी खड़ी कर प्रशाशन को चुनौती दे डाली। हैरत में लोग आखिर किसकी शह पर अवैध निर्माण होता गया और किसी ने रोकने की जुर्रत नहीं की ।

गौरतलब है की तहसील के गांव शेखूपुर खिचरा निवासी शकील प्रधान ने जिलाधिकारी हापुड़ को शिकायती पत्र भेज बताया की गांव के दबंग लोगों ने ग्राम सभा के खसरा नम्बर 227 पर अवैध कब्जा कर अनुचित रूप से तीन मंजिला मकान बना लिया है । अवैध कब्जा की गई सरकारी जमीन करोड़ों रुपयों की कीमत की है । गांव की खत्ते की जमीन पर अवैध कब्जा कर लेने के कारण गांव के

अवैध कब्जे की जानकारी देते पूर्व ग्राम प्रधान

लोगों को कूड़ा डालने के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । कही कूड़ा डालने की जगह नहीं होने के चलते कूड़ा सड़क पर डाला जा रहा है । जिससे उठने वाली भयंकर दुर्गंध से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है । पूर्व प्रधान ने बताया कि यदि ग्रामीण दबंग भूमाफिया का विरोध करते है तो उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया जाता है । प्रधान के मुताबिक इन दबंगों पर विभिन थानों में बहुत से संगीन केस दर्ज है । और ये लोग कई बार जेल भी जा चुके है । जिससे ग्रामीण इन दबंगों से खौफ खाते है । पूर्व ग्राम प्रधान ने दबंगों के कब्जे से गांव की खत्ते की जमीन कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है । वही डीएम हापुड़ ने मामले में जांच के आदेश दिए है ।

बंद मकानों व दुकानों में रेकी कर चोरी करने वालें गैंग का पर्दाफाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। जनपद के थाना पिलखुवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान बंद मकानों व दुकानों में रेकी कर चोरी करने वालें गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर,उनके कब्जे से 28 हजार रुपए व लाखों रुपए के सोने,चांदी के जेवरात,3 एलईडी टीवी, एक ई-रिक्शा,चोरी करने के

पुलिस ने कबाड़ी सहित चार सदस्य किये गिरफ्तार, 28 हजार रुपए व लाखों के सोने,चांदी के जेवरात बरामद

उपकरण व हथियार बरामद किये है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि स्वाट टीम व थाना पिलखुवा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर बन्द मकानों/दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 शातिर चोरों पिलखुवा निवासी शाहरुख,सलमान,वरुण व गाजियाबाद निवासी शाकिर को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे/निशानदेही पर 28,500 रुपये नकद,चोरी के पीली व सफेद धातु के आभूषण एवं 03 एलईडी टीवी,घटना करने में

प्रयुक्त ई-रिक्शा व औजार,उपकरण तथा अवैध असलाह आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म के चोर हैं।

जिसमें शाकिर कबाडी हैं,जो दिन में बन्द मकानों व दुकानों की रैकी करता हैं,उसके बाद वह सभी मिलकर मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार चोरों के विरुद्ध जनपद हापुड़ में चोरी,एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब तीन दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है,एवं इनके आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जनपदों से भी जानकारी की जा रही है।

रोटरी क्लब द्वारा किया गया अमर शहीदों को याद, शहीदों की जय जय कार की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ)। रोटरी क्लब के अध्यक्ष एंडो श्याम गर्ग के संयुक्त तत्वाधान में गणतंत्र पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम क्लब के सदस्यों ने ध्वज पताका फहराते हुए ध्वज को नमन की। जिसके बाद अमर शहीदों पंडित चंद्रशेखर आजाद, राज गुरु, मंगल पांडेय, झांसी की रानी, खुदी राम बोस, सुभाष बाबू नेता जी, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, लाला लाजपत राय, भगत सिंह, सुखदेव, तात्या टोपे, बाल गंगाधर तिलक, के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। जिसके बाद आजादी के दीवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी जय जय कार की गई । इस मौके पर निर्धन बच्चों में ग्राम

कपड़ो का भी वितरण कराया गया । कार्यक्रम आयोजन में मुख्य सहयोग क्लब के सेकेट्री गौरव कंसल, रोकड़िया संजय बंसल, प्रमोद कौर, योगेन्द्र कुमार, शरद गुप्ता, सौरभ कुमार, राहुल कुमार, सुनील कुमार, प्रतीक कुमार आदि क्लब के लोगों का रहा ।

भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर हैं: दीपक जैन शास्त्री

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़। मंगलवार को कसेरठ बाजार स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन

तीर्थकर भगवान आदिनाथ के निर्वाण दिवस पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया

मंदिर में प्रातःकाल अभिषेक पूजन, शान्तिधारा की गई,जिसके बाद जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर भगवान आदिनाथ का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

भगवान आदिनाथ विधान पाठ का आयोजन किया गया जिसमें हस्तिनापुर से आए जैन विद्वान दीपक जैन शास्त्री द्वारा विधान पाठ को सम्पन्न कराते हुए बताया कि जैन धर्म मे 24 तीर्थकर हुए हैं,भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम

तीर्थकर हैं। इन्हें भगवान ऋषभदेव भी कहा जाता है। आज ही के दिन तीर्थकर आदिनाथ का निर्वाण हुआ था। उन्होंने घोर तप साधना कर तीर्थकर का पद प्राप्त किया। जैन धर्म तप,संयम, त्याग,अहिंसा और जीव दया की शिक्षा देता है।

जैन भक्तो ने श्रद्धांपूर्वक विधान पाठ मे बैठकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, महामंत्री अशोक जैन, कोषाध्यक्ष सुखमाल जैन, राजेश जैन सुरेश चन्द जैन आकाश जैन विकास जैन संदीप जैन अमित जैन सुशील जैन संजय जैन, बबीता जैन, सपना जैन सुनीता जैन, श्वेता जैन, ममता जैन, ऋचा जैन आदि लोग उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस मुख्य अतिथि धौलाना एसडीएम लवी त्रिपाठी ने बच्चों को किया पुरस्कृत, सीओ अनीता चौहान ने भी बढ़ाया बच्चों उत्साह

एसएचवीएम पब्लिक स्कूल नारायणपुर धौलाना में गणतंत्र दिवस पर धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

धौलाना (संजीव वशिष्ठ)। इलाके की सबसे बड़ी शिक्षण संस्था एस एच वी एम ने गणतंत्र दिवस पर अपने स्कूल का वार्षिकोत्षव बड़े ही धूमधाम से मनाया । जिसमें बच्चों ने विभिन्न देश भक्ति से औत प्रोत प्रस्तुति पेश कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस दौरान सभी अतुगंतकों का स्कूल संस्थापक ललित राणा ने स्वागत किया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम धौलाना लवी त्रिपाठी, व सीओ पिलखुवा अनिता चौहान, स्कूल की पूर्व छात्रा साधना सिंह चीफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट आई टी कंपनी नोएडा, धौलाना थानेदार देवेंद्र बिष्ट ने पहुंच बच्चों का उत्साह वर्धन किया । इस मौके पर एसडीएम लवी त्रिपाठी ने अपने विद्यार्थी जीवन के संघर्ष को साझा

करते हुए शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया । सीओ अनिता चौहान ने भी बच्चों को शिक्षा के दम पर अपने सपनों को साकार करने के संविधान में मिले समान अवसर का जिक्र करते हुए परिवार व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में प्रचलित लोक कलाओं झलक पेश की। मोबाइल के दुष्परिणामों, बुजुर्ग मातापिता की अनदेखी, कीटनाशकों व रसायनों से मिट्टी की घटती उर्वरता एवं बढ़ती बीमारियां, देश की सीमाओं पर जवानों की कुबार्नी आदि विषयों पर नाट्य मंचन द्वारा उपस्थित लोगो को भाव विभोर कर दिया । कार्यक्रम में मौजूद मुख्य लोगो में विद्यालय प्रबंधक ललित राणा, डायरेक्टर अमित राणा, प्रधानाचार्य पूनम सिन्धु, मंजू सिंह, हिना नाज, मनोज , मानवेंद्र सिंह , आकाश राणा, गुरदीप शर्मा, सुधीर चौहान आदि उपस्थित रहे ।

सम्पादकीय

देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बुलेट ट्रेन रूपी इंजन है यूपी

अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

भारतीय अर्थव्यवस्था भारत के 28 राज्य 8 केंद्रशासित प्रदेशों की आर्थिक क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था 3-7 ट्रिलियन डॉलर का स्तर पार कर चुकी है जिसमें 15.7 प्रतिशत के योगदान के साथ महाराष्ट्र प्रथम स्थान पर है तथा 9.2 प्रतिशत के योगदान के साथ उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है।

यह दशार्ता है कि उत्तर प्रदेश राज्य आर्थिक दृष्टिकोण से देश की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला बुलेट ट्रेन रूपी इंजन है।

उत्तर प्रदेश राज्य से देश की राजनीति का सीधा संबंध है क्योंकि लोक सभा में राज्यों में सर्वाधिक सीटें उत्तर प्रदेश की हैं परंतु 2017 से जब से प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है तब से देश की आर्थिक गतिविधियों के केंद्र में प्रदेश आ गया है। 2018 में यूपी इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के साथ ही 2020 में 11वें डिफेंस एक्स्पो का सफल आयोजन राज्य में कराया गया। दिल्ली को छोड़ दिया जाए तो उत्तर प्रदेश में पहली बार किसी राज्य में डिफेंस एक्स्पो का आयोजन हुआ था। कोविड महामारी की आपदा के दौरान प्रधानमंत्री के आपदा में अवसर के मंत्र ने उत्तर प्रदेश को नई ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। उत्तर प्रदेश सैनेटाइजर उत्पाद से लेकर सर्वाधिक कोविड वैक्सिनेशन करने वाला देश का पहला राज्य बना। 2023 में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हुआ। 2024 में देश ने जी-20 सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस अवसर का लाभ उत्तर प्रदेश राज्य ने आर्थिक-सांस्कृतिक, दोनों दृष्टि से खूब उठाया। सांस्कृतिक शहरों वाराणसी, लखनऊ, आगरा जैसे शहरों में निवेशकों को निवेश के बेहतर विकल्प मिले तो पर्यटन, खानपान, लोक कलाओं और ओडीओपी योजना में शामिल उत्पादों को उपहारस्वरूप भेंट देकर निवेशकों का मन जीता तो वहीं प्रदेश के आर्थिक हब ग्रेटर नोएडा में सम्मेलन का आयोजन कर उत्तर प्रदेश की आर्थिक क्षमता से भी निवेशकों का परिचय कराया। 22 जनवरी, 2024 की तारीख पुनः उत्तर प्रदेश को देश के केंद्र में ला खड़ा करती है, मौका था भव्य राम मन्दिर के उद्घाटन का।

संपूर्ण अयोध्या नगरी का कायाकल्प हो गया। सड़कों से लेकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक, रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टैंड तक, सड़कों के चौड़ीकरण से लेकर, भव्य चौराहों के निर्माण तक, सीवर लाइन से लेकर बिजली की व्यवस्था तक, धार्मिक स्थलों के कायाकल्प से लेकर, रोजगार, सुरक्षा, पर्यटन और स्वच्छता के क्षेत्र में, जो नये-नये कीर्तिमान रचे गए, उसका साक्ष्य प्रदेश की 24 करोड़ जनता बनी। असंख्य श्रद्धालु आज लाखों की संख्या में अयोध्या पहुंच रहे हैं, और देश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान सुनिश्चित करा रहे हैं।

आज प्रदेश अपने सु-शासन, जीरो टॉलरेंस ऑफ करप्शन तथा महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर अपनी छवि को सकारात्मक कर चुका है, जिसका परिणाम है कि स्थल अवरुद्ध राज्य होने के बाद भी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का संचालन हो या भारत की पहली फिल्म सिटी का निर्माण हो या प्रधानमंत्री मित्र योजना में शामिल 7 राज्यों में उत्तर प्रदेश का शामिल होना हो या सैमसंग कंपनी द्वारा विश्व की सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग हब का नोएडा में स्थापित होना हो, उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश के नये परसेप्शन के साथ आगे बढ़ रहा है। आज उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत के सपने को व्यावहारिक पटल पर स्वीकार्य बना रहा है। यूपी कृषि प्रधान तथा एमएसएमई प्रधान राज्य तो है ही वह दिन दूर नहीं जब यह सेवा प्रधान राज्य भी होगा।

भारतीय लोकतंत्र एक बार फिर से मजबूत हो सकता है

जुनैद मलिक अत्तारी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शिकायती और निराशावादी हैं? जब उन्होंने अपनी पार्टी के सहकर्मियों को कहा कि उनका मुकाबला सिर्फ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से नहीं बल्कि पूरे राज्य से है, तो क्या वह अतिशयोक्ति कर रहे थे? क्या वह इस प्रकार की बातें इसलिए करने लगे हैं क्योंकि चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं? और अपनी कमजोरी छिपाने के लिए अब पूरी राज्य मशीनरी पर आरोप लगाने लगे हैं?पहले संदर्भ जान लें। राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर अपनी पार्टी के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। वह उन्हें यह बता रहे थे कि पार्टी किन परिस्थितियों में काम कर रही है। उसके सामने चुनौतियां किस किस्म की हैं?उन्होंने कहा कि भारतीय जनतंत्र की जमीन बदल चुकी है। राजनीतिक संघर्ष अब न्यायसंगत तरीके से नहीं हो रहा। कांग्रेस पार्टी अब मात्र भारतीय जनता पार्टी या आरएसएस से नहीं लड़ रही। उसके खिलाफ राज्य की तकरीबन सारी संस्थाओं का इस्तेमाल हो रहा है। इसलिए यह अब सामान्य जनतांत्रिक संघर्ष नहीं रह गया है।क्या राहुल गांधी गलत कह रहे थे? क्या उनकी इस बात में कोई तथ्य नहीं है कि अब विपक्ष को बीजेपी के साथ राज्य के विरोध का सामना करना पड़ रहा है? राज्य से राहुल गांधी का तात्पर्य क्या है? राज्य का मतलब है नौकरशाही, पुलिस, दूसरी जांच एजेंसियां, फौज, चुनाव आयोग या अन्य आयोग जैसी संस्थाएं। शिक्षा संस्थान भी। इस सूची में आप अदालतों को भी शामिल कर लें।गौरतलब है कि जनतंत्र सुचारु रूप से तभी चल सकता है, जब ये सारी संस्थाएं स्वतंत्र तरीके से काम करें और खुद को राजनीतिक सत्ता से नत्थी न कर लें। अपेक्षा की जाती है कि वे शासक दल के हितरक्षक और प्रचारक की तरह काम नहीं करेंगी। आप चाहें तो इसमें मीडिया को भी जोड़ लें। अगर हमें यथार्थवादी होना है, तो उद्योग जगत को भी जिसे हम आज कॉरपोरेट दुनिया कहते हैं। सिविल सोसाइटी की भूमिका कम महत्वपूर्ण नहीं है। उसका सक्रिय रहना जनतंत्र के लिए जरूरी है और वह सरकार और विपक्ष, दोनों का सहयोग करती है।नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारतीय लोकतंत्र का सत्यानाश हो चुका है और यह तमाम विकास सूचकांकों में लगातार दिख भी रहा है। एक दशक से ज्यादा समय के इस हिंदुत्व-संचालित शासन में सत्ता का केन्द्रीकरण और बढ़ता बहुसंख्यकवाद इसकी पहचान बन गए हैं और इसने भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों और मूल्यों को खत्म कर दिया है।ऐसा कहना प्रोफेसर अशोक स्वैन का है। गौरतलब है कि अशोक स्वैन स्वीडन की उप्सला यूनिवर्सिटी में पीस एंड कॉनफ्लिक्ट रिसर्च के प्रोफेसर हैं।वो कहते हैं कि मोदी के प्रशासन ने न्यायपालिका को कमजोर किया है, असहमति के स्वर को दबाया है, मीडिया की आजादी की नकेल कसी है और राष्ट्रवाद और हिन्दू हितों की रक्षा की आड़ में सामाजिक विभाजन को बढ़ाया है। इन प्रवृत्तियों ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक के स्वास्थ्य और भविष्य के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।वो अपनी लेखनी में कहते हैं कि कभी संवैधानिक मूल्यों के संरक्षक के रूप में देखी जाने वाली न्यायपालिका को मोदी सरकार ने व्यवस्थित रूप से कमजोर किया है। इसके उदाहरण हैं। अदालत में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, अडानी समूह के भ्रष्ट आचरण और राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद जैसे सरकार को असहज करने वाले मामलों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कछुए की रफ्तार से चल रही है जबकि सरकार के एजेंडे वाले मामले सरपट भागे जा रहे हैं। न्यायिक नियुक्तियों पर कार्यपालिका के प्रभाव ने इस महत्वपूर्ण संस्था की आजादी को और कम कर दिया है जिससे सत्ता पर अंकुश लगाने की इसकी क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं।वो कहते हैं कि मोदी के शासन में भारत में मीडिया को लगातार हमलों का सामना करना पड़ा है। स्वतंत्र पत्रकार और सरकार की आलोचना करने वाले आउटलेट आयकर छापों, कानूनी उत्पीड़न और सार्वजनिक बदनामी के शिकार हुए हैं। प्रेस की स्वतंत्रता पर इस सुनियोजित हमले ने भारत के अधिकतर मीडिया को सत्तारूढ़ दल के मुखपत्र में बदल दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बीजेपी आईटी सेल द्वारा संचालित दुष्प्रचार और गलत सूचना अभियानों से भर गए हैं जिससे असहमति जताने वालों के लिए जगह और घट गई है।वो आगे लिखते हैं कि सिविल सोसाइटी खास तौर पर इनके निशाने पर रही है। सरकार की नीतियों को चुनौती देने वाले गैर सरकारी संगठनों और ऐक्टिविस्टों को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) जैसे कानूनों के माध्यम से कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा है। ऐक्टिविस्टों, शिक्षाविदों और छात्रों को राष्ट्र-विरोधी करार देकर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) जैसे कठोर कानूनों के तहत जेल में डाला गया। दिवंगत स्टेन स्वामी, सुधा भारद्वाज और उमर खालिद, खालिद सैफी, उमर उस्मानी, जैसे लोगों को जिस तरह लंबे समय तक जेल में रखा गया है, वह बताता है कि मोदी शासन असहमति की आवाज को दबाने और खौफ पैदा करने के लिए किस तरह कानून का इस्तेमाल औजार की तरह करता है। वो कहते हैं कि मोदी की आर्थिक नीतियां भी उतनी ही विनाशकारी रही हैं। 2016 की नोटबंदी ने लाखों भारतीयों के लिए बेइंतहां मुश्किलें पैदा कीं। आम लोगों ने जो भी थोड़ी-बहुत बचत कर रखी थी, वह खत्म हो गई और अनौपचारिक क्षेत्र को अपंग बना दिया गया। खराब तरीके से लागू किए गए जीएसटी ने आर्थिक असमानता को बढ़ा दिया और अनगिनत छोटे व्यवसायों को बंद कर दिया। कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार की तैयारियों की कमी के कारण प्रवासी मजदूरों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया और उनमें से कितने ही लोगों को सैकड़ों किलोमीटर का सफर पैदल तय कर अपने गांव लौटना पड़ा। ये विफलताएं

उस सरकार की पोल खोलकर रख देती हैं जो ठोस काम करने की जगह दिखावे पर ज्यादा ध्यान देती है।प्रोफेसर अशोक स्वैन आगे कहते हैं कि मोदी के नेतृत्व में हिन्दुत्व की विचारधारा ने भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने की बुनियाद ही खिसका दी है। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और प्रस्तावित राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) जैसी नीतियों ने मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव को संस्थागत बना दिया है। बीजेपी नेताओं के भड़काऊ भाषणों और सांप्रदायिक हिंसा को सरकार की मौन मंजूरी का असर यह हुआ है कि समाज में खौफ और विभाजन का माहौल गहरा हो गया है। नफरती अपराधों और लिंचिंग की घटनाओं पर मोदी का मुंह सील लेना बहुलवाद के प्रति शत्रुतापूर्ण माहौल को बढ़ावा देने में उनके शासन की मिलीभगत को बताता है। प्रोफेसर अशोक चुनाव आयोग को लेकर कहते हैं कि भारत का चुनावी लोकतंत्र व्यवस्थित क्षरण से अछूता नहीं रहा है। भारत का चुनाव आयोग जो कभी दुनिया की ईर्ष्या का विषय था, अब काफी हद तक मोदी शासन का रबर स्टैंप बनकर रह गया है। चुनावी बॉन्ड ने अपारदर्शी राजनीतिक फंडिंग को बढ़ावा दिया और इसका बेतहाशा फायदा बीजेपी को मिला और इसके कारण नीति निर्माण पर कॉरपोरेट प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ गई। ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों को विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए औजार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे चुनावी मुकाबला असमान हो गया है। इन सबके कारण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और अखंडता बुनियादी रूप से कमजोर हो गई है। वो आगे कहते हैं कि वैश्विक स्तर पर, बहुलवादी और लोकतांत्रिक समाज के रूप में भारत की छवि को नुकसान पहुंचा है। मानवाधिकारों के उल्लंघन, प्रेस की आजादी को कुचलने और अल्पसंख्यकों को हाशिये पर धकेलने की रिपोर्टों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी आलोचना हुई है। फिर भी, इन खतरनाक प्रवृत्तियों के बावजूद, भारतीय लोकतंत्र को वापस पटरी पर लाने की उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं।प्रोफेसर अशोक कांग्रेस को लेकर कहते हैं कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी फिर से खड़ी हुई है और खास तौर पर विपक्ष के नेता के रूप में राहुल के नेतृत्व में संसदीय प्रणाली मजबूत हुई है और विपक्ष के प्रयासों को एक नई ऊर्जा मिली है। राहुल गांधी ने सरकार के सत्तावादी व्यवहार का खुलकर मुकाबला किया है और महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहस के लिए सरकार को मजबूर करते हुए वह मोदी के केन्द्रीकृत शासन में कुछ जवाबदेही लाने में सफल रहे हैं।विपक्षी दलों के गठबंधन ने यह भी साबित कर दिया है कि बीजेपी का प्रभुत्व चुनौती से परे नहीं है। यह सहयोग, किसानों के विरोध जैसे जमीनी स्तर के आंदोलनों की सामूहिक शक्ति के साथ मिलकर, सत्तावाद का विरोध करने की क्षमता को उजागर करता है। हालांकि इस उम्मीद को साकार करने के लिए मतदाताओं, सिविल सोसाइटी और राजनीतिक दलों को बीजेपी की विभाजनकारी राजनीति के खतरों के प्रति सतर्क रहना होगा। बीजेपी की रणनीति सामाजिक विभाजन का फायदा उठाने की होती है और ध्रुवीकरण को गहरा करती है, जिससे न केवल भारतीय लोकतंत्र के विनाश का जोखिम है, बल्कि राष्ट्र की एकता के मूल ढांचे को भी खतरा है।प्रोफेसर अशोक स्वैन आगे कहते हैं कि भारत के लोकतंत्र के पुनर्निर्माण के लिए कई तरफ से कोशिशों की जरूरत है। नागरिकों को विभाजनकारी बयानबाजी को खारिज करने और मतदान से लेकर नेताओं को जवाबदेह ठहराने तक लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने की जरूरत है।

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

काश माल.ए.मुफ्तए दिल.ए.बेरहम से इतर दिल्ली की भी बात होती!

ऋतुपर्ण दवे

दरअसल दिल्ली विधानसभा चुनावए गठन के बाद से ही बेहद अलगए दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमों केजरीवाल जैसीमुफ्त की रेवड़ियोंका वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करनेलगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं। ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा।

दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्तजीत दर्ज की।34 वर्ष के चौधरी ब्रम्ह प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रम्ह प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने।बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते।1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे।राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते सालभर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी।इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 मेंचुनाव हुए। 1993 में भाजपा बहुमत में आई।मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला।लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिलीजो महज 52 दिनमुख्यमंत्री रहीं। 1998 के चुनाव मेंभाजपा ने सुषमा स्वराज कोतो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जालए मेट्रो रेल का विस्तारए डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने।1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं।इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रेल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते.देखते अरविन्द केजरीवालए मनीष सिसोदियाए संजय सिंहए आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों मेंभाजपाने 32 जीतीफिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने। कहते हैं राजनीति शह.मात का खेल है। आप और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीस खूब लुटाई।

बुधवार का राशिफल

मेष — करियर पर काफी फोकस करने की आवश्यकता है, इधर-इधर समय ना गवाते रहे, भगवान शिव की भक्ति करें, व्यसन में अब तक जितना धन खर्च किया है उसे छोड़ने का संकल्प करें। भाग्य प्रतिशत-51

वृषभ — जीवन साथी की इच्छाओ को समझे, शिक्षा बढ़ाने करियर बनाने का मौका दे, बैंकिंग,अकाउंट क्षेत्र वाले उत्तम प्रगति करेंगे, दोस्तों के उकसावे पर व्यसन ना शुरू करे। भाग्य प्रतिशत-52

मिथुन — ठंडी जगह घूमने के बीच स्वास्थ्य समस्या हो सकती है, वाहन का ध्यान रखें, बाहर का खाना ज्यादा ना खाए, संगीत क्षेत्र से जुड़े है तो कार्य चलेगा। भाग्य प्रतिशत-51

कर्क — वादियों में घूमने का आनंद मिलेगा, स्ट्रेस भी कम होगी, दूसरी नौकरी की तलाश तेज करेंगे, प्रेम समबन्ध में ध्यान रखे। भाग्य प्रतिशत-54

सिंह — बाधाओं के साथ कार्य होंगे, विवाद हुआ है तो विजय होगी लेकिन उसे जल्दी खत्म करें, छोटी मोटी सर्जरी का योग भी है। भाग्य प्रतिशत-50

कन्या — पड़ोस में अनहोनी की संभावना है, उच्च वर्ग से मित्रता फिलहाल काम नहीं आयेगी, सफलता में मुश्किल होगी,भाई से विवाद बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-48

तुला — प्रेम मिलेगा, खर्चे भी बढ़ेंगे, विवाह के लिए मार्ग प्रशस्त होगा, घर में किसी की तबियत ना बिगड़े ध्यान रखें, काम पर फोकस करें। भाग्य प्रतिशत-60

वृश्चिक — केस में उलझ सकते है, काफी तनाव भी बढ़ेगा, बहुत परिश्रम से ही थोड़ा सुख सम्भव है, हाथो कंधों का ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-48

धनु — किसी से उलझे नहीं, वाणी का प्रयोग भी सोच समझकर करें, टैलेंट का लाभ अवश्य मिलेगा, धन भी बढ़ेगा, नस में खिंचाव, कमर दर्द सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-56

मकर — सब कुछ रुका हुआ लगेगा, प्रेम समबन्ध या वैवाहिक सबंध में कोई बात खुलने से बिगाड़ होगा, शरीर में कैल्शियम कम हो सकता है ध्यान रखें। भाग्य प्रतिशत-47

कुंभ — रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है, ठंड, कफ रोग से भी बचे, प्रोमोशन मिलने में कोई बाधा डाल सकता है, कानूनी मामला देखेंगे। भाग्य प्रतिशत-47

मीन — इन्वेस्टमेंट लाभ देगा, मेडिकल स्टोर चलेगा, कानूनी मामला भी देखेंगे, फैशन की कोई चीज खरीद सकते है, संतान को लेकर चिंता बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-53

अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

गाँव की मिट्टी की खुशबू और दिनेश शर्मा

आर०आर०डी० उपाध्याय

गाँव की मिट्टी की खुशबू किसी को इस कदर दीवाना बना सकती है कि हर रोज अपने गाँव लोट आने को मन करता है। आज के इस आधुनिक युग में सभी को अपनी ओर आकर्षित करने वाली देश की राजधानी दिल्ली भी गाँव के प्रति दिनेश शर्मा की दिल्लगी को कम न कर सकी। अपना गाँव, अपना घर, अपना आँगन, अपनी गलियाँ, अपने खेत, अपना स्कूल और अपने लोग दिनेश शर्मा के दिल में ही नहीं साँसों में बसते है।

इसीलिए वह राष्ट्रीय व धार्मिक पर्वों के साथ जब भी मौका मिलता है, शहर की चकाचौंध को छोड़कर गाँव की मिट्टी की खुशबू लेने अपने गाँव पहुँच जाते है। अपने बचपन की यादों को पुनः जीने के लिए प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी और 15 अगस्त को दिनेश शर्मा अपने गाँव ककौर कला के उस विद्या मन्दिर प्राथमिक विद्यालय नम्बर-1 ककौर कला पहुँच जाते है। जहाँ वह सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा गाया करते थे। जहाँ शनिवार के दिन बाल सभा होती थी। जहाँ नैतिक शिक्षा को पढ़ने के साथ जीवन में उतारने की शिक्षा मिलती थी। जहाँ बचपन की नन्हीं और मधुर यादें अपनी बाँहों को फैलाकर अपनों का इन्तजार करती है।

31 जनवरी 2022 में दिल्ली पुलिस से रिटायर एसीपी दिनेश शर्मा सुपुत्र श्री ईश्वर दयाल शर्मा का बचपन उत्तर प्रदेश के जनपद बागपत के गाँव ककौर कलां की इन्हीं गलियों में बीता और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालय नम्बर-1 ककौर कलां की कक्षा में अक्षर-वर्णमाला का ज्ञान प्राप्त करते हुए कक्षा पाँच की बोर्ड परीक्षा को उत्तम अंक प्राप्त कर उतीर्ण किया।

सीआरपीएफ, यूनाइटेड नेशन (कोसोवो) दिल्ली पुलिस एसएचओ (अलीपुर, कमला मार्किट,करोल बाग, महेन्द्र पार्क) क्षेत्राधिकारी स्वरूप नगर व भजनपुरा, स्पेशल सैल में 2017 से 2022 तक दिल्ली पुलिस के एसीपी के रूप में सेवायें देने वाले दिनेश शर्मा राष्ट्रीय पर्व स्वतन्त्रता दिवस और गणतंत्र दिवस को अपने गाँव आकर बचपन में वर्णमाला का ज्ञान सीखने वाले अपने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के बीच बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाते है और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते है। दिनेश शर्मा आमन्त्रित अतिथियों और प्रबुद्ध व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए कहते है कि अपना गाँव अपने लोग और इस मिट्टी की खुशबू जीवन को धन्य कर देती है। गाँव के अपनेपन को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है। यह

हृदय की अनुभूति का विषय है।

गाँव हो अपना लोग हो अपने, हो बचपन की यादे संग। आँगन की मिट्टी की खुशबू, दुनियां के सब फीके रंग। नहीं सुहानी सुन्दर नगरी, क्या काबा क्या हिमगिरि। रोम रोम में गाँव बसा, क्या यरूशलेम क्या स्वर्ग परी।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन इकाई आगरा मंडल सका जनपद मथुरा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओ के साथ हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मथुरा(मोइनुद्दीन)। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन इकाई आगरा मंडल सका जनपद मथुरा दिनांक 26जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस की उपलक्ष में जिला कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ एक बैठक आहूत हुई। बैठक में मुख्य बिंदु जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह टंडेल द्वारा अध्यक्षता की अध्यक्ष ने नवागत कार्यकर्ताओ एवं सदस्यगण को मानव अधिकार के प्रति मार्गदर्शन किया एवं आगामी महा में जाता कार्यक्रम जैसे कि बाल विवाह दहेज प्रतिषेध, भूण हत्या महिलाओं के प्रति जागरुक कार्यक्रम आयोजन होना है । इसी तरह जागरूकता कार्यक्रम करने के प्रति कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन किया और रोशन किया समय समय पर शासन प्रशासन के सहयोग और कार्य प्रणाली सहयोग लेते हुए इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए क बैठक में उपस्थित प्रमोद शर्मा,मंडल अध्यक्ष आगरा मंडल गुड़िया देवी नगर अध्यक्ष महिला वर्ग वृंदावन दिनेश सिंह सदस्य, डॉक्टर राज भास्कर सदस्य आदि गण मौजूद रहे।

मण्डलायुक्त ने जिले की युवा निशानेबाज अरीबा खान को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ मनोज चौहान)। निशानेबाजी में रानी लक्ष्मी बाई पुरुस्कार से सम्मानित अलीगढ़ की बेटी अरीबा खान को मण्डलायुक्त संगीता सिंह एवं एडीए वीसी अपूर्वा दुबे ने स्मृति चिन्ह एवं

मण्डल की अन्य बेटियों एवं युवा खिलाड़ियों के लिए आपकी उपलब्धि प्रेरणादायी : संगीता सिंह, आयुक्त

प्रमाण पत्र देकर पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। मण्डलायुक्त ने कहा कि आपकी उपलब्धि निश्चित रूप से मण्डल की अन्य बेटियों एवं युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी होगी। आपने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को नया आयाम दिया है। मण्डलायुक्त से वार्ता के दौरान अरीबा खान ने बताया कि उन्हें पेंटिंग का भी शौक है।

अरीबा खान की उपलब्धियां

अलीगढ़ के आजाद नगर निवासी प्रतिभाशाली और समर्पित निशानेबाज अरीबा खान को वर्ष 2023-24 के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा खेल के क्षेत्र में प्रशंसनीय उपलब्धि एवं शूटिंग में विशिष्ट कौशल की सराहना के लिए प्रतिष्ठित रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से अलंकृत किया गया है। विदित रहे कि 19 नवंबर 2001 को अलीगढ़ में जन्मी अरीबा खान ने अपनी प्रभावशाली उपलब्धियों के साथ खुद को एक शीर्ष स्तरीय निशानेबाज के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने 21 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 के ओलंपिक क्वालीफायर शामिल हैं। उन्होंने 7 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं, जिसमें विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक और अंतर्राष्ट्रीय जूनियर शॉटगन कप में स्वर्ण पदक शामिल है। उन्होंने 10 राष्ट्रीय पदक भी हासिल किए हैं, जिसमें एक जूनियर नेशनल चैंपियन का खिताब और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी शूटिंग चैंपियनशिप में कई पदक शामिल हैं। 2013 में अपने कैरियर की शुरूआत करते हुए, अरीबा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई स्वर्ण पदकों के साथ तेजी से प्रमुखता से उभरीं। तब से उन्होंने आईएसएसएफ विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप और एशियाई चैंपियनशिप सहित दुनिया भर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में भाग लिया और लगातार शीर्ष रैंकिंग और पदक अर्जित किए हैं। विशेष रूप से वह 2019 में भारत की शीर्ष क्रम की निशानेबाज बनीं और ट्रैप और स्कीट दोनों स्पधाओं में राष्ट्रीय टीम का एक अभिन्न अंग रही हैं। उनकी उपलब्धियों में व्यक्तिगत और टीम की सफलताएं शामिल हैं, जिसमें 2024 में 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक शामिल हैं।इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राम मिलन एवं पिता मा0 खालिद खान भी उपस्थित रहे।

अग्रसेन नगर कॉलोनी कोसीकलां मे मथुरा MVDA द्वारा बनाई जाने वाली 200 मीटर लंबी रोड का शुभारंभ भाजपा नेता तरूण सेठ द्वारा किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मथुरा (मोइनुद्दीन)। अग्रसेन नगर कॉलोनी कोसीकलां म मथुरा MVDA द्वारा बनाई जाने वाली 200 मीटर लंबी रोड का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता तरूण सेठ द्वारा किया गया। इस रोड को बनवाने के लिए विगत दिनों वरिष्ठ भाजपा नेता तरूण सेठ ऋतु माहेश्वरी कमिश्नर आगरा से मिले थे। इसके आधार पर कमिश्नर साहिबा ने इस रोड को बनवाने के लिए निर्देश दिए थे लेटर भी लिखा था। इसके आधार पर यह रोड पास हुई। कमिश्नर साहिबा ऋतु माहेश्वरी जी एवं MVDA के अधिकारी विशेषकर उपाध्यक्ष सिंह, सेकेट्री अरविंद कुमार आदि को बहुत-बहुत धन्यवाद। यह रोड लगभग 17 लाख रुपए से बनेगी। रोड शुभारंभ के अवसर पर ठेकेदार सौरव, विष्णु समेत कॉलोनी के जगदीश लाल, हरिश्चंद्र मास्टर राजेंद्र लोहिया , सुरेंद्र जैन, गौरव शर्मा,राम, रजत कुमार, अशोक कुमार, नरेश पीलीकोठी आदि उपस्थित थे। इस रोड के बनने से कॉलोनी वासियों में खुशी की लहर है।

गैलेंट्री अवार्ड से नवाजे गए सीओ कुलदीप अहलावत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बहसूमा। बहसूमा कस्बा निवासी उपाधीक्षक कुलदीप कुमार को भारत सरकार की ओर से गैलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जिससे उनके परिवार सहित कस्बे में खुशी छा गई और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। बता दें कि बहसूमा कस्बा निवासी कुलदीप कुमार संभल में उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं उन्होंने अपनी बहादुरी से बरेली में व्यापारियों के साथ हुई करीब 80 लाख की लूट का खुलासा किया था और दो बदमाशों को भी मार गिराने में अहम भूमिका निभाई थी।सीओ कुलदीप अहलावत को गैलेंट्री पुरस्कार मिलने से परिवार सहित बहसूमा कस्बे व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सीओ कुलदीप कुमार का परिवार एक किसान परिवार है। युवाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए खुशी का इजहार किया है। युवाओं ने कहा कि वह भी कड़ी मेहनत कर कुलदीप अहलावत की तरह एक प्रसिद्ध खिलाड़ी बनना चाहते हैं कुलदीप अहलावत वर्तमान में संभल में सीओ के पद पर कार्यरत है।

देश के लिए कई पदक जीत चुके हैं कुलदीप

कुलदीप अहलावत देश के लिए कई पदक जीत चुके हैं उन्होंने ईरान में इंडोर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था अब तक राष्ट्रीय चैंपियनशिप के जूनियर सीनियर वर्ग में 25 स्वर्ण पदक जीते कुलदीप अहलावत ने 2002 में बुसान एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उसके बाद 2002 में श्रीलंका में एशियाई चैंपियनशिप में भी देश के लिए मेडल लिया था वर्ष 2003 में उन्होंने बेल्जियम में वर्ल्ड क्रॉस कंट्री में देश का नाम रोशन किया था 2003 में ही फिलिपींस में एशियाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था वर्ष 2005 में इंचिओन में एशिया चैंपियनशिप में देश का नाम रोशन किया था।कुलदीप अहलावत सन 2000 से 2006 तक लगातार 5000 और 1500 मीटर वर्ग में नेशनल चैंपियन रहें है। कुलदीप अहलावत ने सन 2000 में लुधियाना में हुए राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में रजत पदक जीता था। उन्होंने सन 2000 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में 5000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था। सीओ कुलदीप अहलावत को 24 जनवरी 2022 को लक्ष्मण अवार्ड से भी नवाजा गया है।

सपा छात्र सभा ने पीडीए जन पंचायत में बताई उपलब्धियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ। समाजवादी छात्र सभा द्वारा शहर विधानसभा के विभिन्न कॉलेजों में जाकर पीडीए जन पंचायत पर छात्रों व शिक्षकों से जन संवाद किया। वही रघुवीर सहाय इंटर कालेज (के .पी.) छात्रों और शिक्षकों से बात करते हुए सपा छात्र सभा महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती ने कहा भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक एवं महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते आम जनता परेशान है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। सपा छात्र सभा के महानगर उपाध्यक्ष गौरव पुजारी ने कहा कि सपा सरकार कार्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश के विकास के लिए बहुत काम किया था, लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद प्रदेश में विकास पूरे तरह से ठहर गया है। महानगर उपाध्यक्ष छात्र सभा फैजान अली ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यकों पर अत्याचार कर रही है। अब जन पंचायत से जागरूक किया जाएगा। कोल विधानसभा अध्यक्ष विनोद चौहान ने कहा भाजपा देश के सौहार्द को खराब कर एकता और भाईचारा को खत्म करने का काम कर रही है। इस मौके पर मौजूद रहे समाजवादी छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष मौ मोहसिन मेवाती महानगर उपाध्यक्ष गौरव पुजारी महानगर उपाध्यक्ष फैजान अली शहर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप चंदेल कोल विधानसभा अध्यक्ष विनोद चौहान महानगर सदस्य फैजान अनुज सिंह राजेंद्रा सिंहनीरज सिंह सरदार जी राकेश लाल दीपक चौहान महानगर सचिव अंकित यादव महानगर सचिव आदिल अब्बासी छात्र नेता इमरान पठान आदि लोग मौजूद रहे।

प्रो.एम सऊद आलम कासमी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। एएमयू के धर्मशास्त्र संकाय के पूर्व डीन और प्रख्यात इस्लामी विद्वान प्रो एम सऊद

एक प्रसिद्ध वक्ता के रूप में उन्होंने एएमयू में कई प्रतिष्ठित भूमिकाएँ निभाई हैं और कई अकादमिक संस्थानों और संपादकीय बोर्डों से जुड़े हैं

आलम कासमी को जयपुर स्थित जामियतुल हिदायह द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार प्रदान करते हुए जामिया के रेक्टर मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने प्रोफेसर कासमी की एक प्रतिष्ठित विद्वान के रूप में प्रशंसा की और उनकी पुस्तकों को भारत का खजाना बताया। उन्होंने युवा विद्वानों से प्रोफेसर कासमी की अकादमिक विरासत से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।वर्तमान में प्रकाशित होने वाली पत्रिका तहजीबुल अखलाक के संपादक प्रो कासमी ने अंग्रेजी, उर्दू और अरबी में 40 किताबें और 400 से अधिक लेख लिखे हैं। एक प्रसिद्ध वक्ता के रूप में उन्होंने एएमयू में कई प्रतिष्ठित भूमिकाएँ निभाई हैं और कई अकादमिक संस्थानों और संपादकीय बोर्डों से जुड़े हैं।

संक्षिप्त समाचार

डॉ.फारूक ए.डार को मिला कैप्टन का रैंक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। अमुवि के तशरीह व मुनाफेअल आजा विभाग में एसोसिएट प्रो और एएमयू की एनसीसी इकाई के लेफ्टिनेंट डॉ. फारूक ए. डार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए), काम्पटी, महाराष्ट्र में सफलतापूर्वक रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद लेफ्टिनेंट से कैप्टन के पद पर पदोन्नत किया गया है। 8 यूपी बटालियन एनसीसी मुख्यालय में रैंक समारोह आयोजित किया गया, जहां कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजय लुंबा और एडमिरल ऑफिसर कर्नल योगेंद्र सिंह चैहान ने उन्हें रैंक प्रतीक चिन्ह प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उनके साथी अधिकारी, एसएम, पीआई और सिविल स्टाफ ने भाग लिया।कैप्टन डार को हाल ही में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महानिदेशक एनसीसी से प्रशंसा प्राप्त हुई।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में जिले में बनाए गए नए 24142 मतदाता फोटो पहचान पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ । सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान (29 अक्टूबर 2024 से 08 दिसंबर 2024 तक) की अवधि में प्राप्त फार्म-6, एवं फार्म-8 के ईरोल अपडेट किए गए डाटा के सापेक्ष 24142 मतदाता फोटो पहचान पत्र संबंधित फर्म से प्राप्त कर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय द्वारा मुख्य डाकघर के माध्यम से स्पीड पोस्ट द्वारा बुक करा दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित मतदाताओं से अनुरोध किया है कि किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर संबंधित डाकघर या तहसील में संपर्क कर सकते हैं।

एएमयू के मोहसिनुल मुल्क हॉल और अब्दुल्ला हॉल में नए प्रोवोस्ट नियुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ । अमुवि के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो मोहम्मद नसीम खान और केमिकल इंजीनियरिंग विभाग की डॉ. शीबा जिलानी को तत्काल प्रभाव से दो साल या अगले आदेश तक क्रमशः मोहसिनुल मुल्क हॉल और अब्दुल्ला हॉल का प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया है।

मो मोहसिन खान एनएसएस के समन्वयक नियुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़। अमुवि के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग अनुभाग के मोहम्मद मोहसिन खान को दो साल या अगले आदेश तक राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंशकालिक कार्यक्रम समन्वयक और सामाजिक सेवा समिति (एसएससी) के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

जमुनापारी बकरी की उत्पादकता एवं नस्ल संरक्षण में सुधार हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मथुरा (मोइनुद्दीन)। केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, फरह, मथुरा (उत्तर प्रदेश) में जमुनापारी बकरी की उत्पादकता एवं नस्ल संरक्षण में सुधार हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में इटावा एवं औरैया जिलों के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य पशु अधिकारी शामिल हुए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से जमुनापारी बकरियों की उत्पादकता बढ़ाना एवं उनकी जनसंख्या वृद्धि सुनिश्चित करना था । कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, भारत सरकार के उप महानिदेशक (पशु उत्पादन एवं प्रजनन) डॉ. जी. के. गौड़ ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जमुनापारी नस्ल न केवल भारत बल्कि पूरे एशिया के लिए एक महत्वपूर्ण नस्ल है। उन्होंने बकरी संस्थान, राज्य सरकार एवं बकरी पालकों से इस बहुउपयोगी नस्ल के विकास और संरक्षण को प्राथमिकता देने का आह्वान किया ।

बैठक विकास कार्यो की मण्डलीय बैठक संपन्न

अधिकारी आंकडेबाजी में न फंस,पात्र एवं जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के लिए धरातल पर करें कार्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अलीगढ़ (मनोज चौहान)। मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आहुत की गई। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर निर्देशित किया कि किसी योजना या विभाग की खराब रैंकिंग से मण्डल की रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीक्षा में माह दिसंबर में अलीगढ़ 33, हाथरस व कासगंज 30 एवं एटा 19 वें स्थान पर पाया गया। उन्होंने कहा कि जो विभाग नीचे की रैंक में हैं वह सुधार करते हुए ए प्लस और ए में

- **विभाग ए प्लस और ए रैंक लाने के लिए कार्ययोजना बनाकर शासन की योजनाओं को करें क्रियान्वित**
- **अच्छे कार्यों का दें ब्यौरा ताकि और अधिकारी हों सकें प्रोत्साहित**

आने के लिए कार्ययोजना तैयार कर धरातल पर कार्य करें। किसी भी विभाग की ए से कम की रैंक न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंकडेबाजी में न फसते हुए पात्र एवं जरूरतमंदों को लाभान्वित करने के लिए धरातल पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने आपको शासकीय सेवा में रहते हुए गरीब एवं जरूरतमंदों को लाभान्वित करने का मौका दिया है ऐसे में मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर व्यक्तिगत रूचि के साथ शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह विभाग में हुए अच्छे कार्यो का भी ब्यौरा उपलब्ध कराएं ताकि शासन स्तर से पुरस्कृत किया जा सके जिससे और अधिकारी भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित हों। समीक्षा में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान हुए एमओयू एवं निवेश प्रस्तावों के धरातल पर क्रियान्वयन के संबंध में जेसी इंडस्ट्रीज बीरेन्द्र कुमार ने बताया कि अलीगढ़ में 276 प्रस्ताव ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार किए गए थे, जिनमें से 253 निवेशकों ने ईकाई स्थापना पर सहमति व्यक्त की है और 203 निवेशकों द्वारा ईकाई स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हाथरस में कुछ निवेशकों को यमुना एक्सप्रेस वे अथॉरिटी से एनओसी नहीं मिल पर रही है जबकि कासगंज में भी कुछ स्थानों पर भूमि विवाद है। कमिश्नर ने सभी सीडीओ को निर्देशित किया कि सभी निवेश प्रस्तावों को वन-टू-वन मॉनिटर करते हुए अधिकाधिक निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारें। जीरो पॉवरटी योजना की समीक्षा में उप निदेशक पंचायत अमरजीत सिंह ने बताया कि मण्डल में 57650 के सापेक्ष 8860 परिवारों का सत्यापन किया जाना है। मण्डलायुक्त ने अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को प्राथमिकता से सूची में शामिल करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में अपर निदेशक पशुपालन डा0 प्रमोद कुमार ने बताया कि मण्डल में 224 गौआश्रय स्थल हैं। 24 वृहद गौसंरक्षण केंद्र में से 15 संचालित और 09 निमार्णाधीन हैं। मण्डल में 67786 गौवंशों का संरक्षण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री गौवंश सहभागिता योजना में 10304 के सापेक्ष 12614 गौवंशों को पात्र किसानों को दिया गया है। मण्डलायुक्त ने नंद बाबा मिशन के तहत प्राप्त आवेदनों को धरातल पर क्रियान्वित करने के साथ ही योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए।मण्डलायुक्त ने केंद्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की खराब प्रगति पर विद्युत एवं नेडा विभाग को आमजन में योजना के प्रति जागरूकता लाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि अपने बड़े उपभोक्ताओं की सूची नेडा विभाग को उपलब्ध करा दें ताकि उन्हें मोटिवेट कर योजना से लाभान्वित किया जा सके। पीएम आवास योजना में अलीगढ़ में 1273, हाथरस में 1200, एटा में 952 एवं कासगंज में 650 लोगों की सूची पोर्टल पर अपलोड होना पाया गया। जल जीवन मिशन में कासगंज सी, हाथरस ई जबकि अलीगढ़ व एटा डी श्रेणी में होने पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्थाओं से आपसदारी बंद करें और व्यावसायिक संबंध रखें। उन्होंने सभी सीडीओ को प्रति सप्ताह कार्यवार योजना की समीक्षा करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस की समीक्षा में करते हुए मण्डलायुक्त ने केहा कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समय सीमा के अंदर निस्तारण किया जाए कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में नहीं आना चाहिए। मण्डल में 05 प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में पाए गए।मण्डलायुक्त ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा में सैम एवं मैम बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय से विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी एनआरसी को पूर्ण क्षमता से संचालित किया जाए और यदि किसी स्थान विशेष पर सैम और मैम बच्चे पाए हैं तो उसे चिन्हित करें। उन्होंने सेतुओं एवं नई सड़कों के निर्माण की समीक्षा में भुगतान लंबित रहने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है ऐसे में भुगतान लंबित होना लापरवाही का द्योतक है। उन्होंने आवंटित एवं व्यय धनराशि की स्थिति स्पष्ट करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली को मण्डल स्तर पर भी लागू किया जाना है ऐसे में सभी विभाग निर्धारित प्रारूप पर अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द उपलब्ध करा दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने भ्रमण के दौरान बुधवार एवं शनिवार को आयोजित होने वाले वीएचएनडी दिवसों का भी निरीक्षण करें ताकि इनकी सार्थकता सिद्ध हो सके। इसके साथ ही बैठक में फैमिली आईडी, खाद्यान की सिंगल स्टेप डिलीवरी, छात्रवृत्ति एवं पेंशन योजनाएं, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना समेत अन्य बिन्दुओं पर विचार-विमर्श कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर आयुक्त अरूण कुमार, बी0के0 सिंह, डीएफओ नवीन पी0 शाक्य, सीडीओ एटा डा0 एनएन मिश्र, सीडीओ कासगंज सचिन, सीडीओ हाथरस सुरेश चन्द्र, मण्डलीय अर्थ एवं संख्याधिकारी अनुला वर्मा समेत अन्य मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

होमगार्ड को दिनदहाड़े युवक ने मारी गोली, हालत गंभीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गजरौला (बच्चन सिंह)। भैंसा बुग्गी से खेत पर जा रहे होमगार्ड को दिनदहाड़े युवक ने गोली मारी दी। जिसमें होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। शहर व देहात क्षेत्रों में क्राइम का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पुलिस वारदातों को गंभीरता से नहीं ले रही है।

दरअसल आपको बता दें कि क्षेत्र के गांव चकनवाला निवासी होमगार्ड करन सिंह पुत्र जगतसिंह की कुमराला चौकी पर रात्रि में ड्यूटी पर तैनात है। वह मंगलवार की शाम करीब 4 बजे भैंसा बुग्गी से अपने पोते रिहयांश के साथ अपने खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान उनके ही गांव निवासी नरेंद्र पुत्र मदन सामने से ट्रैक्टर लेकर आ रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक व होमगार्ड के बीच ट्रैक्टर व बुग्गी बचाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर नरेंद्र ने तमंचे से फायरिंग कर होमगार्ड को तीन गोली मारी दी। जिसमें होमगार्ड लहुलुहान हो गया। जबकि पोता रिहयांश भैंसा बुग्गी से गिरकर घायल हो गया। जिससे वहां अफरातफरी मच गई। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल होमगार्ड को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने होमगार्ड की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया।

स्कूटी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने शिक्षिका व उसके भाई को जमकर पीटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मुरादनगर (नासिर मंसूरी) । सड़क पर स्कूटी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने एक शिक्षिका व उसके भाई की जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं दबंगों ने सरिया मारकर युवक का सिर फोड दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की शंकर विहार कॉलोनी में रामनिवास परिवार सहित रहते है। उनकी पुत्री शिक्षिका है और टयूशन भी पढ़ाती है। उनके घर पर एक महिला अपने बच्चे को लेने के लिए स्कूटी से आई थी। स्कूटी सड़क पर खड़ी करने को लेकर पड़ोसियों से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दबंगों ने शिक्षिका के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब शिक्षिका को बचाने उनका भाई आया तो दबंगों ने उनके सिर पर सरिया मार दिया। जिस कारण उनका सिर फट गया। गंभीर इलत में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर ओपियों की तलाश शुरू कर दी है।

विकासखंड माल की कई पंचायत में नहीं फहराया गया तिरंगा, कामकाज सामुदायिक मिलन केंद्र में, झंडा फहराया जर्जर पंचायत भवन में

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ (लेखराम मौर्य)। विकासखंड माल के कई ग्राम पंचायत में प्रधानों ने पंचायत भवनों में गणतंत्र दिवस समझ नहीं मनाया और झंडा भी नहीं फहराया । केंद्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार जहां एक ओर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस मनाने के लिए आदेश जारी करती है उसी क्रम में विकासखंड कार्यालय से लेकर पंचायत भवन कार्यालयों तक गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान झंडा फहराते हैं और पंचायत सदस्यों सहित अन्य गण मान्य नागरिकों एवं आसपास के बच्चों को मिठाई बांटते हैं । विकासखंड माल की ग्राम पंचायत चंदवारा में ग्राम प्रधान ने एक पुराने बांस में फंसाकर बस को एक लड़के को पकड़ा दिया और झंडा फहराने के तुरंत बाद झंडे को निकाल लिया गया इस तरह झंडे क का अपमान किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत सिसवारा ग्राम पंचायत तिलन में झंडा नहीं फहराया गया। ग्राम पंचायत सैदापुर में पंचायत कार्यालय का काम सामुदायिक मिलन केंद्र में संचालित होता है परंतु झंडा फहराने का काम पुराने जर्जर पंचायत भवन में किया जाता है जहां वर्षों से जानवर बांधे जा रहे हैं। ग्राम प्रधान गणतंत्र दिवस के महत्वपूर्ण पर्व को ऐसी गंदगी वाले जगह में कई साल से मनाते चले आ रहे हैं लेकिन किसी ने आज तक इस पर आपत्ति नहीं की जबकि यह समझ सामुदायिक मिलन केंद्र में होना चाहिए था वहां साफ सफाई भी नहीं की गई थी।

ग्राम पंचायत हसनापुर में पूर्व प्रधान पिछले 4 साल से अपने घर में पंचायत कार्यालय चलाता है इससे पहले जब वह प्रधान था तब भी अपने घर पर कार्यालय चलता था पंचायत भवन को जर्जर घोषित करवा दिया था जबकि इतना घटिया नहीं था कि उसमें मरम्मत के बाद काम नहीं हो सकता था। इस प्रकार पिछले 9 साल से इस पंचायत में पंचायत कार्यालय में गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जा रहा है और न ही झंडा फहराया जाता है। इस प्रकार गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस को मजाक समझने वाले ग्राम प्रधानों और सचिवों के खिलाफ क्यों न कार्रवाई की जाए।

धूमधाम से मनाया जैन मुनि का दीक्षा दिवस समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना। गंज बाजार स्थित सौरभ सागर सभागार में परम पूज्य छूल्लक श्री 105 विशंक सागर जी के सानिध्य में श्री 1008 आदिनाथ भगवान का निर्माण महोत्सव वह छूल्लक श्री 105 विशंक सागर जी महाराज का दीक्षा दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसमें सभी श्रावकों द्वारा भगवान के चरणों में लड्डू अर्पित किए गए।छूल्लक श्री 105 विशंक सागर जी ने अपने संबोधन में कहा कि श्री आदिनाथ भगवान ने संसार के सभी जीवो के लिए 6 कर्मों का उपदेश दिया आसी मसी कृषि शिल्प कला वाणिज्य 6 कर्म सभी संसारी प्राणियों के लिए न्याय नीति पूर्वक आजीवि का चलाने के लिए उन्होंने उपदेश दिया उन्होंने अपने उपदेश में चार पुरुषार्थ का भी कथन किया धर्म अर्थ काम मोक्ष यह चार पुरुषार्थ है धर्म के अर्थ का उपार्जन करना धर्म के साथ काम पुरुषार्थ करना अर्थात पांचो इंद्रियों द्वारा कम सेवन किया जा सकता है धर्म पुरुष को प्रधानता दी गई है प्रत्येक पुरुषार्थ के लिए भगवान श्री आदिनाथ स्वामी ने दिन में 8-8 घंटे निर्धारित करके उन्होंने आज के दिन परमधाम अर्थात निर्माण को प्राप्त किया। इस अवसर पर ऋषभ जैन,राजीव जैन अध्यक्ष पंकज जैन विनोद जैन राकेश जैन रोहित जैन अभिषेक जैन आकाश जैन अक्षय जैन संजीव जैन आदेश जैन सौरभ जैन शुभम जैन बरनावा वाले विजय जैन विनीत जैन वैभव जैन आदि मौजूद रहें।

क्रांतिकारी लाला लाजपतराय की जयंती धूमधाम से मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। मंगलवार को नगर के खुर्जा गेट स्थित लाला लाजपत राय प्राथमिक विद्यालय में महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी लाला लाजपतराय की जयंती धूमधाम से मनाई गई।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/ मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।अध्यक्षता अभिषेक कुमार गुप्ता ने की,संचालन डॉक्टर दुर्गा टंडन ने किया। विशिष्ट अतिथि शहर के गणमान्य नागरिक रहे।व्यवस्थापक आयुषी गुप्ता(शिक्षिका)रहीं। कार्यक्रम आयोजक पण्डित सुरेश चंद्र शर्मा रहे।

राजनगर एक्सटेंशन स्थित रिवर हाइट्स सोसायटी में गणतंत्र दिवस मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद । राज नगर एक्सटेंशन स्थित रिवर हाइट्स सोसायटी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़े ही उत्साहित ढंग से मनाया ए ओ ए की पूरी टीम ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया था सुबोध त्यागी नें बताया कि हमें कार्यक्रम का आयोजन करने का मतलब यह भी है कि बच्चों को उत्साहित करना और अपनी संस्कृति के बारे में बताना हमारे देश ने अपनों को खो कर आजादी हासिल की है' कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं बच्चों का उत्साह बढ़ाना है हमारे देश में के डॉक्टर, झांसी की रानी, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह हम हमारे और तुम्हारे घर से ही निकलते हैं सुबोध त्यागी ने कहा कि ऐसे ऐसे वीर योद्धाओं ने जन्म लिया है' जिसको बयां करना आसान नहीं होगा जिनके अंदर अपने देश के लिए प्रेम ऐसे वीर योद्धाओं ने आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी ' सुबोध त्यागी ने कहा कि बच्चों को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करना यही हमारा उद्देश्य है जिससे बच्चों में अपनी संस्कृति को जानने की इच्छा प्रबल होती है' इस पूरे कार्यक्रम में झाकियों के साथ डीजे पर लोग नृत्य करते नजर आए,पूरे रिवर हाइट्स सोसायटी की सड़कों पर डीजे यात्रा को भव्यता और विशालता के साथ निकाला गया, हां नुक्कड़ चौराहे पर पानी की बोतले बच्चों के लिए बिस्कुटो की व्यवस्था रखी गई झांकियां पर फूलो की वर्षा की गई रिवर हाइट्स समिति के सचिव सुबोध त्यागी ने सभी को 26 जनवरी की बधाई दी,नृत्य करके शहीदों को नमन किया,बच्चों को गणतंत्र दिवस और भारत की आजादी के वीरों की गाथाओं को बताया,उनके देश के प्रति बलिदान की समझाया,पूरे कार्यक्रम और पदयात्रा रैली के बाद झंडा रोहण किया गया,उसके बाद में खाने और नाश्ते की व्यवस्था की गई,सुबोध त्यागी द्वारा बताया गया हर वर्ष की तरह 26 जनवरी और 15 अगस्त पर रिवर हाइट समिति इसी तरह के कार्यक्रम करता रहेगा।

ताइक्वांडो खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। मंगलवार को नगर के मुरादाबाद रोड स्थित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में ताइक्वांडो कलर बेल्ट व प्रमाण पत्र का आयोजन किया गया। स्कूल के सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों को प्रधानाचार्या जसलीन द्वारा कलर बेल्ट प्रमाण पत्र और कलर बेल्ट देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

येलो बेल्ट

श्रद्धा राघव,अनन्य वार्ष्णेय, अनन्य भारद्वाज,समायरा,नियति पाठक,योग्यता नव्या,अरहम,अनिकेत,समून,आरव सौम्या ।

ग्रीन बेल्ट

अंशुल,श्रेया शर्मा
प्रमाण पत्र खिलाड़ियों के नाम
येलो बेल्ट प्रमाण पत्र
अभिनव कुमार सिंह,तेजस्वी गौतम
अमायरा सिंह,पाखी गर्ग,श्रद्धा राघव
आराध्य सिंह
ग्रीन बेल्ट प्रमाण पत्र
प्रांशी मित्तल
ग्रीन वन बेल्ट प्रमाण पत्र
सार्थक पाल,आराध्य सिंह
ब्ल्यू बेल्ट प्रमाण पत्र
आरोही शंखधर
ब्ल्यू वन बेल्ट प्रमाण पत्र
कृतिका सिंह, राघव अग्रवाल
रेड बेल्ट प्रमाण पत्र परिधि रस्तोगी
,रेड वन बेल्ट प्रमाण पत्र आरोही वार्ष्णेय।

कोच अंकुश राणा ने बताया कि 26 जनवरी को किड्स ताइक्वांडो अकादमी में कलर बेल्ट एग्जाम का आयोजन कराया गया है जिसमें सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपने परीक्षा को सफलता पूर्वक पास किया रिजल्ट आने पर खिलाड़ियों को स्कूल में बेल्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हनुमान मंदिर में किया हनुमान चालीसा का पाठ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। बजरंगबली सनातन सेवा समिति के सदस्यों ने मंगलवार को हनुमान मंदिर पट्टी मोढा पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया इसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया ।समिति के इस कार्य का उद्देश्य कांठ नगर और देहात के मंदिरों पर जाकर हनुमान चालीसा के माध्यम से सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए और संगठित किया जाए इसके अलावा विभिन्न सेवा कार्यों में समिति के सदस्य कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेंगे ' इस अवसर पर डॉ अशोक चौहान, सुधीर चौहान, डॉ नेपाल सिंह, डॉ प्रमोद चौहान, महेंद्र सिंह, ,अंकुश कुमार चौहान, प्रिंस शर्मा, मुकुल शर्मा, अंबरीश शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

युवक ने लगाया जान से मारने का आरोप, दी गई तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चन्दौसी। बीते सोमवार की रात नगर के मोहल्ला जारई गेट के रहने वाले मोनू पुत्र रईश अहमद का आरोप है कि एक प्रोपर्टी डीलर ने उन्हें फायरिंग व जान से मारने की धमकी दी है।जिसकी रिकॉर्डिंग भी पुलिस को मुहैया कराई गई है। मोनू पुत्र रईश अहमद का आरोप है कि 27 जनवरी की रात्रि 10:46 बजे जारई गेट निवासी एक प्रॉपर्टी डीलर का फोन आया और जान से मारने की धमकी दी गई। लगभग पांच मिनट बाद प्रॉपर्टी डीलर, उसके साथी, चार-पांच अज्ञात लोग घर पर आये और और जान से मारने की नियत से फायर किया।
और गाली-गलौंच करने लगे। घटना के समय शमसुलनिशां, मौ0 आलम, अफसर अली व अन्य लोग मौजूद थे जिसकी रिकॉर्डिंग सीसीटीवी कैमरे में हुई है। यहां बताते चलें कि पहले भी फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था लेकिन मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

पुलिस ने वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। 21 जनवरी को थाना चन्दौसी पर वादिनी निवासी मौलागढ़ थाना चन्दौसी जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना विपक्षी द्वारा वादिनी की लडकी को बहला फुसलाकर ले जाना के सम्बन्ध में थाना चन्दौसी पर सुसंगत धारओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

28 जनवरी को थाना चन्दौसी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 42/2025 धारा 137(2)/87/64(1) बीएनएस व 3/4 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त राजू पुत्र रामस्वरूप निवासी मौ० मदनपुर खादर चौहान थाना सरिता विहार दिल्ली को जीरो प्वाईन्ट बहजोई रोड चन्दौसी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त राजू पुत्र रामस्वरूप मौ0 मदनपुर खादर चौहान थाना सरिता विहार दिल्ली का निवासी है। गिरफ्तार करने वाली टीम मेंराजू पुत्र रामस्वरूप निवासी मौ० मदनपुर खादर चौहान थाना सरिता विहार दिल्ली। गिरफ्तार करने वाली टीम में मौजूद रहे। उ0नि0 सुधीर कुमार का0 दीपांशु ,का0 तारीक अहमद ।

बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी का शव फंदे से लटका मिला, आत्महत्या का शक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बरेली । बिजली निगम के संविदा कर्मचारी का शव फंदे से लटका मिला, भाई ने बिलिंग घोटाले से जुड़ा मामला बताया । बरेली के थाना प्रेमनगर क्षेत्र में बिजली निगम के संविदा कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली। सोमवार रात उसका शव घर में फंदे से लटका मिला। बरेली के थाना प्रेमनगर क्षेत्र के गुलाब नगर निवासी 32 वर्षीय राजीव का शव घर में कुंडे से लटका मिला। उनके भाई संजू ने बताया कि रोज की तरह ड्यूटी कर राजीव सोमवार शाम घर आए थे। रात में पड़ोसी से पता लगा कि उनका शव कमरे में कुंडे के सहारे लटका हुआ है। पड़ोसियों की मदद से उनको उतारा गया और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर उन्होंने मृत घोषित कर दिया। राजीव की पत्नी पूजा कुछ महीनों से दो बच्चों के साथ गणेश नगर अपने मायके में रह रही है। मृतक के भाई संजू ने बताया कि राजीव राजेंद्र नगर के बिजली उपकेंद्र में संविदा कर्मचारी थे। वह बिलिंग निकालने का काम करते थे। आरोप लगाया कि इसको लेकर उनके साथियों ने घोटाला कर दिया था। राजीव पर घोटाले की रकम को चुकाने का दबाव बनाया जा रहा था, जिसकी वजह से वह डिप्रेशन में थे। शायद उन्होंने इसीलिए आत्महत्या कर ली। परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लोकार्पण पशुधन मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने 20 नवीन वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का किया लोकार्पण

प्रत्येक केन्द्र में 400 गोवंश को संरक्षित करने की क्षमता: धर्मपाल सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज पशुपालन निदेशालय में आयोजित एक कार्यक्रम में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु प्रदेश के 11 जनपदों के 20 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुवल लोकार्पण किया। इसके तहत जनपद हरदोई में 05, आगरा में 03, बांदा, फरूर्खाबाद, कासगंज, हाथरस, सीतापुर एवं मुरादाबाद में एक-एक तथा सहारनपुर, शाहजहांपुर एवं सुल्तानपुर में 02-02 वृहद गो संरक्षण केंद्रो का शत प्रतिशत शामिल है। सभी 20 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के निर्माण लागत रुपए 3202.04 लाख है। प्रति केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है।

इस अवसर पर जनपद आगरा से भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, एस0पी0 सिंह बघेल भी ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित गो संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। श्री धर्मपाल सिंह ने सम्बंधित जनपदों के क्षेत्रीय विधायकों, ग्रामप्रधानों, जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा केयरटेकरों से भी गोवंश के रखरखाव और सहयोग पर बात की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गो संरक्षण कार्यों में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए और गौसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निराश्रित गोवंश हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। गोशालाओं में गाय भूखी न रहे, चारा, भूसा, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। प्रदेश में 7753 गो आश्रय स्थलों की स्थापना की जा चुकी है, जिसमें कुल 12,43,107 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 543 वृहद गो संरक्षण केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके सापेक्ष 372 केंद्रों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। विगत 6 माह में 73 वृहद हो संरक्षण केंद्रों का निर्माण कर लोकार्पण कराया गया है। श्री सिंह ने कहा कि सड़कों तथा राजमार्गों के समीपस्थ ग्रामों में पशुपालकों के गोवंशों के रात्रि के समय सड़क पर आ जाने की स्थिति में मार्ग दुर्घटना की आशंका बना रहती है। सरकार द्वारा इन पशुपालकों के पशुओं के गले में रेडियम पट्टी लगाये जाने हेतु जिलाधिकारियों को निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। जनपदों में उ0प्र0 गो संरक्षण एवं संवर्धन कोष की धनराशि से रेडियम पट्टी लगाये जाने का कार्य किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन निरंतर किया जा रहा है। पशुपालकों एवं किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है और इस दिशा में विभाग द्वारा निरंतर सार्थक कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास के0 रविन्द्र नायक ने कहा कि विभाग द्वारा निराश्रित गोवंश का गो आश्रय स्थलों में निरंतर संरक्षण किया जा रहा है। पशुपालन विभाग द्वारा ग्राम्य विकास, राजस्व विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा गृह विभाग के समन्वय से अवशेष निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है।

ई रिक्शा और बैटरी चोरी करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार, काफी समय से हो रही थी चोरियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बरेली । सुभाषनगर क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों काफी समय से ई-रिक्शा और बैटरी चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। दोनों पर अलग-अलग थानों में दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। बरेली में थाना सुभाषनगर पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों से पांच ई-रिक्शा और 40 बैटरी समेत काफी सामान बरामद हुआ है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने मंगलवार को सुभाषनगर थाने में इसका खुलासा किया। एसपी सिटी ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के सुभाष वाटिका निवासी महेश चंद्र और बिहारीपुर निवासी रजत बाबू काफी समय से चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। सुभाषनगर पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों पर कई थानों में दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी महेश पर 15 और रजत पर पांच मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों से पुलिस ने पांच ई-रिक्शा, 40 बैटरी, 6 टायर, 5 रिम, 2 स्टेपनी, 2 मोबाइल, 1200 रुपए व तमंचा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों ने बताया कि हम ई-रिक्शा चोरी करने के बाद मिलक रोड पर बंद पड़े सरकारी स्कूल में चोरी का सामान इकठ्ठा करते थे।

डॉ.गीतांजलि अरोड़ा को मिला साहित्य रत्न सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था गीतांजलि काव्य प्रसार मंच को साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सुरभि साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रसिद्ध गीतकार पद्मभूषण स्व.गोपाल दास नीरज जी की जयंती पर सुर साहित्य परिषद एवं अरविंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में समारोह के मुख्य अतिथि स्व.गोपालदास नीरज जी के सुपुत्र एवं प्रसिद्ध गीतकार शशांक प्रभाकर एवं सुर साहित्य परिषद के संस्थापक डॉ.संजय जैन, साहित्य परिषद की महासचिव एवं प्रसिद्ध कवयित्री उर्वी उदल, नयन नीरज नायाब ने गीतांजलि काव्य प्रसार मंच को हिन्दी भाषा और साहित्य के सर्वतोन्मुखी उन्नयन एवं संवर्द्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मंच की अध्यक्ष डॉ.गीतांजलि नीरज अरोड़ा को सुर साहित्य रत्न सम्मान से अलंकृत किया। डॉ.गीतांजलि नीरज अरोड़ा को यह सम्मान मिलने पर देश भर से साहित्यिक संस्थाओं और साहित्यकारों ने बधाई संदेश प्रेषित किए है।

सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट असलम अहमद ने यूसीसी और रईस अहमद ने वक़्फ बिल का किया विरोध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नई दिल्ली। भारत जैसे विविधता वाले देश को जब आजादी मिली तो संविधान निमार्ताओं ने सभी धर्मों और संस्कृतियों को ध्यान में रखकर देश का दस्तूर तैयार किया और इसे सुचारू रूप से लागू करने के लिए कायदे कानूनों का निर्माण किया। परंतु कुछ समय से देश में सरकारे संविधान और इसकी आत्मा के विरुद्ध कानून बनाकर देश में रह रहे विभिन्न संस्कृतियों के नगरिकों के संवैधानिक अधिकारों की अवहेलना कर रही हैं। गौरतलब है कि चाहे वो शादी ब्याह के मामलात हों या तलाक व संपत्ति बटवारे के निजी अधिकार या फिर वक़्फ जायदादों से संबंधित कानून सभी मामलों में वर्तमान सरकारें संवैधानिक मूल भावना को नजरअंदाज करते हुए कानून थोपने का काम कर रहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ऑन रेकॉर्ड असलम अहमद ने अपने मीडिया बयान में कहा कि इससे देश के लोकतांत्रिक तानेबाने में एक बैचेनी देखने को मिल रही है। यदि निजि अधिकारों में सरकारें इतना ज्यादा हस्तक्षेप करेंगी तो देश के दलित/आदिवासी/पिछड़े व अल्पसंख्यक समुदायों का विश्वास संविधान व न्याय व्यवस्था से उठने लगेगा। जो बेहद गंभीर मुद्दा है। उन्होंने कहा कि जहां सरकार ने शादी के बिना लिवइन में रहने वाले लड़का लड़की के रेजिस्ट्रेशन को अनिवार्य किया। वहीं शादी और तलाक के रेजिस्ट्रेशन न करने पर 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगा दिया। जहां सरकार एक तरफ व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा को बातें करती हैं, वहीं यूसीसी में समुदायों के सांस्कृतिक अधिकारों को नजरअंदाज कर रही है। लिहाजा सरकार को चाहिए कि वो तुरंत इसे वापस ले और इसपर पुनर्विचार करे। इसी के मद्देनजर हमने यूसीसी के दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए एक जागरूकता वीडियो जारी किया है जिसे देशभर में काफी पसंद किया जा रहा है। वक़्फ बिल पर मशहूर टीवी पैनलिस्ट और एडवोकेट रईस अहमद ने अपने बयान में कहा कि देश में अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय से संबंधित वक़्फ संपत्तियों के रखरखाव के लिए बनाया गया वक़्फ कानून 1995 पर भी सरकार की नियत ठीक नहीं है। जहां सरकार मीडिया और समाज में वक़्फ के खिलाफ एक झूंठा माहौल खड़ा कर वक़्फ सम्पत्तियों को हड़पने पर आमादा है। जिसके लिए पिछले साल केंद्र सरकार के जरिए आनन फानन में वक़्फ बिल संसद में लाया गया था। परंतु लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले विद्वानो व संसद में विपक्ष के पुरजोर विरोध के चलते इसे सर्वदलीय संसदीय समिति(जेपीसी) के हवाले किया गया। परंतु जेपीसी ने देश के विभिन विद्वानों, संगठनों, वक़्फ संस्थानों और अपने सदस्यों तक के तमाम सुझावों व विरोधों को नजरअंदाज करते हुये उसे पास कर संसद में पेश करने के लिए भेज दिया। जिससे देशभर में समस्त अल्पसंख्यक नागरिकों के साथ-साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास रखने वाले समुदायों में भी बेचेनी देखने को मिल रही है। देश के संविधान के विरुद्ध किसी भी कानून को देश के नागरिक स्वीकार करने के लिए राजी नहीं हैं। लिहाजा सरकार तुरन्त इसपर पुनर्विचार कर वापस ले। हम अपील करते हैं कि माननीय सुप्रीम कोर्ट इसमें स्वतः संज्ञान लेते हुये इनपर तुरन्त रोक लगाए।

वक़्फ संसदीय समिति द्वारा आमजन की भावना के विरूद्ध वक़्फ बिल पेश करने तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा राज्य में यूसीसी लागू करने को बताया असंवैधानिक

4 मंजिला निर्माणधिन इमारत ताश के पत्तों की तरह बिखर गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नई दिल्ली (ऐजाज अली)। राजधानी दिल्ली में भ्रष्ट अधिकारियों के मिली भगत के चलते निर्माणधिन अवैध बिल्डिंगों का गिरने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में सोमवार शाम लग भग 6:30 बजे 4 मंजिला निर्माणधिन इमारत ताश के पत्तों की तरह बिखर गई।

इमारत के गिरने के मामले में एक बच्ची सहित दो लोगों की मृत्यु हो गई अब तक लोगों को ररेस्क्यू करके निकाला जा चुका है। इसकी पुष्टि डीसीपी नॉर्थ राजा बाठिया ने की है। वही कल शाम से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन 18 घंटे बाद भी मौके पर लगातार किया जा रहा है। जे सी बी की टीम मलवा हटाने में जुटी हुई है। जबकि फायर ब्रिगेड के साथ और भी दूसरे एजेंसियां के टीम मौके पर पहुंची दूसरे एजेंसियों की टीम जगह-जगह से डिटेल करके गिर हुए मलबे को टुकड़ों में करके हटाने में लगी हुई है। जिससे कि कोई यदि मलबे के अंदर दबा हो तो उसे निकाला जा सके। फायर सर्विसेज के डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि मौके पर अभी सात गाड़ियां मौजूद हैं और 35 फायर कर्मियों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई है। फायर कंट्रोल रूम के अनुसार स्पॉट पर असिस्टेंट डिविजनल ऑफीसर रवि नाथ और भूपेंद्र को भी मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन में भेजा गया है। गौर तलब बात यह है कि सोमवार 6:30 बजे के बाद यह हादसा बुराड़ी के कौशिक एनक्लेव में ऑस्कर पब्लिक स्कूल के पास हुआ था। जब निर्माण धीन बिल्डिंग ताश के पत्तों की तरह भर भरा कर चार मंजिला मकान अचानक धराशाई हो गया था। तब शुरूआत में दिल्ली फायर सर्विस की टीम ने चार लोगों को रेस्क्यू किया। जिसमें तीन लड़कियां और एक पुरुष शामिल थे। जिस बिल्डिंग में यह हादसा हुआ है उसमें काम पूरा नहीं हुआ था। उस बिल्डिंग को बनाने में शामिल मजदूर और उसके परिवार वाले रह रहे थे जो हादसे की चपेट में आ गए। एहतियात के बाद में यहां की इलेक्ट्रिक कनेक्शन काट दी गया था। मोबाइल की रोशनी जलाकर किसी ने आवाज लगाकर जान बचाने की मदद मांगी थी रात भर रेस्क्यू टीम मौके पर मलवा हटाने में जुटी रही। वहीं इस मामले में बुराडी थाने की पुलिस टीम आगे की छन बीन कर रही है। इस मामले में समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से किसी को गिरफ्तार होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

पुलिस ने स्नैचिंग और लूट की वारदात को अंजाम देने वाले को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नई दिल्ली (अनिता)। राजधानी दिल्ली में स्नेचिंग का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मध्य दिल्ली और वेस्ट दिल्ली के अलग-अलग आधा दर्जन थाना इलाकों में स्नेचिंग की सीरीज में वारदात को अंजाम दे रहे एक शातिर बदमाश को स्पेशल स्टाफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के निशाने पर करोल बाग के थाना प्रसाद नगर, देशबंधु गुप्ता रोड ,पश्चिम दिल्ली के राजौरी गार्डन, मोती नगर, तिलक नगर, हरी नगर के इलाके होते थे। यह शातिर झपट मार 75 वारदात को अब तक अंजाम दे चुका है। पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी से 15 और मामलों का खुलासा किया है जो वेस्ट दिल्ली और सेंट्रल दिल्ली के अलग-अलग आधा दर्जन थानों में दर्ज है इसमें राजौरी गार्डन ,मोती नगर, हरी नगर जनकपुरी ,तिलक नगर, प्रसाद नगर, देशबंधु गुप्ता रोड आदि शामिल है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान जितेंद्र उर्फ पूजा के रूप में हुई है। यह नॉर्थ दिल्ली के अंधा मुगल इलाके का रहने वाला है। यह सिर्फ छीन झपट ही नहीं करता बल्कि डकैती हत्या के प्रयास ऑटो लिफ्टिंग धमकी देने और चोरी करने के मामले में भी शामिल रहा है। पिछले साल से यह डकैती के मामले में जेल से बेल पर छूट कर बाहर आया था। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि इसके पास से देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किया गया है। जिले में लगातार हो रही वारदात को सुलझाने के लिए स्पेशल स्टाफ की टीम को लगाया गया था। स्टिंग ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में पुलिस टीम इलाके की लोकेशन का पता लगाने में काफी समय से जुटी हुई थी। जब जानकारी मिली तो राजौरी गार्डन के रजिस्टार ऑफिस के पास इसको ट्रैक कर लिया। पूछताछ की गई तो इसमें बताया कि अपने सहयोगी संजीव के साथ मिलकर यह स्नैकिंग लूट की वारदात को अंजाम दे रहा था।

चार साल की बच्ची से 14 साल के किशोर ने की दरिंदगी, गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बदायूं। अलापुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से दुष्कर्म के दो मामले सामने आए हैं। पहली घटना में 14 साल के किशोर ने चार साल की बच्ची से दुष्कर्म किया। दूसरी घटना में एक युवक ने 15 साल की किशोरी से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर गला दबाकर हत्या की कोशिश की गई। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोपियों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने पीड़ित बच्ची व किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया है।

चार साल की बच्ची से दरिंदगी

अलापुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 जनवरी को वह मजदूरी करने घर से बाहर गया था। घर में उसकी पत्नी और चार साल की बेटी थी। दोपहर करीब दो बजे उसकी पत्नी उपले थोपने गई। बेटी घर के दरवाजे पर खेल रही थी। इसी दौरान मोहल्ले का ही 14 साल का किशोर वहां पहुंच गया। उसने बच्ची को अकेला पाकर उसे गोद में उठा लिया। घर में ले जाकर बच्ची से दुष्कर्म किया। इसी बीच उनकी पत्नी उपले थोपकर घर लौटी। उन्होंने उसे देख लिया।

आरोपी को पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन वह धक्का देकर भाग गया। वह आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे। जहां आरोपी के पिता पप्पू और मां रजनी ने उनके साथ गाली गलौज की। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट एवं उसके माता पिता के खिलाफ मारपीट और धमकी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। मंगलवार को पुलिस ने नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया। उसे बरेली के बाल सुधार गृह भेजा गया है।

किशोरी से दुष्कर्म, विरोध पर हत्या की कोशिश

अलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 26 जनवरी को गांव के बाहर एक देवस्थान पर भंडारे का आयोजन था। भंडारे खाने के लिए गांव के काफी लोग गए थे। इसी भंडारे में उनकी 15 साल की बेटी भी बच्चों के साथ गई थी। काफी देर तक उनकी बेटी घर नहीं लौटी। इस पर उन्हें चिंता हुई। वह बेटी को देखने के लिए जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में उन्हें बेटी रोते बिलखते हुए मिली। उसने बताया कि भंडारे से लौटते समय गांव का ही बृज मोहन पुत्र चेतराम मिल गया। वह उसे धनवीर के खेत के पास एक नलकूप पर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके मुंह में कपड़ा ठूस दिया। गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। पुलिस ने पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी बृजमोहन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म एवं हत्या की कोशिश की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है।

सरधना क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

सरधना (जावेद अब्बासी)। सरधना क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सरकारी,अर्ध सरकारी और निजी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर लोगों ने संविधान के अनुसार कार्य करने का संकल्प लिया।तहसील मुख्यालय पर एसडीएम नारायणी भाटिया ने ध्वजारोहण किया। सरधना थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने झंडा फहराया।मौजूद पुलिस ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। नगर पालिका परिसर में अध्यक्ष शबीला अंसारी, अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव चेयरपर्सन पति निजाम फरमान अंसारी शाहवेज अंसारी शहजाद सितारा निर्दोष कुमार यूसुफ अंसारी इमरान ठाकुर एवं समस्त सभासद गण एवं कर्मचारी गणों ने ध्वजारोहण किया।वहीं गांधी नगर स्थित शहीद स्मारक समिति के तत्वाधान में ध्वजारोहण किया गया। जिसमें मंडल अध्यक्ष आलोक जैन,डॉ मूलचंद गुप्ता, मलखान सैनी, दीपक शर्मा, अंबुज प्रकाश आदि मौजूद रहें।मदरसा इस्लामिया मदीना में गणतंत्र दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।एसजी वर्ल्ड स्कूल में सचिव संजय चौधरी व प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने तिरंगा फहराया। सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में डायरेक्टर ठाकुर प्रतीश, प्रबंधक शाल्विक जैन व प्रधानाचार्य अल्का शर्मा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया।पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भी ध्वजारोहण किया। अध्यक्ष विरेंद्र चौधरी,महामंत्री ललित गुप्ता, साज़िद मलिक आदि रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद अनूपशहर (बुलन्दशहर)

पत्रांकः 1372/न0पा0प0अ0/ई-टेण्डर/2024-25 दिनांकः- 28.01.2025

ई-टेण्डर निविदा सूचना

अनु सचिव महोदय उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ के कार्यालय के पत्र संख्या-257/2024/1146/001-ई-1877648 दिनांक 18 दिसम्बर 2024 के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या-37, 83 से व्याज रहित ऋण के रूप मे प्राप्त धनराशि व मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद अनूपशहर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में चतुर्थ श्रेणी के कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिषत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत हैः-

क्र0 सं0	निकाय का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रुपए में)	बिड सिक्योरिटी (ई0एम0डी0 रुपए में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) यदि आवश्यक हो (रुपए में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	NPP Anupshahr	वार्ड नं0 09 मौ0 नेहरू गंज द्वितीय में डा0 एस0 कुमार के मकान से हसमुददीन के मकान तक पुस्ता, नाली व सीमेन्ट कंक्रीट सड़क का निर्माण कार्य	20,73,420.00	2,07,342.00	2,450.00	दो माह
2	NPP Anupshahr	वार्ड सं0 16 मौ0 खतियाना में कमरूददीन के मकान से डा0 जफरूददीन के मकान तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य	10,80,614.00	1,08,061.00	1,275.00	दो माह
3	NPP Anupshahr	वार्ड सं0 20 मौ0 पवित्र पुरी में इन्द्रमोहन के मकान से चम्पा भवन तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य	13,76,432.00	1,37,643.00	1,625.00	दो माह
4	NPP Anupshahr	वार्ड सं0 19 मौ0 गढ़ी में संजय के मकान से मैराजुददीन के मकान तक व जावेद गाजी की डेरी से सिराजुददीन के मकान तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य	7,65,470.00	76,547.00	905.00	दो माह
5	NPP Anupshahr	वार्ड सं0 25 मौ0 रावतान में अनिल की दुकान से अमित के मकान तक व राजेन्द्र के मकान तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य	9,52,872.00	95,287.00	1,125.00	दो माह
6	NPP Anupshahr	वार्ड सं0 01 मौ0 देहली द्वार में रामू पेन्टर के मकान से विमल के मकान तक नाली व सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य	4,24,520.00	42,452.00	500.00	दो माह
7	NPP Anupshahr	बुलन्दशहर चैराहे पर वर्टिकल गार्डन के द्वारा चौराहा सौन्द्रर्यीकरण कार्य	9,99,687.00	99,969.00	1,180.00	दो माह

1. वेवसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 29.01.2025 को सायं 4.00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिये अन्तिम तिथि 07.02.2025 को सायं 3.00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एंव समय 07.02.2025 को सायं 4.00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्वि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिया कृपया वेवसाईट https://etender.up.nic.in पर लॉगइन करे तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(गार्गी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद अनूपशहर
जनपद-बुलन्दशहर

(ब्रजेश गोयल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद अनूपशहर
जनपद-बुलन्दशहर

एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी मे हुआ पूल कैम्पस प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)। एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी में प्रसिद्ध जॉन डियर कंपनी द्वारा पूल कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस ड्राइव मे दिल्ली/एन.सी.आर, यू.पी. उत्तराखण्ड के विभिन्न संस्थानों से आए डिप्लोमा इंजीनियरिंग (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक्स,ऑटोमोबाइलस के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

ड्राइव का आरंभ कंपनी प्रोफाईल अथवा जॉब डिस्क्रिप्शन के बारे में कंपनी के अधिकारीयों द्वारा बताकर किया गया।

इस ड्राइव मे लॉगिन प्रोफाइल बनवाकर ऑनलाइन और पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर एवम चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुंदरदीप समूह, अखिल अग्रवाल, एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो० (डॉ०) प्रसेंनजीत कुमार, प्रो० वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव, आई. जी. पुलिस (से०नि०), रजिस्ट्रार डॉ० राजीव रतन, अमित भारद्वाज, निदेशक (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट), प्रिंसिपल (पॉलिटेक्निक) निखिल निगम, तथा सभी कॉलेजों के निदेशक, विभागाध्यक्ष, और फैकल्टी सदस्यों द्वारा चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

चोर सीसीटीवी "कैमरे में हुआ कैद"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। मकान के बाहर खड़ा गन्ना लदा ट्रैक्टर चोरी हो गया। चोर ट्रैक्टर को ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। जानकारी के अनुसार थाना छजलैट क्षेत्र के गांव लदावली निवासी धीरज सिंह का कहना है कि 23 जनवरी की रात करीब नौ बजे उसने रोजाना की तरह अपना गन्ना भरा हुआ ट्रैक्टर भतीजे उपेंद्र के घर के सामने खड़ा किया था। रात में जब वह करीब तीन बजे जब वह ट्रैक्टर लेने के लिए आया तो वहां ट्रैक्टर नहीं था। खोजबीन करने पर एक युवक ट्रैक्टर को चोरी कर ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रैक्टर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस इस मामले में तेजी के साथ जांच कर रही है।

कांठ सहित 5 जनपद में बनेंगे 45 गेहूं क्रय केंद्र,पंजीकरण हुआ शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। शासन के निर्देश पर एक मार्च से क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। वहीं गेहूं खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि शासन के आदेश अनुसार जिले में 45 गेहूं क्रय केंद्र बनाए जाएंगे। तहसील सदर में 13, बिलारी में 20, कांठ में पांच और ठाकुरद्वारा में सात गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसानों से गेहूं खरीद एक मार्च से शुरू हो जाएगी। गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि सभी किसान अपने बैंक खाते की केवाईसी जरूर करा लें।

धोबी महासभा के अध्यक्ष के निधन पर हुआ शोक सभा का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हरियाना निवासी संत गाडगे धोबी महासभा के अध्यक्ष राकेश दिवाकर के अचानक निधन पर शोक सभा का आयोजन कर शोक संवेदना व्यक्त कर दिवंगत आत्मा राकेश दिवाकर को श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर वकताओ ने अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर संत गाडगे धोबी महासभा के केंद्रीय संस्थापक राम सिंह आर्य ने कहा कि ग्राम हरियाना शाखा के अध्यक्ष राकेश दिवाकर के हार्ट अटैक से आकास्य निधन से समाज व संस्था को बहुत बड़ी क्षति हुई है जिसकी भरपाई असंभव है राकेश जी ने अपने पद पर रहकर अपने अधिकार व दायित्व का अच्छी तरह ईमानदारी के साथ निर्वाह किया था जिसको भुलाया नहीं जा सकता । उनके निधन से हर वर्ग के लोगों को बहुत बड़ा दुख पहुंचा है।

इस अवसर पर संत गडगे धोवी महासभा के नगर कुंदरकी के मंत्री अमर सिंह दिवाकर, राधेश्याम दिवाकर,व अनिल शर्मा उर्फ भूरे शर्मा, केजीके कॉलेज के प्रोफेसर श्रीपाल दिवाकर, रामचरन दिवाकर, बाबूजी सुनील दिवाकर, राधे कृष्ण शर्मा, विनोद कश्यप, सहित परिवार के सोनू दिवाकर पिंटू दिवाकर शिवचंरन दिवाकर आदि लोगों ने भाग लिया ।

एमआरआई मशीन की प्रतीक्षा में मरीज,महंगी जांच के लिए निजी अस्पतालों में खर्च करते हैं हजारों रुपये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। जिला अस्पताल में एमआरआई के लिए भवन तो तीन साल पहले बन गया लेकिन इसमें मशीन आज तक नहीं लग पाई है। नसों की बीमारी व हड्डी से संबंधित शिकायतों वाले मरीजों को इसकी जरूरत पड़ती है। मजबूरी में लोग निजी अस्पतालों में हजारों रुपये खर्च कर जांच करा रहे हैं। दो साल से मशीन की खरीद प्रक्रिया ही पूरी नहीं हो पाई है।हादसों में घायल होने के बाद ज्यादातर मरीज निजी अस्पताल में जाने के बजाय जिला अस्पताल की इमरजेंसी में ही जाते हैं।

न्यूरो सर्जन नहीं होने के कारण घायलों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। इनमें कई मरीजों को एमआरआई की जरूरत होती है। पिछले वर्ष शासन ने जिला अस्पताल में उपलब्ध एमआरआई मशीन तकनीकी सुविधाओं व संसाधनों का ब्योरा मांगा था। साथ ही जिन संसाधनों की आवश्यकता है, उनके विषय में प्रस्ताव भेजने के लिए कहा गया। जिला अस्पताल प्रशासन ने सभी उपलब्ध संसाधनों के साथ जरूरत की सामग्री का ब्योरा भी भिजवाया। इसमें एमआरआई मशीन भी शामिल थी।इसके बावजूद अस्पताल में अब तक एमआरआई मशीन नहीं आई है। अस्पताल में एमआरआई भवन पिछले चार साल से बनकर तैयार खड़ा है।

तब से अब तक मुरादाबाद के लोग एमआरआई मशीन व रेडियोलॉजिस्ट का इंतजार कर रहे हैं। कई बार पोर्टल के जरिए रोडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति के लिए बिड डाली गईं लेकिन मुरादाबाद जनपद को कुछ हाथ नहीं लगा।जिला अस्पताल में फिलहाल मरीजों को एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी लैब में विभिन्न जांचों की सुविधा मुफ्त मिल रही है। जबकि सीटी स्कैन में 500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सामाजिक कार्यों के लिए कुंवर सुरेंद्र सिंह को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। पुलिस लाइन मुरादाबाद में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किए गए समारोह में कांठ नगर निवासी डीएसएस इंटर कॉलेज के प्रबंधक व सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष कुंवर सुरेंद्र सिंह विश्नोई को सामाजिक कार्यों और शांति व्यवस्था में पुलिस को सहयोग करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।एसएसपी ने आगे भी इसी प्रकार सामाजिक कार्यों में सहयोग करने की अपील की है। कुंवर सुरेंद्र सिंह विश्नोई को मिले सम्मान पर डीएसएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कुमार देव अवस्थी, पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह , वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, अतुल कुमार धोबी आदि ने बधाई दी है।

मुरादाबाद जनपद में सड़कों पर दौड़ रहे उम्र पूरी कर चुके 25 हजार वाहन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। वर्ष 2024 में घरेलू और व्यावसायिक 25 हजार वाहनों के 15 साल पूरे हो गए हैं। बिना नवीनीकरण कराए यदि इन वाहनों का सड़क पर संचालन होता है तो पुलिस प्रशासन और संभागीय विभाग कार्रवाई कर वाहन को सीज करेगा।

एआरटीओ आनंजय सिंह ने बताया कि जब कोई नया वाहन खरीदता है तो वाहन के आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) पर 15 साल की अवधि मिलती है। उन्होंने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में डीजल के दस साल से अधिक के वाहनों का संचालन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। वहां सिर्फ सीएनजी और पेट्रोल के वाहनों को 15 साल तक चलाया जा सकता है।वहीं एनसीआर से अन्य जिलों में वाहनों को 15 साल तक चलाया जा सकता है। 15 साल पूरे होने के बाद यदि वाहन की फिटनेस सही पाई जाती है, तो संभागीय कार्यालय में मानक बिना नवीनीकरण कराए संचालन होते पकड़े जाने पर होगी कार्रवाई'वाहन का नवनीकरण कराया जा सकता है, यदि वाहन फिटनेस स्थिति ठीक नहीं पाई जाती है तो नवीनीकरण भी नहीं हो पाएगा।

एआरटीओ ने बताया मुरादाबाद जिले में वर्ष 2024 दिसबंर में 28670 वाहनों की 15 साल की आयु पूर्ण हो चुकी हैं, जिनमें से 3970 वाहनों का नवीनीकरण कराया गया है। उन्होंने बताया कि 25 हजार अन्य वाहन स्वामियों को नोटिस भेजा जा रहा है, यदि वाहनों की स्थिति नवीनीकरण की स्थिति में पाए जाते हैं तो नवनीकरण किया जा सकेगा। अन्यथा संचालन नहीं होगा।

पुलिस उत्पीड़न का शिकार व्यक्ति वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिला, एसएसपी ने जांच कराकर कार्यवाही का दिया आश्वासन

बलुन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। पुलिस उत्पीड़न का शिकार व्यक्ति आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के सामने हाजिर हुआ और उसने उमरी कला चौकी के इंचार्ज सहित 6 पुलिस कर्मियों पर उसके घर में तोड़फोड़ और अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत उमरी कला निवासी रियासत का आरोप था कि रात करीब 9:00 बजे वह नगर अध्यक्ष के कार्यालय के सामने बैठा हुआ था तभी नगर का एक शराबी नौशाद आ गया और गाली गलौज करने लगा पीड़ित ने उसे गाली देने को मना किया तो उसे पुलिस की धमकी देने लगा। तभी उसे किसी गांव से अपने रिश्तेदार के बीमार होने खबर आई तो वह वहां चला गया आरोप है कि जब वह सुबह घर लौटा तो उसके घर का दरवाजा टूटा हुआ था और सामान भी इधर-उधर बिखरा था पीड़ित का कहना था कि घर वालों ने बताया की चौकी इंचार्ज सहित 6 पुलिसकर्मी रात को 1:30 बजे उसके घर में घुस गए और अभद्रता करते हुए घर में तोड़फोड़ कर दी। इस बात से दुखी पीड़ित मंगलवार को मुरादाबाद पहुंचा और एसएसपी को सारी कहानी सुनाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में जांच कराकर न्यायोचित कार्रवाई का भरोसा पीड़ित को दिलाया है।

स्कूली वैन चालक का शव निर्माणाधीन घर में मिला, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा खुलासा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। थाना क्षेत्र के गांव काजीपुर में स्थित एक निमार्णाधीन घर के जीने में गांव के ही रहने वाले संजीव चौधरी का शव पड़ा मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। जानकारी के अनुसार कांठ थाना क्षेत्र के गांव काजीखेड़ा निवासी संजीव चौधरी (42) बच्चों की स्कूली वैन चलाता था। उसका शव गांव के ग्राम प्रधान रणजीत सिंह के निमार्णाधीन घर में बने जीने पर पड़ा देखा गया तो इसकी सूचना 112 पीआरवी पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और थाना पुलिस को इस बारे में बताया। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।पुलिस के अनुसार जहां पर संजीव का शव पड़ा था, वहां शराब के कुछ पब्बे और पानी की बोतल आदि भी पड़ी थी। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर फोरेंसिक टीम ने मौके पर आकर साक्ष्यों को जुटाया। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक संजीव रविवार की सुबह स्कूली बच्चों को ग्राम प्रधान के घर के पास बने एमएस एकेडमी में वैन से छोड़ने के लिए कहा था। वह स्कूल वैन चलाता था। उनका कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक संजीव रविवार की सुबह स्कूली बच्चों को ग्राम प्रधान के घर के पास बने एमएस एकेडमी में वैन से छोड़ने के लिए कहा था

शासन के आदेश का नहीं हुआ पालन , बिना हेलमेट वालों को अनेक पेट्रोल पंप पर दिया पेट्रोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। शासनादेश के बाद डीएम अनुज सिंह ने भी 26 जनवरी से पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं देने का आदेश दिया था' इस आदेश का अधिकांश पेट्रोल पंपों पर कोई पालन नहीं हुआ।

बिना हेलमेट वाले भी धड़ल्ले से पेट्रोल लेते दिखे।26 जनवरी से बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर लगाई गई थी रोक'राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। वहीं शासन के आदेश के बाद डीएम अनुज सिंह ने एक सप्ताह पहले आदेश जारी करते हुए कहा था कि पेट्रोल पंप पर दोपहिया वाहन चालकों हेलमेट लगाने पर ही पेट्रोल दिया जाएगा।

अनेक पेट्रोल पंप पर मंगलवार को भी तमाम दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पेट्रोल लेते दिखे। खास बात यह रही कि पेट्रोल पंप कर्मचारी या मालिक ने उन्हें पेट्रोल देने से मना भी नहीं किया। पूर्ति विभाग या पुलिस द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई भी नहीं की गई। यह आदेश इसलिए दिया गया था कि लोग हेलमेट के प्रति जागरूक हों और सड़क हादसे की स्थिति में जान जाने का जोखिम कम हो। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अभियान चलाकर पेट्रोल पंपों की चेकिंग की जाएगी। नियमों का पालन न करने वाले पंप स्वामियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बिना हेलमेट के बाइक चालकों को पेट्रोल दिया गया है उनकी तस्वीर पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है आप देखना है कि उनके खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।



76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज में शान से फहराया गया तिरंगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

अयोध्या (सज्जाद बाकर)। बीना सबीना पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोशाईगंज में 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रभारी प्रधानचार्य एम.ए.इदरीशी ने ध्वजारोहण किया। एवं देश की आजादी की लड़ाई में शहीद हुये क्रान्तिकारी वीर सपूतों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वा राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान, कौमी तराना, वन्दे मातरम् सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के अनुशासित शिक्षक मास्टर राहत अली सलमानी, चन्द्रशेखर इण्टर कॉलेज गौहनियाँ बन्दनपुर के सम्मानित प्रबन्धक रामतिलक शर्मा, कुलसुम बानों, रेशमा बानों, रुख़्सार बानों, मनीषा, रोशनी बानों, शमा बानों, हुसैना बानों, गौशिया बानों, शबीहा खातून, रुकैया बानों एवं कृष्णा कुमार सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें वा कर्मचारीगण मौजूद रहें।

बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बिलारी (एम.के. भारती सैफी)। बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में 76 वे गणतंत्र दिवस पर प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वज फहराया । छात्राओं ने लघु नाटिका' देश भक्ति गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मेरी झोपड़ी गीत पर छात्रों ने मूक अभिनय कर खूब तालियां बटोरी। प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने सभी को 76वे गणतंत्र दिवस की बधाई दी और क्रांतिकारियों के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। आजादी के समय क्रांतिकारियों के बलिदान की गाथाओं को सुनाया । इस अवसर पर मुख्य रूप से आदित्य राघव, मनोज कुमार,विनीत राघव, डॉक्टर सत्यपाल, नरेंद्र मौर्य, सुषमा राघव, परीक्षा, क्रांति आदि सहित स्टाप मौजूद रहा।

क्रिकेट दक्ष ने 96 गेंदों में बनाए ताबड़तोड़ 146 रन, अर्श बने बेस्ट बॉलर, यश को मिला मैन ऑफ द सीरिज का खिताब

आज जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में चल रहे सात दिवसीय अंडर 16 क्रिकेट मैचो का समापन हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अनिल त्यागी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अंडर-16 क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में मेरठ की टीम ने गौतमबुद्धनगर की टीम को 167 रन से करारी हार दी। दक्ष ने महज 96 बॉल पर ताबड़तोड़ 146 रन बनाए। यश को मैन ऑफ द सीरिज के खिताब से नवाजा गया।

जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में चल रहे सात दिवसीय अंडर 16 क्रिकेट मैचो का समापन हुआ इस फाइनल मुकाबले में मेरठ की टीम ने 167 रन से मैच जीता

टॉस जीतकर मेरठ की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। ओपनर गौरव (22), आकर्ष (7) के जल्द आउट होने से टीम लडखड़ाने लगी। तीसरे डाउन पर आए दक्ष और अमोंग ने पारी को संभालाज्ञ दक्ष ने 96 गेंदों पर नाबाद 146 रन बनाए। इस पारी में दक्ष ने 12 चौके और 9 छक्के लगाए। टीम ने 35 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 303 रन बनाए। गौतमबुद्धनगर की टीम की ओर से समर सिंह और प्रद्युमन ने दो दो विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गौतमबुद्धनगर की शुरूआत धीमी रही। आर्यांश, अरमान, भानू के अलावा अन्य कोई खिलाड़ी दहाई का अंक भी नहीं छू पाया। मेरठ की ओर से अर्श कुमार ने चार, प्रद्युमन ने तीन विकेट लिए। फाइनल मुकाबले के बाद मंच पर 13 विकेट लेने वाले अर्श को बेस्ट बॉलर, 241 रन बनाने वाले अमोंग जिंदल को बेस्ट बल्लेबाज, 283 रन बनाने वाले यश को मैन ऑफ द सीरीज और मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ग्लोब आर्किटेक्ट के निदेशक अब्दुल कद्दूस ने विजेता टीम को 21000 और उपविजेता टीम को 11000 का नगद पुरस्कार दिया गया,। सागर ग्रोसरी के निर्देशक सागर सेठी और राजी इंपैक्स के निर्देशक साजिद खान ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाये।

इस अवसर पर बुलंदशहर जिला क्रिकेट संघ के सचिव अंशुल मित्तल, हापुड़ जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ विपिन गुप्ता, उपाध्यक्ष नवीन सचदेवा और डॉ आयुष सिंघल, बुलंदशहर जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अमरीश गुप्ता और राजेश शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक डॉ आयुष सिंहल व सचिव डॉ रोहन सिंहल ने सभी विजेताओं को बधाई व अग्रिम मैचो के लिये शुभ कामनाएँ दी।

बोर्ड परीक्षा: निरीक्षण दल से बदसलूकी पड़ेगी भारी, होगी जेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कांठ (सुदेश बिश्नोई)। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के दौरान निरीक्षण दल से बदसलूकी भारी पड़ेगी। ऐसा करने पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 की धारा-13 (4) के तहत कारावास और जुमार्ना होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव ने प्रश्नपत्रों की गोपनीयता, शुचिता बनाए रखने और नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए केंद्रों के निरीक्षण के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। किसी निरीक्षण दल के किसी सदस्य, पर्यवेक्षी कर्मचारी, अधिकारी या सहयोजित किसी व्यक्ति को धमकी, उत्प्रेरणा, प्रलोभन, बाधा या बल प्रयोग से प्रभावित करने या प्रभावित करने करने का प्रयास करने पर जुमार्ना व कारावास की सजा होगी। परीक्षा से संबंधित किसी कार्य या किसी कर्तव्य के पालन का कार्य सौंपे जाने पर किसी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर उपेक्षा की जाती है और इससे प्रश्नपत्र का प्रकटन हो सकता है या परीक्षा का संचालन प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो सकता है, ऐसी स्थिति में कारावास व जुमार्ना होगा।

मेकर्स ने पुष्पा 3 के लिए बना लिया तगड़ा प्लान, आइटम नंबर में जान्हवी कपूर चलाएगी हुस्न का जादू

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की पुष्पा 2 ने पूरे हिंदी सिनेमा का दिल जीत लिया है। फिल्म की ताबड़तोड़ कमाई ने बाकी सभी फिल्मों को पछाड़ दिया है। अल्लू अर्जुन को उनके करियर की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई है, जिसने उन्हें नंबर 1 एक्टर बना दिया है। पुष्पा 2 ने 1800 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर फिल्म मेकर्स को मालामाल कर दिया है। थिएटर में 50 दिन पूरे करने के बाद भी फिल्म की कमाई थमी नहीं है। अभी भी उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म आमिर खान की दंगल के 2000 करोड़ के रिकॉर्ड को तोड़ सकती है। पुष्पा फ्रेंचाइजी की बात करें तो मेकर्स ने फिल्म के हर पार्ट में एक आइटम सॉन्ग रखा है, जो लोगों की जुबान से उतर ही नहीं रहा है। स्टार संगीतकार देवी श्री प्रसाद ने पुष्पा द राइज और पुष्पा द रूल में दो खास गानों ऊ अंतवा मावा और किसिक से जिस तरह का जबरदस्त धमाल मचाया था। दोनों फिल्मों के इन गानों को यूट्यूब पर भी लाखों बार देखा जा चुका है।

पुष्पा 2 की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब सबकी निगाहें पुष्पा फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट पर टिकी हैं। डायरेक्टर सुकुमार ने पुष्पा 2 को एक दिलचस्प मोड़ पर खत्म किया है, आगे क्या होगा ये जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। हाल ही में देवी श्री प्रसाद ने अपने नए बयान में पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग को लेकर बात की। देवी श्री प्रसाद की मानें तो वो अल्लू अर्जुन की पुष्पा 3 के स्पेशल सॉन्ग में बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर को देखना चाहते हैं। उनका कहना है कि जान्हवी अपनी मां श्रीदेवी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं।

देवी श्री प्रसाद ने आगे कहा कि उन्होंने पुष्पा 2 के चार्टबस्टर किसिक गाने के लिए श्रीलीला का नाम सुझाया था, क्योंकि वो एक बेहतरीन डांसर हैं। उन्होंने ये भी कहा कि उनके द्वारा बनाए गए स्पेशल सॉन्ग में सामंथा, काजल अग्रवाल और पूजा हेगड़े ने भी अपना जादू दिखाया था।

बॉलीवुड के पहले और सबसे युवा 200 करोड़ क्लब सेंसेशन,टाइगर श्रॉफ की नवीनतम पोस्ट है एकदम खास

बॉलीवुड के पहले और सबसे युवा 200 करोड़ क्लब सेंसेशन, टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम पर अपनी नवीनतम थ्रोबैक पोस्ट से इंटरनेट पर तहलका मचा रहे हैं। अपनी सुगठित बॉडी और आग लगा देने वाली इंटेंसिटी का प्रदर्शन करते हुए, इस एक्शन सुपरस्टार ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है और कमेंट सेक्शन में हलचल मचा दी है।

2025 की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक, उनकी आगामी फिल्म बागी 4 के लिए उत्साह बढ़ने के साथ, टाइगर का बेजोड़ करिश्मा और समर्पण, एक ग्लोबल एक्शन आइकन के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत कर रहा है। सुपरस्टार स्क्रीन और सोशल मीडिया दोनों पर आग लगा रहे है, और वह एक बार फिर यह साबित कर रहे है कि उन्हें लोग एक पावरहाउस क्यों मानते है।

नोरा फतेही ने शॉर्ट ड्रेस में पैपराजी के सामने फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगर, फोटोज देख लट्टू हुए फैंस

अपने डांसिंग स्टाइल से लोगों को दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस अपनी हॉटनेस के चलते आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में पैपराजी ने एक्ट्रेस को कही पर जाते हुए स्पॉट किया। इस दौरान उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। नोरा फतेही आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर कर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बनाए रहती हैं। उनका स्टनिंग अंदाज इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है।

एक्ट्रेस नोरा फतेही का हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता

है। चाहे इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर एक लुक में बवाल काटती हैं। अब हाल ही में नोरा फतेही को पैपराजी ने कहीं पर जाते हुए स्पॉट किया। इस दौरान उनका लेटेस्ट लुक इंटरनेट पर आते ही छा गया।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नोरा फतेही ने व्हाइट कलर का शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं।नोरा फतेही की इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने हाथ में छोटा सा बैग व्हाइट हील्स, लाइट मेकअप और खुले बाल कर के अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि जब भी कोई इवेंट या पार्टी होती है तो पैपराजी अक्सर सेलेब्स को अपने कैमरे में कैद करने के लिए बेताब रहते हैं। उनका हर एक लुक अपने कैमरे में कैप्चर कर सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं, जिससे फैंस को भी एक झलक देखने को मिल पाती है।

स्काई फोर्स ने 15 करोड़ रु से भी ज्यादा से खोला खाता, बॉक्स ऑफिस पर छाई अक्षय-वीर की जोड़ी

अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया स्टारर सच्ची घटना पर आधारित वॉर एक्शन फिल्म स्काई फोर्स ने बॉक्स ऑफिस पर अपने ओपनिंग डे से कमाल कर दिया है. स्काई फोर्स बीती 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हुई थी और पहले ही दिन उम्मीद से ज्यादा कमाई कर डाली है. स्काई फोर्स को लेकर कहा जा रहा था कि फिल्म 5 से 7 करोड़ रुपये की कमाई करेगी, लेकिन फिल्म ने पहले दिन बता दिया कि वह रुकने वाली नहीं हैं. बता दें, फिल्म स्काई फोर्स 1965 में भारत-पाक के बीच हुए युद्ध के दौरान सरगोधा एयरबेस पर भारत की जवाबी कार्रवाई पर बेस्ड है. स्काई फोर्स को अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केल्वानी ने मिलकर बनाया है.

फिल्म मेकर्स मडोक के अनुसार, स्काई फोर्स ने पहले दिन सभी भाषाओं में भारत में नेट कलेक्शनन 15.30 करोड़ रुपये कमाए हैं.

बता दें, ओपनिंग डे पर हिंदी पट्टी में फिल्म का 24 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज किया गया है. वहीं, मॉर्निंग शो में 10.26 फीसदी, दोपहर में 14.12 फीसदी, इवनिंग शो में 22.76 फीसदी और नाइट शो में सबसे ज्यादा 36.58 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज किया गया है।

स्काई फोर्स अक्षय कुमार की तीसरी सबसे बिगेस्ट ओपनिंग कलेक्शन फिल्म बन गई है. अक्षय कुमार की बिगेस्ट ओपनिंग फिल्म सूर्यवंशी हैं, जिसने पहले दिन 26.29 करोड़ रुपये की कमाई की थी. वहीं, बीते साल अक्षय कुमार ने एक नहीं बल्कि तीन फ्लॉप फिल्में दी थीं, जिसमें खेल खेल में- 5.23 करोड़ रुपये, मिशन रानीगंज- 2.8 करोड़ रुपये, सरफिरा- 2.5 करोड़ रुपये शामिल हैं।

पीरियड्स के दौरान पैड के अलावा इन प्रोडक्ट्स का करें इस्तेमाल, कपड़ों पर नहीं लगेंगे दाग और पैसे भी बचेंगे

महिलाओं को हर महीने पीरियड्स आता है. यह एक सामान्य प्रक्रिया है. यह गर्भाशय और अंडाशय वाले लोगों के लिए स्वस्थ मासिक चक्र का हिस्सा है. पीरियड्स तब शुरू होते हैं जब लड़कियां प्यूबर्टी में होती हैं. लेकिन पीरियड्स के पहले 3 दिनों में महिलाओं को काफी परेशानी और दर्द का अनुभव होता है. पीरियड्स के बारे में सोचकर घबराना आम बात है. क्योंकि मासिक धर्म में न केवल तेज दर्द होता है बल्कि कभी-कभी

कपड़ों पर दाग भी पड़ जाते हैं, ऐसे में परेशानी और भी ज्यादा बढ़ जाती है।

एक समय था जब ज्यादातर भारतीय महिलाएं मासिक धर्म के दौरान सिर्फ कपड़े का ही उपयोग करती थीं, जो सेहत के लिए बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं माना जाता हैं. वहीं, आजकल महिलाएं पीरियड पैड का इस्तेमाल करती हैं. वैसे तो ज्यादातर भारतीय महिलाएं पीरियड पैड का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन बाजार में मासिक धर्म से जुड़े कई विकल्प उपलब्ध हैं. बता दें, पैड से ब्लड लीक का खतरा बहुत ज्यादा रहता है. मासिक धर्म के शुरूआती दिनों में ब्लड फ्लो बढ़ने के कारण पैड को बार-बार बदलना भी पड़ता है. इससे कपड़ों पर दाग लगने का खतरा बढ़ जाता है. तो इस समस्या से बचने के लिए आज हम आपको कुछ अन्य पैड विकल्पों के बारे में बताने जा रहे हैं. जिनका इस्तेमाल कर आप पीरियड्स के दौरान आरामदायक और सेफ महसूस कर सकती हैं।

मेन्स्ट्रुअल कप

मेंस्ट्रुअल कप रबर या सिलिकॉन से बना हुआ एक छोटा, लचीला कीप के आकार का कप होता है, जिसे महिलाएं अपनी योनि में डालती है. ताकि इसमें पीरियड्स या महावारी का सारा रकस्त्राव जमा हो जाए. टैम्पोन या पैड जैसे दूसरे अन्य तरीकों की तुलना में मेंस्ट्रुअल कप अधिक ब्लड को जमा करने की क्षमता रखता है।

पीरियड पैंटी

पीरियड पैंटी आम महिलाओं के अंडरवियर की तरह ही होती हैं, सिर्फ ये पैंटी ही तरल पदार्थ को आसानी से सोख लेती हैं दाग या रिसाव की कोई समस्या नहीं है ब्लड फ्लो और आराम के हिसाब से पीरियड पैंटी का चुनाव किया जा सकता है मार्केट में पीरियड पैंटी अलग-अलग साइज में उपलब्ध हैं पीरियड पैंटी पैड और मेंस्ट्रुअल कप से भी ज्यादा महंगी साबित हो सकती है।

सेनेटरी नैपकिन

सेनेटरी नैपकिन या स्वच्छता पैड एक चपटी गद्दी होती है जिसे लड़कियों और महिला द्वारा मासिक धर्म के दौरान होने वाले रक्तस्त्राव के अवशोषण (सोखने) के लिए पहना जाता है।

टैम्पोन

मासिक धर्म के दौरान पैड की जगह टैम्पोन का इस्तेमाल किया जा सकता है टैम्पोन कपास से बने होते हैं, इसलिए इनका उपयोग सुरक्षित माना जाता है अतिप्रवाह के दौरान टैम्पोन का उपयोग न करें, क्योंकि वे सभी खून को अवशोषित नहीं कर सकते हैं

लीकेज से कैसे बचें

पीरियड लीकेज से बचने के लिए मेंस्ट्रुअल कप और पीरियड पैंटी का इस्तेमाल किया जा सकता है. यदि आप पैड का उपयोग कर रहे हैं, तो हाई ब्लड फ्लो के दौरान उन्हें हर 3 से 4 घंटे में बदलें, ऐसा इसलिए क्योंकि एक ही पैड को अधिक समय तक इस्तेमाल करने से बाद में समस्या हो सकती है।

बालों को लंबा, घना और मजबूत बनाने के लिए जरूर इस्तेमाल करें यह चार तेल, मिलेंगे और भी फायदे

सर्दियों में अपने त्वचा और बालों को हेल्दी बनाए रखना मुश्किल होता है. ठंड के मौसम में बाल रूखे और फटने लगते हैं, जिससे बालों के रोम कमजोर हो जाते हैं. सर्दियों में बालों के झड़ने और डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है. ऐसे में सर्दियों में बालों को झड़ने से बचाने के लिए गर्म तेल से मालिश करना चाहिए. इससे बालों को पोषण मिलता है और वे रूखे और बेजान होने से बचते हैं. बता दें, गर्म तेल से सिर की मालिश करने से ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है और बाल लंबे होते हैं. इसके अलावा सिर की तेल से मालिश करने से तनाव कम होता है और नींद अच्छी आती है...

खबर के माध्यम से जानें कैसे इन चार प्राकार के तेल की मालिश से आपके बालों को पहुंचेगा फायदा, बालों के लिए कुछ अच्छे तेल ये रहे...

नारियल का तेल

नारियल का तेल बालों के लिए अच्छा होता है. आप इस तेल से बालों के रोम की मालिश कर सकते हैं. इसके एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण संक्रमण को रोकने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं. इसलिए नारियल के तेल को हल्का गर्म करके बालों में लगाने से अच्छे परिणाम मिलते हैं. इस तेल को अपने बालों में लगाएं और थोड़ी देर बाद धो लें।

जैतून का तेल

बालों को मुलायम और चमकदार बनाने के लिए जैतून का तेल अच्छा होता है. यह तेल सिर की त्वचा की नमी बनाए रखता है और रूखेपन से राहत दिलाता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं और यह बालों को पोषण देता है. इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है. लगभग आधे घंटे तक अपने बालों में तेल लगाएं और फिर धो लें।

बादाम का तेल

बादाम के तेल में विटामिन ई, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व होते हैं. ये तत्व बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं. यह डैंड्रफ की समस्या से भी छुटकारा दिलाता है. कम समय में बाल लंबे करने के लिए उबलते बादाम के तेल से मालिश करें. तो आप अपने बालों को मजबूत और खूबसूरत बनाए रखने के लिए बादाम का तेल लगा सकते हैं. लगभग 20 मिनट के लिए अपने स्कैल्प पर तेल लगाएं और अपने बाल धो लें।

अरंडी का तेल

अरंडी का तेल रिसिनोलिक एसिड से भरपूर होता है और बालों को लंबा, मजबूत बनाने में मदद करता है. यह तेल स्कैल्प को हाइड्रेट करता है और बालों को झड़ने से रोकता है. ऐसे में बालों की जड़ों को मजबूत करने के लिए अरंडी के तेल को उबालकर उससे मालिश करें. इस तेल को अपने स्कैल्प पर लगभग 20 मिनट तक लगाएं और फिर धो लें. इससे आपके बाल मजबूत, लंबे और अधिक सुंदर बनेंगे. इस तेल का इस्तेमाल आप हफ्ते में 3-4 दिन कर सकते हैं।

फिल्म लैला से विश्वक सेन का एकदम नया स्टाइलिश पोस्टर आउट

विश्वक सेन की आने वाली फिल्म लैला का स्टाइलिश फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों तरह की भूमिकाएं निभाने में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दशार्या गया है। राम नारायण द्वारा निर्देशित और शाइन स्क्रीन के तहत साहू गरपति द्वारा निर्मित, लैला एक रोमांटिक एक्शन एंटरटेनर है।

पोस्टर में विश्वक सेन को सोनू मॉडल के रूप में दिखाया गया है, जो आत्मविश्वास और रवैये के साथ-साथ सोने की एक्सेसरीज और बोल्ड टैटू के साथ दिखाई दे रहे हैं। उनके हाव-भाव उनके किरदार की जटिल प्रकृति का संकेत देते हैं। यह बदलाव विश्वक सेन की विविधता को दशार्ता है, साथ ही आकांक्षा शर्मा की मुख्य महिला के रूप में पहली

फिल्म भी है। लैला में वासुदेव मूर्ति (पटकथा), रिचर्ड प्रसाद (छायाचित्रण), लियोन जेम्स (संगीत) और ब्रह्मा कदली (कला निर्देशन) सहित प्रतिभाशाली तकनीकी दल शामिल हैं। वैलेंटाइन डे, 14 फरवरी को दुनिया भर में रिलीज होने वाली लैला एक अविस्मरणीय सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।

विश्वक सेन के उल्लेखनीय परिवर्तन के कारण, दर्शक बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। अपने रवैये, साजिश और रोमांस के मिश्रण के साथ, लैला दुनिया भर के दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। लैला में विश्वक सेन के गतिशील प्रदर्शन को देखने के लिए 14 फरवरी को अपने कैलेंडर पर निशान लगाएँ।

पारिवारिक मिलन समारोह में जुटे सैकड़ो स्वर्णकार परिवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। स्वर्णकार समाज मोदीनगर द्वारा नन्द नगरी कॉलोनी में आयोजित पारिवारिक मिलन समारोह के दौरान समाज को एकजुट रहने की अपील करने के अलावा आगामी 23 फरवरी को आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को सफल बनाने के लिए चर्चा की गई।

स्वर्णकार समाज के संगठन मंत्री डॉ ऋषिपाल वर्मा के नंद नगरी कॉलोनी स्थित जिम परिसर में आयोजित पारिवारिक मिलन समारोह में मुख्य अतिथि धर्मवीर वर्मा, ब्रजमोहन वर्मा, एड अरूण वर्मा, परमात्मा शरण वर्मा, पुनीत सोनी आदि ने समाज को एकजुट करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। साथ ही आगामी 23 फरवरी को आयोजित होने वाले स्वर्णकार समाज

मोदीनगर के शपथ ग्रहण समारोह को सफल बनाने के लिए प्रत्येक स्वर्णकार बंधु को अपने साथ स्वर्णकार समाज के पांच स्वर्णकार बंधु लाने की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान संस्था के नगर अध्यक्ष मोहित सोनी ने स्वर्णकार समाज को ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए समाज की भावी पीढ़ी को उच्च शिक्षित करने की अपील की। इस अवसर पर संयोजक विष्णु वर्मा, सुधीरवर्मा, मीडिया प्रभारी मोंटी वर्मा, देवेंद्र वर्मा, अजय स्वर्णकार, सालिक चंद वर्मा, संगठन सचिव विकास सोनी, देवेन्द्र सोनी, राहुल वर्मा आदि सैकड़ों की संख्या में स्वर्णकार समाज के लोग मौजूद थे।

अधिवक्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के बाहर दिया सांकेतिक धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। उप जिलाधिकारी पर मनमाना व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए गत करीब एक माह से एसडीएम कोर्ट का बहिष्कार कर रहे? मामले का अभी तक भी तहसील प्रशासन द्वारा संज्ञान न लिए जाने पर बार एसोसिएशन मोदीनगर से जुड़े अधिवक्ताओं ने मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। इस संबंध में बार एसोसिएशन मोदीनगर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक एसडीम पूजा गुप्ता के व्यवहार व आचरण व न्यायिक प्रकियो के विपरित कार्यकरने तथा पत्रावलियो में प्रस्तुत प्रार्थना पत्रो को पत्राविलयो पर न लिये जाने जैसे विधिविपरीत कार्य किये जा रहे थे। जिसके विरोध स्वरूप बार एसोसिएशन मोदीनगर द्वारा गत वर्ष दिसंबर माह की 24 तारीख से एसडीम

पूजा गुप्ता का बहिष्कार किया जा रहा है। परन्तु आज दिनांक तक भी तहसील प्रशासन द्वारा बार से कोई वार्ता नही की गयी है। जिस कारण से अधिवक्तागणो में रोष व्याप्त है और बार एवंम बैंच का समन्वय बिगड रहा है। और बार एसोसिएशन ने बहिष्कार को सुचारू रखने तथा बहिष्कार को और मजबूत करने के लिए मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के बाहर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। विज्ञप्ति में चेतावनी भी दी गई है कि यदि तहसील प्रशासन ने इस धरने का भी संज्ञान न लिया तो बार एसोसिएशन मोदीनगर अंतिम निर्णय लेने पर बाध्य होगा। धरने पर बैठने वाले अधिवक्ताओं में विक्रांत चौधरी, कुलदीप, सचिन शर्मा, राजकुमार गुप्ता, निशांत यागी, उत्तम त्यागी, पवन, कपिल त्यागी, जगपाल सैनी, राकेश, धीरज कौशिक, हरेंद्र, इंद्रपाल, सुनील तेवतिया, अशोक चौधरी, विनोद तेवतिया, सौरभ मुद्गल, अतुल कुमार, रामकुमार चौधरी, मनोज, श्यामवीर सिंह, राजकुमार त्यागी, अरविंद, प्रवीण कुमार, आकाश कुमार, रामकुमार आदि अधिवक्तागण शामिल थे।

ज्ञापन सौंप कर की साईं संतपुरा एनक्लेव में सड़क व नाली निर्माण की मांग,क्षेत्रवासियों को बंदरों और कुत्तों से निजात दिलाएं : रविंद्र कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। ए न्यू होप फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर साईं संतपुरा एनक्लेव कॉलोनी में सड़क व नाली निर्माण कराए जाने के अलावा क्षेत्रवासियों को बंदरों के आतंक से निजात दिलाए जाने की मांग की है। एचडीएम पूजा गुप्ता को ज्ञापन सौंपते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि इस बार हुए पालिका चुनाव से पूर्व परिसीमन के तहत पालिका क्षेत्र में वृद्धि हुई थी। तभी साईं संतपुरा एनक्लेव कॉलोनी को पालिका परिषद में शामिल किया गया था। रविंद्र कुमार ने कहा कि पालिका क्षेत्र में

शामिल होने के बाद अभी तक भी इस कॉलोनी में पालिका द्वारा कोई विकास कार्य नहीं कराया गया है। कई बार पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली से मौखिक तौर पर और गत 12 दिसंबर को एक पत्र के माध्यम से कॉलोनी में विकास कार्य कराए जाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन पालिका इस कॉलोनी की ओर से आंखें मूंदे बैठी है। इसके अलावा रविंद्र कुमार ने एसडीएम को बताया कि पूरा मोदीनगर क्षेत्र बंदरों के आतंक से त्रस्त है। कई लोगों पर ये आवारा बंदर जानलेवा हमला कर चुके हैं। ज्ञापन के माध्यम से रविंद्र कुमार ने साईं संतपुरा एनक्लेव कॉलोनी में सड़क में नाली निर्माण कराए जाने के अलावा आवारा बंदरों और कुत्तों से निजात दिलाए जाने की मांग की है। रविंद्र कुमार के साथ ज्ञापन सौंपने वालों में जितेंद्र त्यागी रेखा चौधरी आदि शामिल थे।

शिवियंस में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान कराई जाएगी कोचिंग : अविनाश जयसवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। केमिस्ट्री कोचिंग के प्रसिद्ध शिक्षक अविनाश जयसवाल द्वारा मोदी इंटर कॉलेज के सामने आदर्श नगर में खोले गये कोचिंग सेंटर शिवी एजुकेशन पॉइंट (शिवियंस) का हवन पूजन के साथ उद्घाटन किया गया। इस दौरान आयोजित समारोह में पहुंचे क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने अविनाश जयसवाल को शुभकामनाएं दीं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए शिवी एजुकेशन पॉइंट (शिवियंस) के निदेशक अविनाश जयसवाल ने बताया कि इस कोचिंग सेंटर में 11वीं , 12वीं के विद्यार्थियों को फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, मैथ्स, इकोनॉमिक्स, अबैकस, वेदिक मैथ

आदि की कोचिंग प्रदान कराने के अलावा नीट, आईआईटी, एनडीए व सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी। संस्था के प्रबंधक सागर जयसवाल ने बताया कि सभी विषयों की कोचिंग विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान कराई जाएगी।

बधाई देने वालों में भाजपा शहर अध्यक्ष आकाश शर्मा, भाजपा नेता दिनेश सिंघल, नवीन जायसवाल, सौरभ शर्मा हल्दीराम, रोहित अग्रवाल, दौलत राम जांगिड़, पिंकी चौधरी, सत्येंद्र त्यागी, दिनेश चंद्र शर्मा, जितेंद्र चित्तौड़ा, नितिन जिंदल, डॉ अनिला आर्या, देवराज मित्तल, टेम्पाल चौधरी, महेश तायल, प्रमोद सिंघल, संजय सिंघल, अश्विनी गुप्ता, विजय वाल्मीकि, अमित तिसावड़, पंकज कंसल, विक्रम सोनी, संदीप मित्तल, पियूष गुप्ता, देवेंद्र तायल, अनिल सैन,, हर्षित वर्मा, जीत सिंह, नितिन मित्तल, विमल शर्मा, हिमांशु थापर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के कार्य सराहनीय हैं : आचार्य आरोग्य देव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

मोदीनगर (अनवर खान)। सीकरी कलां स्थित पतंजलि वैलनेस सेंटर में पहुंचे पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक व अन्य पदाधिकारियों ने सैंटर के मुख्य संचालक आचार्य आरोग्य देव एवं योग प्रशिक्षकों के अलावा तिरंगा यात्रा में हिस्सा लेने वाले सैंटर के अनेक प्रशिक्षणार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। आचार्य आरोग्य देव ने अपने संबोधन में पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के कार्यों एवं गणतंत्र दिवस पर निकाली गई तिरंगा यात्रा के लिए संगठन की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर इस प्रकार की यात्राएं निकालने से हमारी

पीढ़ी के भीतर देश प्रेम का संचार होता है। और उनके अंदर देशभक्ति की भावना जागृत होती है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने कहा कि हमारे क्रांतिकारियों ने देश को आजाद कराने के लिए अपना खून बहाया है और कुर्बानियां दी हैं। उन्हीं क्रांतिकारियों की शहादत को नमन करने और उनकी कुर्बानियों को याद करने के लिए वे भविष्य में भी राष्ट्रीय पर्वों पर इस प्रकार की तिरंगा यात्राएं निकालते रहेंगे। और समाज सेवा के कार्य भी निरंतर अंजाम देते रहेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ त्यागी, मनोज शर्मा, अनिल शर्मा और सलमान खान आदि मौजूद थे।

प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से मनमाने दाम वसूल रही हैं विमान कंपनियां : राघव चड्ढा

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा ने प्रयागराज महाकुंभ के लिए फ्लाइट किराए कम करने की सरकार से अपील करते हुए ये सवाल उठाया है कि जिन फ्लाइट में आम दिनों में टिकट 5 से 6 हजार का होता था, वह 50 से 60 हजार का मिल रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि इस किराए पर कैपिंग लगाई जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु महाकुंभ में पहुंचकर अपनी भागीदारी दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मियों के लिए महाकुंभ आस्था और अध्यात्म का सबसे बड़ा पर्व है। आज जब 144 वर्षों के बाद प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है, तब देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लाखों करोड़ों लोग स्नान, साधना और तपस्या करने के लिए प्रयागराज जाना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा,मगर हैरानी की बात यह है कि आस्था और पवित्रता के महापर्व को एयरलाइंस ने, यानी की फ्लाइट कंपनियों ने, अपनी मनमानी कमाई के अवसर में तब्दील कर दिया है। सामान्य दिनों में प्रयागराज की फ्लाइट का खर्च 5 से 8 हजार हुआ करता था। आज वही फ्लाइट आपको 50 से 60 हजार रुपए तक की खरीदनी पड़ रही है। यानी की फ्लाइट कंपनियां श्रद्धालुओं से मनमाने रेट वसूल रही हैं। ऐसे में लाखों श्रद्धालु जो महाकुंभ जाना चाहते थे, आज उन्हें निराश होना पड़ रहा है। यह कंपनियां फायदे के चक्कर में ठीक नहीं कर रही हैं।

राघव चड्ढा ने कहा कि मेरी सभी श्रद्धालुओं की ओर से सरकार से यह मांग है और मैं निवेदन करता हूं कि सरकार इन एयरलाइंस की मनमानी पर रोक लगाए, कार्रवाई करें और कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए किफायती फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध करवाए। फ्लाइट की प्राइसिंग में कैंपिंग इंट्रोड्यूस करें। श्रद्धालुओं की सेवा से बड़ा धर्म कुछ नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा कि पहले जब सदन में हमने एयरपोर्ट पर मिल रहे महंगे खाने का मुद्दा उठाया था, तब सरकार के कानों तक हमारी बात पहुंची और यात्रियों के लिए किफायती कैंटीन सस्ते दाम पर मिलने वाली उड़ान कैंटीन की व्यवस्था शुरू की गई। इसलिए आज भी मैं उम्मीद करता हूं कि हमारी यह विनती सरकार तक पहुंचेगी और महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को सस्ती फ्लाइट्स की सुविधा एयरलाइंस द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना में 32 वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता हुई संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हिसार (राजेश सलूजा) । ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना मंडी में 25 व 26 जनवरी 2025 को दो दिवसीय 32वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता बड़ी धूमधाम से संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बड़ी उत्कृष्टता से खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के कोच कार्तिक सर, पीटीआई कैलाश सर ने बड़ी ही कुशलता से एवं व्यवस्थित तरीके से इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।विद्यालय के प्रेरणात्मक प्रवक्ता मि.चार्ल्स सर, मैडम मोनिका नैन व मैडम हेमलता ने भी इस प्रतियोगिता को सही ढंग से आयोजित करवाने में अपना पूरा सहयोग दिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर सतीश भारती जी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया एवं बताया कि खेल हमारे जीवन की आधारशिला होते हैं। विद्यालय के प्रिन्सिपल डॉक्टर जीवन कुमार रत्ता ने भी विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए उन्हें खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.जीवनकुमार रत्ता ने खेल प्रतियोगिता शुरू करने के

लिए हरी झंडी दिखाई। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यालय के चारों सदनों में कई प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। 25 जनवरी को इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट का आरम्भ योगा के साथ व प्रतिभागियों को विधिवत रूप से शपथ दिलवाकर किया गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्लेयर्स ने मैदान में प्रतिद्वन्द्वी को परास्त करने की जद्दोजहद करते हुए डिफरेंट कैटेगरी के मुकाबलों में टीम स्पिरिट के साथ ही अपने अन्दर छिपी खेल प्रतिभा को खुलकर अभिव्यक्त किया। बड़ी संख्या में बच्चों का विभिन्न खेलों में भाग लेना उनकी खेलों के प्रति रूचि को जाहिर कर रहा था। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर रेस,200 मीटर रेस,400मीटर रेस, 800 मीटर रेस व 1600 मीटर रेस के साथ रिले रेस,शॉट पुट, कई प्रकार की फन रेस आदि अन्य अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।स्पोर्ट्स मीट के दौरान खेल के मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त ऊर्जा का संचार देखने को मिला। यहाँ खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही सुबह से स्टूडेन्ट्स की हलचल खेल के मैदान पर दिखने लगी और जैसे-जैसे समय बढ़ता गया, उनका उत्साह और जोश भी दोगुना होता गया। दूसरे दिन 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर जीवन कुमार रत्ता ने ध्वजारोहण किया व विद्यालय के एनसीसी विद्यार्थियों ने कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसके पश्चात शेष प्रतियोगिताएँ संपन्न की गईं। इसके बाद विजेता प्रतिभागियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर सतीश भारती ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी व उन्हें खेलों का महत्व बताते हुए कहा कि खेलने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है।इसलिये उन्होने बच्चों को खेल के क्षेत्र में हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने व मेहनत करके अच्छे अंक प्राप्त करने के लिये भी प्रेरित किया। डॉक्टर सतीश भारती ने प्रतियोगिता के व्यवस्थित तरीके से संपन्न होने पर सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को बधाई दी। फिर विद्यालय द्वारा प्रत्येक बच्चे को रिफ्रेशमेंट देकर कार्यक्रम का समापन किया गया ।

सांस्कृतिक युवोत्सव एवं कवि सम्मेलन में साहित्य और संस्कृति का संगम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। गोमती नगर स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में महाकुंभ 2025 के तहत सांस्कृतिक युवोत्सव एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल संस्कृति और कुंभ की परंपरा से जोड़ना था। कार्यक्रम का संयोजन प्रख्यात पत्रकार अमिताभ नीलम ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करते हैं बल्कि युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने का भी संदेश देते हैं।

साहित्य और संस्कृति का प्रतीक रहा, बल्कि इसमें राजनीति, कला और रंगमंच से जुड़े कई विशिष्ट हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पदम भूषण सम्मान से सम्मानित हृदय नारायण दीक्षित रहे। उन्होंने महाकुंभ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महिमा पर अपने विचार रखे। उनके साथ विधानसभा सदस्य ओ.पी. श्रीवास्तव और डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने भी महाकुंभ की महिमा बताई!

कार्यक्रम में विशेष अतिथि रिंकल शर्मा ने नाटक के सचित्र वर्णन के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। उनकी रचनाओं और दृष्टिकोण ने कार्यक्रम को और अधिक समृद्ध बना दिया।कार्यक्रम की भव्यता और उद्देश्य

आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को साहित्य,

साहित्य और कला का अद्भुत संगम

कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से महाकुंभ की महिमा और उसकी सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। हास्य कवि पंकज प्रसून ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को गुदगुदाया, वहीं शिखा श्रीवास्तव ने महाकुंभ के महत्व पर अपनी विशेष कविताएं प्रस्तुत कीं। राजेश श्रीवास्तव की बेटी पर आधारित भावपूर्ण कविताएं श्रोताओं के दिलों को छू गईं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष चंदर ने की साथ है कात्यानी सिंह,सौरभ त्रिपाठी, आदि कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी! कार्यक्रम में रचना अमिताभ, राजीव शर्मा, अनिल सिंह, आरपी राय, अशोक चकलादर, राघवेंद्र प्रताप सिंह, जेपी शुक्ल, मुकुल मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे! संचालन विक्रम राव एवं अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से किया!

भक्ति का रसापान — ओडीओपी प्रदर्शनी आठवीं सांस्कृतिक संध्या

वंदना शुक्ला के भजनों ने श्रोताओं को भगवान श्रीराम की भक्ति का रसापान कराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अवध शिल्प ग्राम सेक्टर-9, अमर शहीद पथ, अवध विहार, लखनऊ में चल रहे ओडीओपी प्रदर्शनी की आठवीं सांस्कृतिक संध्या में वंदना शुक्ला के भजनों ने श्रोताओं को भगवान श्री राम की भक्ति का रसापान कराया। भक्ति संगीत से सजे कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना शुक्ला ने वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभः, निर्विघ्नम

कुरू मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा से कर भगवान गणेश जी के चरणों में अपनी अगाध श्रद्धा अर्पित की।

गणेश जी के चरणों में समर्पित इस प्रस्तुति के उपरांत वंदना शुक्ला ने देवीगीत - मोहिनी भवानी, भजन ' डोल रही लहकन मा नाव ', भजन - मेरी कोठरी के भाग्य आज जाग जाएंगे और बसहा चढ़ल शिवजी भजन को सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर किया। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरांत श्रीराम भजन आजु मिथिला नगरिया, अवधी लोकगीत राम जनम बधाई बधैया बाजै आँगने मा, पूर्वी निर्गुण भजन रामजी के दीहल केऊ जैसे अन्य भजनों को सुनाकर श्रोताओं को भगवान श्री राम की भक्ति के सागर में आकंठ डुबोया। अरविन्द सक्सेना के संचालन में वंदना शुक्ला के कार्यक्रम के मेरुदंड रहे हारमोनियम व सह-गायन पर हरेश कुमार, ढोलक पर अरुण त्रिपाठी और ऑक्टोपैड पर शैलेन्द्र सिंह।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी (उप सम्पादक), अब्दुल सलाम सैफी (संपादक) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267